आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — व्यवस्था में कोई कमी लगे..
4 अभिव्यक्ति — विद्यार्थियों के आकलन में छत्तीसगढ़....
9 मनोरंजन/व्यापार — खुद को मीठा खाने से रोकती....
11 खेल — प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार...

www.navpradesh.com
रायपुर, गुरुवार 23 जनवरी 2020, माघ कृष्ण पक्ष-चतुर्दशी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-339 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

गांधीवाद, साम्यवाद और समाजवाद जैसे तमाम वाद सिर्फ किताबी बातें है। वास्तव में देश और दुनिया में पूंजीवाद का ही बोलबाला है। पूंजीपति ही भाग्य विधाता है। आक्सफेम की ताजी रिपोर्ट के मुताबिक अरबपतियों की संख्या एक दशक में दोगुनी हो गई है। भारत में मात्र एक प्रतिशत इन धन्नासेठों के पास देश के कुल बजट से भी ज्यादा संपत्ति है। सही बात है। पैसा ही पैसे को खीचता है। यह व्यवस्था का ही दोष है कि आर्थिक असमानता की खाई चौड़ी होती जा रही है और हमारे देश में गरीबी हटाओं के नारे को अजर-अमर बना रही है।

खास खबर

भिलाई तिहरा हत्याकांड, पति ही निकला आरोपी

भिलाई (नवप्रदेश)। भिलाई में हुए तिहरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझ गई है। तीनों का हत्याारा मृतका मंजू का पति रवि शर्मा ही निकला। बुधवार को दुर्ग पुलिस ने उसे ओडिशा के राउरकेला से भिलाई लाकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। रवि ने इस हत्याकांड में खुद को मृत साबित करने का षड्यंत्र रचा था। इसी चक्कर में उसने एक निर्दोष की जान ले ली। दुर्ग एसएसपी अजय यादव ने बुधवार को नवप्रदेश को यह जानकारी दी। (विस्तृत खबर-पेज-12 पर)।

पांच साल में केजरीवाल की संपत्ति एक करोड़ 30 लाख रुपए

नई दिल्ली (वार्ता)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की संपत्ति में पिछले पांच साल के दौरान एक करोड़ 30 लाख रुपए का इजाफा हुआ है जबकि इस दौरान उनकी नगदी में सात लाख 69 हजार रुपए से अधिक की बढ़ोतरी हुई है।

पत्थलगड़ी का विरोध अगवा किए गए सभी सात लोगों की हत्या

जमशेदपुर (कार्यालय)। झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में पत्थलगड़ी का विरोध करने पर अगवा किए गए सभी सात लोगों के शव बुधवार सुबह बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने सभी के शव बुरुगुलीकेरा गांव के पास स्थित जंगल से बरामद किए हैं। पुलिस ने सभी मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिए हैं। बता दें कि पत्थलगड़ी समर्थक रविवार को बुरुगुलीकेरा गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर रहे थे। वे ग्रामीणों से वोटर कार्ड, आधार कार्ड आदि जमा करने को कह रहे थे। इस दौरान उपमुखिया जेम्स बूढ़ सहित अन्य लोगों शेष पृष्ठ 8 पर

गगनयान: इसरो ने बनाया 'व्योममित्र', अंतरिक्ष से देगा रिपोर्ट

■ व्योममित्र हाफ ह्यूमनॉइड रोबोट है, इसरो ने किया पेश

बेंगलुरु(ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी गगनयान परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए इसरो ने कमर कस ली है। इस मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान के लिए 2022 के शुरुआती महीने का लक्ष्य निर्धारित है। गगनयान की उड़ान से ठीक पहले इसरो 'व्योममित्र' को अंतरिक्ष में भेजेगा और वहां पर मानव शरीर के क्रियाकलापों का अध्ययन करेगा। यह 'हाफ ह्यूमनॉइड' (इंसानी) रोबॉट अंतरिक्ष से इसरो को अपनी रिपोर्ट भेजेगा। इसरो ने बुधवार को व्योमित्र को दुनिया के सामने पेश किया और इसकी खूबियों के बारे में बताया। इसरो के वैज्ञानिक सैम दयाल ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'व्योममित्र अंतरिक्ष में एक मानव शरीर के क्रियाकलापों का अध्ययन करेगा और हमारे पास रिपोर्ट भेजेगा। हम इसे एक परीक्षण के रूप में अंजाम दे रहे हैं।' बताया जा रहा है कि 'व्योममित्र' अपने आप में बेहद खास रोबॉट है। यह बात कर सकता है शेष पृष्ठ 8 पर...

सवालों का जवाब दे सकता है व्योममित्र

बुधवार को व्योममित्र को बेंगलुरु में पेश किया गया। इस दौरान व्योममित्र ने यह कहकर लोगों का अभिवादन किया, 'हाय, मैं हाफ ह्यूमनॉइड (इंसानी) का पहला प्रोटोटाइप हूं।' दयाल ने कहा कि इस रोबॉट को हाफह्यूमनॉइड इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि इसके पैर नहीं हैं। दयाल ने कहा कि यह रोबॉट केवल आगे और साइड में झुक सकता है। यह अंतरिक्ष में कुछ परिक्षण करेगा और इसरो के कमांड सेंटर से संपर्क में रहेगा। उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी के ऐलान के मुताबिक इसरो 2022 की समयसीमा के अंदर भारत के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन पर 'गगनयान' को भेजने की तैयारी में जोर-शोर से जुट गया है। इस अभियान का मकसद भारतीयों (गगनयात्रियों) को अंतरिक्ष यात्रा पर भेजकर उन्हें सुरक्षित वापस लाना है।

अंतरिक्ष यात्रा के चार कैंडिडेट्स का चयन

इसरो चेयरमैन के. सिवन ने कहा है कि अंतरिक्ष यात्रा के कुल 12 में से पहले चार कैंडिडेट्स का चयन हो चुका है और वे रूस में इस महीने के आखिर में ट्रेनिंग शुरू करेंगे। इन कैंडिडेट्स की पहचान गुप्त रखी जा रही है। हां, इतना जरूर पता है कि ये सभी भारतीय वायुसेना के टेस्ट पायलट्स हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम नवंबर महीने से शुरू होगा और 15 महीने तक चलेगा। इस मिशन पर 10 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। मिशन के निर्धारित लक्ष्यों के मुताबिक, भारत अपने कम-से-कम तीन अंतरिक्ष यात्रियों को 5 से 7 दिन के लिए अंतरिक्ष में भेजेगा जहां वे विभिन्न प्रकार के माइक्रो-ग्रैविटी टेस्ट को अंजाम देंगे। रूस स्पेश मिशन में भारत को तीन पहलुओं से मदद कर रहा है। गगनयान के लिए नैशनल अडवाइजरी कमिटी बनाई गई है।

सीएए पर रोक नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से 144 याचिकाओं पर 4 हफ्ते में मांगा जवाब

■ सभी याचिकाओं के जवाब के लिए केंद्र को 4 हफ्ते का दिया वक्त

■ 2 महीने के लिए निलंबित करने की मांग पर नहीं दिया कोई अंतरिम आदेश

नई दिल्ली (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता संशोधन कानून से जुड़ी 144 याचिकाओं पर जवाब देने के लिए सरकार को 4 हफ्ते का वक्त दिया है। आज मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस कानून पर फिलहाल कोई अंतरिम रोक नहीं लगाएगा। कोर्ट ने साथ ही संकेत दिया कि वह याचिकाओं की सुनवाई के लिए संविधान पीठ का गठन कर सकता है।

शीर्ष अदालत ने सभी हाई कोर्टों को सीएए से जुड़े मामले की सुनवाई नहीं करने को कहा है। चीफ जस्टिस बोबडे, जस्टिस अब्दुल नजीर, जस्टिस संजीव खन्ना की 3 जजों की पीठ ने आदेश देते हुए कहा कि असम और त्रिपुरा पर अलग से सुनवाई होगी। बता दें कि सुनवाई के दौरान कानून को चुनौती देने वाले पक्ष की दलील रखते हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि जबतक इस मामले की सुनवाई पूरी नहीं हो जाती तबतक इस को निलंबित कर दिया जाना चाहिए। सिब्बल ने संविधान पीठ के गठन की मांग भी की थी। चीफ जस्टिस ने कहा कि अभी अंतरिम आदेश पर कोई आदेश नहीं देंगे। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने कोर्ट में भीड़ का सवाल उठाते हुए कहा कि कोर्ट का मौहाल शांतिपूर्ण होना चाहिए। सिब्बल ने कहा कि इस पहलू पर तुरंत सुनवाई होनी चाहिए। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि इन याचिकाओं पर जवाब देने के लिए सरकार 6 हफ्तों का वक्त चाहिए। अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने कहा कि हमने 60 याचिकाओं पर जवाब तय किए हैं जबकि कोर्ट में 144 याचिकाएं हैं। उन्होंने कहा कि कोर्ट अब और पिटिशन शेष पृष्ठ 8 पर

...जब सीजेआई सिब्बल से बोले, यह तो रोक वाली बात ही होगी

चीफजस्टिस ने असम के तर्क को अलग रखते हुए कहा कि वहां की स्थिति अलग है। उन्होंने कहा कि हर याचिका सरकार के पास जानी जरूरी है। सिब्बल की निलंबन वाली दलील पर चीफजस्टिस बोबडे ने कहा कि यह एक तरीके से रोक की ही बात होगी। चीफजस्टिस ने कहा कि असम और त्रिपुरा से दाखिल सीएए विरोधी याचिकाओं की अलग से सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीएए पर अब 144 से ज्यादा याचिकाओं पर सुनवाई नहीं होगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि अब इससे ज्यादा याचिका दाखिल नहीं होगी।

संविधान पीठ बनाने के भी दिए संकेत

सीएए से जुड़े मामले की सुनवाई के लिए संविधान पीठ बनाने के भी संकेत दिए। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि वह याचिकाओं की सुनवाई के लिए संविधान पीठ का गठन करेगा।

केंद्र की बात सुने बिना आदेश नहीं

चीफ जस्टिस ने कहा कि वह केंद्र की पूरी बात सुने कोई एकतरफा आदेश नहीं दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी याचिकाओं को केंद्र के पास पहुंचना जरूरी है।

असम, त्रिपुरा की याचिका पर अलग से सुनवाई

कोर्ट ने कहा कि वह असम और त्रिपुरा का सीएए से जुड़े मामले को अलग से सुनवाई करेगा। कोर्ट ने कहा कि इन दो राज्यों का मामला देश के दूसरे राज्यों से अलग है। कोर्ट ने कहा, 'असम त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश से जुड़े मामले को अलग से सुना जा सकता है।' बता दें कि उत्तर प्रदेश बिना कोई नियम बनाए ही सीएए से जुड़ी कार्रवाई शुरू कर चुका है।

कपिल सिब्बल ने दी निलंबन की दलील

सिब्बल ने कहा कि नागरिकता देकर वापस नहीं ली जा सकती है। उन्होंने दलील दी कि इसपर कोई अंतरिम आदेश जारी होना चाहिए। सिब्बल ने कहा कि हम कानून पर रोक की मांग नहीं कर रहे हैं बल्कि इसे दो महीने के लिए निलंबित कर दें।

केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से की अपील

फांसी की सजा पाए दोषियों को 7 दिन में लटकाया जाए

नई दिल्ली(वार्ता)। निर्भया केस के दोषियों को फांसी में हुई देरी के बीच केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से सजा-ए-मौत के लिए 7 दिन की समयसीमा तय करने की मांग की है। सरकार चाहती है कि फांसी की सजा पाए दोषियों को 7 दिन के भीतर फंदे पर लटका दिया जाए।

गृहमंत्रालय की याचिका इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि 2012 के निर्भया गैंगरेप-मर्डर केस में चार दोषियों को फांसी की सजा काफी दिनों से लंबित है। रिव्यू, क्यूरेटिव और दया याचिका में लंबा समय लगा है। गृहमंत्रालय ने सर्वोच्च न्यायालय से अपील की है कि रिव्यू पिटिशन खारिज होने के बाद क्यूरेटिव पिटिशन दाखिल करने के लिए समयसीमा तय हो। सरकार ने कहा है, 'यदि दोषी दया याचिका दायर करना चाहता है तो सक्षम कोर्ट द्वारा डेथ वॉरंट जारी किए जाने के 7 दिन के भीतर करने की बाध्यता हो।'

गृहमंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि सभी अदालतों, राज्य सरकारों, जेल प्रशासन को निर्देशित किया जाए कि दया याचिका खारिज होने के बाद सात दिन के भीतर डेथ वॉरंट जारी किया जाए और इसके बाद सात दिन के भीतर उसे फांसी दे दी जाए, चाहे उसके साथी दोषियों के रिव्यू पिटिशन, क्यूरेटिव पिटिशन और दया याचिका किसी भी चरण में हो।

गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर दिखेगी छत्तीसगढ़ की झांकी...

रायपुर (नवप्रदेश)। गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर निकलने वाली राज्यों की झांकियों का बुधवार को नई दिल्ली की राष्ट्रीय रंगशाला में प्रेस प्रिव्यू आयोजित किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ की परंपरागत शिल्प और आभूषण पर आधारित झांकी को राष्ट्रीय मीडिया के सामने प्रस्तुत किया गया। छत्तीसगढ़ की झांकी के समक्ष राज्य के लोक कलाकारों ने ककसार नृत्य का प्रदर्शन किया।

रेलवे: हर महीने करोड़ों का घोटाला आतंकी फंडिंग में लगाते थे रकम

नई दिल्ली (ए.)। रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स ने टिकट रैकेट का पर्दाफाश करते हुए कथित 'सॉफ्टवेयर डिवेलपर' को भी अरेस्ट किया है। इस रैकेट के तार पाकिस्तान, बांग्लादेश और दुबई तक से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। यह रैकेट टिकटों की धांधली कर हर महीने करोड़ों कमाता था और आतंकी फंडिंग में इस्तेमाल करता था। आरपीएफ ने बताया कि झारखंड के रहने वाले गुलाम मुस्तफा को भुवनेश्वर से अरेस्ट किया गया है और सोमवार को शेष पृष्ठ 8 पर

एएनएमएस नाम के सॉफ्टवेयर से करते थे अवैध बुकिंग

आरपीएफके महानिदेशक अरुण कुमार ने बताया कि मुस्तफा से दो लैपटॉप बरामद किए हैं, जिनमें एएनएमएस नाम का एक सॉफ्टवेयर भी है। इस सॉफ्टवेयर के जरिए यह रैकेट बड़ा खेल करता था। अरुण कुमार ने बताया कि सॉफ्टवेयर इंजिनियरिंग जैसी किसी भी पढ़ाई से नाता न रखने वाले मुस्तफा ने इसे डिवेलप किया था।

रायपुर पुलिस ने कारोबारी सोमानी को सुरक्षित छुड़ाया

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर के सिलतरा इलाके से अपहृत कारोबारी प्रवीण सोमानी को आखिरकार रायपुर पुलिस ने अपहरणकर्ताओं के चंगुल से सुरक्षित रिहा करा लिया है। बताया जा रहा है कि प्रवीण सोमानी को उत्तरप्रदेश के किसी स्थान से छुड़ाया गया है। पुलिस सोमानी को साथ में लेकर रायपुर के लिए रवाना हो चुकी है। गुरुवार सुबह तक वे रायपुर पहुंच चुके होंगे। ज्ञात हो कि अपहृत कारोबारी प्रवीण सोमानी का रायपुर के सिलतरा से 8 जनवरी को अपहरण कर लिया गया था। इस अपहरण के बाद शेष पृष्ठ 8 पर

दिल्ली चुनाव के लिए मुख्यमंत्री भूपेश कांग्रेस के स्टार प्रचारक

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर /नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को कांग्रेस ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। इस सूची में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी स्थान मिला है। कांग्रेस द्वारा जारी स्टार प्रचारकों की सूची में मुख्यमंत्री बघेल का नाम 11वें नंबर पर है। कांग्रेस ने इस चुनाव के लिए कुल 40 स्टार प्रचारकों के नाम की सूची जारी की है। बघेल के अलावा इस सूची में प्रदेश से और किसी नेता को शामिल नहीं किया गया है। बघेल के नाम शेष पृष्ठ 8 पर

भाजपा की सूची में छग से कोई नहीं

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने भी अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की, लेकिन इसमें छत्तीसगढ़ से किसी भी भाजपा नेता का नाम नहीं है।

गरमा-गरम

दावा — अमेरिकी थिंक टैंक कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की रिपोर्ट में कई विशेषज्ञों ने कहा-

कश्मीर पर जवाब देने पाक के पास सीमित विकल्प

■ जम्मू-कश्मीर के मामले में अकेला खड़ा है पाक

■ इस्लामाबाद की साख कम है, क्योंकि वह आतंकवादियों का साथ देता रहा है: रिपोर्ट

वॉशिंगटन(ए.)। कश्मीर को लेकर पाकिस्तान लाख हाथ-पैर पटक ले, लेकिन दुनिया में कोई उसे गंभीरता से नहीं लेता है। एक अमेरिकी थिंक टैंक ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर पर भारत के फैसले का जवाब देने के लिए पाकिस्तान के पास विकल्प बेहद सीमित हैं। कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की रिपोर्ट में कई विशेषज्ञों ने कहा है कि इस मुद्दे पर पाकिस्तान की साख खराब है, क्योंकि वह आतंकी समूहों का साथ देता रहा है। कश्मीर पर छह महीने से कम समय में अपनी दूसरी रिपोर्ट में सीआरएस ने कहा कि सैन्य ऐक्शन से यथा-स्थिति बदलने के लिए पाकिस्तान की क्षमता हाल के सालों में कम हुई है। इसका मतलब है कि वह कूटनीतिक रास्ते से ही जवाब देगा। 13 जनवरी की इस रिपोर्ट में सीआरसी ने कहा कि 5 अगस्त के बाद पाकिस्तान 'कूटनीतिक रूप से अकेला दिखा' है, एकमात्र देश तुर्की ने उसका साथ देने की बात कही। नई दिल्ली द्वारा 5 अगस्त को जम्मू-कश्मीर के विशेष शेष पृष्ठ 8 पर

यूएनएससी में चर्चा हुई पर बयान नहीं

25 पेज की रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने चीन की मदद से यूएनएससी में एक सत्र बुलवाया। 5 दशक में पहली बार कश्मीर पर चर्चा के लिए 16 अगस्त को काउंसिल की बैठक हुई। बैठक बंद दरवाजों में हुई और इसका कोई आधिकारिक बयान भी नहीं जारी किया गया।

पाक नेतृत्व के पास विकल्प सीमित

इसमें कहा गया है, 'अधिकतर विशेषज्ञ मानते हैं कि कश्मीर पर इस्लामाबाद की साख बहुत कम है, क्योंकि उसका इतिहास वहां आतंकी समूहों को चोरी-छुपे मदद पहुंचाने का है। पाकिस्तान के नेतृत्व के पास भारत के ऐक्शन का जवाब देने के लिए विकल्प बहुत कम हैं और कश्मीर में आतंकवाद को पाकिस्तान का समर्थन वैश्विक रूप से महंगा पड़ेगा।' रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान और इसके दोस्त चीन की साख मानवाधिकार के मामले में भी कम है।

50 किलोमीटर तक मार कर सकेगा भारत

'शारंग' तोप का हुआ सफल परीक्षण

जबलपुर (ए.)। देश की सबसे बड़ी तोप कही जा रही 'शारंग' का एक और सफल परिक्षण हुआ है। माना जा रहा है कि यह तोप भारत को पीओके में किसी अभियान को चलाने में रणनीतिक तौर पर बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। यह तोप पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में बिना घुसे ही करीब 40 से 50 किलोमीटर तक मार कर सकती है। आर्डनेंस फैक्ट्री कानपुर द्वारा बनाई 155 एमएम की शारंग तोप का मध्य प्रदेश के जबलपुर में स्थित? खमरिया रेंज में सफल परीक्षण किया गया है। भारत पहले ही के9 वज्र-टी, धनुष और अमेरिका निर्मित एम-777 तोपों को सेना में शामिल कर चुका है।

भगवान विष्णु के धनुष शारंग के नाम पर इस तोप का नाम शारंग रखा गया है। सूत्रों के इसी साल इसे 30 तोपों को भारतीय सेना को सौंपा जा सकता है। शारंग तोप एक बार में तीन गोले दागने में सक्षम है। शारंग तोप को 130 एमएम शेष पृष्ठ 8 पर

22 बच्चों को राष्ट्रीय बाल वीरता पुरस्कार, जानें- जांबाज बच्चों की बहादुरी की कहानियां

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय बाल कल्याण परिषद ने इस साल जिन 22 बच्चों को वीरता पुरस्कार दिया है, उनमें से हर एक की कहानी प्रेरणा देने वाली है। किसी ने दोस्तों को बचाने में अपनी जान गंवा दी तो किसी बच्ची ने हादसे में पूरे परिवार को बचा लिया। केरल के कोझीकोड के रहने वाले मुहम्मद मुहसिन ने समुद्र में बहते अपने दोस्तों को बचाने के लिए जान गंवा दी। उन्हें मरणोपरांत वीरता पुरस्कार के लिए चुना गया है। उनके अलावा कई ऐसे बच्चे हैं, जिन्होंन अपनी जान को खतरे में डालकर दूसरों को जीवन दिया।

बच्ची ने बचाई माता-पिता और दादा की जान

22 बच्चों में से 10 लड़कियों को भी इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। बेटियों की बहादुरी की कहानी सुनाते हुए कई पैरेंट्स बेहद भावुक हो गए। ऐसी ही एक बेटी हैं हिमाचल प्रदेश की अलाइका। महज 13 साल की अलाइका उस वक्त अपने माता, पिता और दादा के लिए फरिश्ता बन गई, जब उनकी कार अचानक रोड से नीचे खाई में गिरने लगी। अलाइका की मां सविता बताती हैं, 'हम एक बर्थडे पार्टी में जा रहे थे। पालमपुर के पास हमारी कार अचानक खाई में जाने लगी। किस्मत अच्छी थी कि एक पेड़ के तने से टकराकर वह रुक गई। इस हादसे के बाद अलाइका सबसे पहले होश में आई और लोगों को मदद के लिए बुलाया। यदि वह न होती तो आज हम लोग जिंदा न बचते।'

42 लोगों को बचाया

अलाइका जैसा ही हादसा आदित्य के. के साथ भी हुआ था।

बीते साल एक मई को 15 साल के आदित्य केरल के 42 अन्य पर्यटकों के साथ नेपाल की यात्रा से लौट रहे थे। भारतीय सीमा से करीब 50 किलोमीटर पहले बस में आग लग गई। आग लगते ही ड्राइवर मौके से फरार हो गया, जबकि 5 बच्चों और कुछ बुजुर्गों समेत तमाम यात्री बदहवास थे। बस के दरवाजे बंद थे। इस बीच आदित्य ने हथौड़े से बस का पिछला शीशा तोड़ दिया। इस दौरान उनके हाथ और पैरों में शीशे से चोटें भी लगीं। आदित्य की यह वीरता ही थी कि बस के डीजल टैंक के फटने से पहले सभी यात्री निकल पाए।

आतंकी फायरिंग से पैरेंट्स और बहनों को बचाया

बीते साल 24 अक्टूबर की बात है। कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के चौकीबल और तुमिना में पाकिस्तान ने फायरिंग शुरू कर दी। 16 साल के मुगल उस वक्त घर में ही थे। उनके घर की पहली मंजिल पर पाकिस्तान का एक गोला आकर गिरा। वह बाहर निकल आए, लेकिन तभी उन्हें याद आया कि उनके पैरेंट्स और दो बहनें अभी अंदर ही हैं। इसके बाद वह तुरंत घर गए और अपनी दो बहनों को सुरक्षित निकालकर लाए। इसके बाद मकान ढहने से पहले उन्होंने माता और पिता को भी जगाकर बाहर निकलने।

अशरफ ने हेलिकॉप्टर क्रैश में चलाया बचाव अभियान

पिछले साल 27 फरवरी को भारतीय वायुसेना का एमआई-17 हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। बडगाम में हुए इस हादसे के बाद मौके पर पहुंचने वाले लोगों में 18 साल के अशरफ भी थे। उन्होंने उस मलबे में एक व्यक्ति को जिंदा देखा। इसके बाद अपनी जान पर खेलकर घायल शख्स को निकाला। हालांकि उनकी जान नहीं बच सकी। इसके बाद घटनास्थल पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम के साथ भी वह बचाव कार्य में जुटे रहे।

इन्हें भी मिलेगा बहादुरी का पुरस्कार

पुरस्कार पाने वाले अन्य बच्चों में असम के मास्टर श्री कमल कृष्ण दास, छत्तीसगढ़ की कांति पैकरा और वर्णेश्वरी निर्मलकर, कर्नाटक की आरती किरण सेठ औरवेंकटेश, केरल के फतह पीके, महाराष्ट्र की जेन सदावर्ते और आकाश मछींद्र खिल्लारे को दिया जाएगा। इसके अलावा मिजोरम के तीन बच्चों और मणिपुर व मेघालय से एक एक बच्चों को वीरता पुरस्कार के लिए चुना गया है।

विदेशी महिला को लुटेरों से बचाया

रूसी महिला को दो लुटेरों से बचाया और गूगल ट्रासलेशन की मदद से 24 घंटे के अंदर आरोपियों को पुलिस को दबोचने में मदद की।

दो सहेलियों को निकाला

दो लड़कियों की उस वक्त जान बचाई जब लगातार बारिश और भूस्खलन के चलते स्कूल की दीवार ढह गई थी।

आतंकी हमले में मां और बहन को बचाया

आतंकवादियों के हमले के दौरान मां और बहन की सुरक्षा सुनिश्चित की। गोलियां लगने के चलते 6 महीने से ज्यादा अस्पताल में रहना पड़ा। आज भी वीलचेयर पर चलने को मजबूर सौम्यदीप को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रीय बाल शक्ति पुरस्कार से नवाजा।

■ न्यूज गैलरी

जेएनयू का वायरस आ गया है मध्यप्रदेश में : विजयवर्गीय

राजगढ़, (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने आज राज्य की कांग्रेस सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि वे भाजपा कार्यकर्ताओं को हल्के में नहीं लें, अन्यथा उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। श्री विजयवर्गीय ने मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा में पार्टी की जनसभा को संबोधित किया, जो राजगढ़ जिला कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों के रवैए के खिलाफ आयोजित की गयी।

निवेशकों से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन का आग्रह

बेंगलुरु(वार्ता)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा ने दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच की बैठक के दौरान निवेशकों से राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक रोजागर के सृजन के लिए निवेश करने और उद्योग स्थापित करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने यहां बुधवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। सीएम ने निवेशकों से किसानों की आत्महत्याओं पर रोक लगाने के लिए उनके और ग्रामीण लोगों के आर्थिक विकास पर ध्यान देने का आग्रह किया।

दुष्परिणाम भुगत रही है पूरी दुनिया : तोमर

कानपुर (वार्ता)। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने प्रकृति के साथ खिलवाड़ न करने की चेतावनी देते हुये कहा कि प्रकृति के साथ खिलवाड करने का परिणाम पूरी दुनिया भुगत रही है और इसके लिये दोषी भगवान नही बल्कि खुद इंसान है। नमामि गंगे के तहत आयोजित किसान गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम लोग प्रकृति के साथ जितना खिलवाड़ कर रहे हैं उसके असंतुलन का दुष्परिणाम पूरी दुनिया भुगत रहीब है।

अशोक चौहान के बयान पर बीजेपी का कांग्रेस पर हमला, बताया

'मुस्लिम लीग कांग्रेस'

संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस हिंदुओं का कर रही है अपमान

नई दिल्ली (ए.)। बीजेपी ने कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण के बयान पर पलटवार करते हुए बड़ा निशाना साधा है। कांग्रेस को मुस्लिम लीग कांग्रेस नाम देते हुए बीजेपी ने कहा कि चव्हाण के बयान से कांग्रेस की पोल खुल गई है और उन्होंने हिंदुओ का अपमान किया है।

एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी पर करारा कटाक्ष करते हुए बीजेपी ने कहा कि वह जिन्ना बनने की राह पर चल रहे हैं। बीजेपी नेता संबित पात्रा ने चव्हाण के बयान का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस ने हिंदुओं का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन की आड़ में हिंदुओं को गाली दी जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नेता कहते हैं कि वह केवल मुस्लिमों के लिए किसी सरकार में शामिल हैं। तो आखिर हिंदुओं, सिखों, पारसियों ने आखिर क्या गुनाह किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस मुसलमानों से पूछकर सत्ता चलाती है।

ओवैसी के छोटे भाई पर भी साधा निशाना

पात्रा ने नेता असदद्दीन ओवैसी के भाई अकबरुद्दीन ओवैसी पर भी बोला हमला। उन्होंने कहा, 'कल ओवैसी ने कहा कि मुसलमानों ने 800 वर्ष तक इस मुल्क में हुक्मरानी और जांबाजी की है। मेरे आबा और जात ने इस मुल्क को कुतुबमीनार, चार मिनार, जामा मस्जिद दिया है। लाल किला भी मेरे आबा और दादा ने बनाया, तेरे बाप ने क्या बनाया है?' उन्होंने कहा, 'हमारे दादा-परदादा ने इस देश को सहिष्णु, विराट, क्षमतावान, गरीमावान बनाया और आप लोग ऐसी भाषा का उपयोग करते हैं।'

चव्हाण ने यह कहा था

कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने कहा, 'महाराष्ट्र में हमारी सरकार है। महाराष्ट्र में बीजेपी को सत्ता में आने से रोकने के लिए हम इस सरकार में शामिल हुए हैं। कई मुस्लिम भाइयों ने कहा था कि हमारी सबसे बड़ी दुश्मन बीजेपी है, बीजेपी को अगर रोकना है तो कांग्रेस को इस सरकार में शामिल होना चाहिए। इसीलिए कांग्रेस आज सरकार में शामिल है। जब तक कांग्रेस सरकार में शामिल है तब तक हम महाराष्ट्र में सीएए लागू नहीं होने देंगे।'

शाहीन बाग का जिक्र

पात्रा ने शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन पर कहा कि शाहीन बाग में छोटी बच्चियों को जेहन में जहर किसने भरा है। उन्होंने कहा कि पीएम को जान से मार देना है यह उन्हें किसने सिखाया। उन्होंने कहा, 'देश में हिंदुओं के खिलाफ जहर बोया जा रहा है।' उन्होंने कहा कि यह काफी दर्दनाक है। देश में लोकतंत्र है यहां किसी भी विषय पर प्रदर्शन किया जा सकता है। लेकिन ऐसे किसी के जेहन में जहर बोना कहां तक उचित है।

अकबरुद्दीन ओवैसी के विवादित बोल

कागज मांगें तो कहो, चारमीनार मेरे बाप ने बनवाया है तेरे बाप ने नहीं

- **हमारे पूर्वजों ने 800 साल तक देश पर राज किया, वो हमसे कागज मांग रहे**
- **जिस लाल किले पर पीएम झंडा फहरा रहे, वो हमारे पूर्वजों ने ही दिया : ओवैसी**

हैदराबाद (ए.)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नेता और सांसद असदुद्दीन ओवैसी के भाई अकबरुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को हैदराबाद में एक बार फिर एक विवादित टिप्पणी की। हैदराबाद की एक सभा में ओवैसी ने नागरिकता संशोधन कानून का विरोध करते हुए केंद्र पर निशाना साधा। ओवैसी ने हैदराबाद में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग कागज देखने के लिए घर आएं उनसे कह दो कि हमने इस देश में 800 साल राज किया है। ये चार मीनार मेरे बाप-दादा ने बनवाया है, तेरे बाप ने नहीं। ओवैसी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा,'किसी को भी डरने और घबराने की जरूरत नहीं है। हमको इनकी बातों में आने की जरूरत नहीं है। जो लोग पूछ रहे हैं कि मुसलमान के पास क्या है, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि तू मेरे कागज देखना चाहता है। मैंने 800 बरस तक इस मुल्क में हुक्मरानी और जांबाजी की है। ये मुल्क मेरा था, मेरा है और मेरा रहेगा।

मेरे अब्बा और दादा ने इस मुल्क को चारमीनार दिया, कुतुब मीनार दिया, जामा मस्जिद दिया। हिंदुस्तान का पीएम जिस लाल किले पर झंडा फहराता है उसे भी हमारे पूर्वजों ने ही दिया है।' ओवैसी ने आगे कहा कि अगर कोई कागज मांगता है तो उसे कहो कि तू कागज क्या मांग रहा है, वो जो चार मीनार खड़ा है वो मेरे बाप-दादा ने बनवाया, तेरे बाप ने नहीं बनवाया है। बता दें कि अकबरुद्दीन ओवैसी इससे पहले भी कई विवादित बयान दे चुके हैं। इससे पहले भी ओवैसी कई बार हिंदुओं के खिलाफ विवादित टिप्पणी करते रहे हैं।

राजस्थान के विनोद जैन ने कांग्रेस पार्टी के नाम पर रखा बेटे का नाम

उदयपुर (ए.)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यालय में मीडिया अधिकारी विनोद जैन ने अपने बेटे का नाम कांग्रेस जैन रखा है। विनोद जैन को मंगलवार को अपने नवजात बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र भी मिल गया। इसमें बच्चे का नाम कांग्रेस जैन लिखा हुआ है। बताया जा रहा है कि विनोद जैन और उनका पूरा परिवार लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़ा हुआ है। विनोद जैन चाहते हैं कि उनकी आने वाली पीढ़ी भी उनके पदचिन्हों पर चले, इसलिए उन्होंने अपने बच्चे का नाम कांग्रेस पार्टी के नाम पर रखा। विनोद जैन ने कहा, 'मेरे परिवार के कुछ सदस्य बच्चे का नाम कांग्रेस बुलाने पर अनिच्छुक नजर आए लेकिन मैं इसको लेकर दृढ़ प्रतिज्ञ था, इसलिए उनके आने तक इंतजार किया। मेरा बच्चा जुलाई में पैदा हुआ था लेकिन मुझे उसका जन्म प्रमाण पत्र हासिल करने में काफी टाइम लग गया। राज्य सरकार ने उसका जन्म? प्रमाण पत्र जारी किया है जिसमें उसका नाम कांग्रेस जैन लिखा है।'

जन्म प्रमाणपत्र

उन्होंने कहा, 'मैं अशोक गहलोत से प्रभावित हूं और मैं उनके साथ हूं और इसके साथ ही मैं सोचता हूं कि जब मेरा बच्चा 18 साल का होगा तो वह अपना राजनीतिक करियर शुरू करेगा।' बता दें कि बच्चे का जुलाई 2019 में जन्म हुआ था। यह विनोद जैन की दूसरी संतान है। उनकी एक बेटी पहले से ही है। विनोद ने कहा, 'मैंने इस उम्मीद के साथ उसका नाम कांग्रेस रखा है कि मेरा बेटा कांग्रेस पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाएगा।'

कांग्रेस की स्टार प्रचारकों की लिस्ट, प्रियंका, मनमोहन के साथ सिद्धू भी

नई दिल्ली। दिल्ली चुनाव में प्रचार के लिए कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में पूर्व क्रिकेटर और कांग्रेस विधायक नवजोत सिंह सिद्धू का भी नाम है। पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह से मतभेद के बाद किनारे लगाए सिद्धू को दिल्ली के चुनाव में पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। स्टार प्रचारकों की लिस्ट में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का भी नाम शामिल है।

सिद्धू के साथ शत्रुघ्न सिन्हा और सिंधिया भी

कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में सोनिया और राहुल गांधी के साथ प्रियंका गांधी, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह हैं। नवजोत सिंह सिद्धू के साथ बीजेपी से कांग्रेस में शामिल हुए नेताओं को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है। बीजेपी छोड़ कांग्रेस में आए शत्रुघ्न सिन्हा, उदित राज और कीर्ति आजाद का नाम भी स्टार प्रचारकों की लिस्ट मे हैं।

कांग्रेस के ये वरिष्ठ नेता भी स्टार प्रचारक

चेहरों के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी स्टार प्रचारक की लिस्ट में हैं। कपिल सिब्बल, हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंदर सिंह हुड्डा, उत्तराखंड के सीएम हरीश रावत भी स्टार प्रचारकों की लिस्ट में हैं। मध्य प्रदेश के सीएम कमलनाथ, पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी पार्टी के लिए वोट मांगते नजर आएंगे।

महाराष्ट्रः जबरन छुट्टी पर भेजे गए यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर योगेश सोमन बोले

राहुल के खिलाफ बयान पर कायम हूं

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ बयान देने वाले मुंबई यूनिवर्सिटी ने एकेडमी ऑफ आर्ट के डायरेक्टर योगेश सोमन ने कहा है कि मैंने जो कहा मैं उस पर कायम हूं। आपको बता दें कि राहुल के खिलाफ बयान देने के बाद प्रोफेसर को जबरन छुट्टी पर भेज दिया गया था। प्रोफेसर सोमन ने राहुल गांधी के द्वारा वीर सावरकर को लेकर दिए गए बयान की निंद की थी। डायरेक्टर सोमन ने कहा है कि मैंने जो कहा, उस पर कायम हूं।

मुझे जबरन छुट्टी पर भेजे जाने की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिल रही है। आधिकारिक जांच होने पर मैं आधिकारिक बयान दूंगा। आपको बात दें कि सोमन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने राहुल गांधी के द्वारा वीर सावरकर को लेकर दिए गए बयान की निंदा की। उन्होंने कहा था 'आप वास्तव में सावरकर नहीं हैं। आप वास्तव में असली गांधी भी नहीं हैं। क्योंकि आप में दोनों की ही मूल्य नहीं है।' आगे उन्होंने यह भी कहा कि वह गांधी (राहुल गांधी) के पप्पूगिरी का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने यह वीडियो 14 दिसंबर को ट्विटर पर शेयर किया था।

क्या कहा था राहुल ने?

झारखंड में चुनाव प्रचार के दौरान हालिया रेप की घटनाओं को लेकर रेप कैपिटल वाला बयान दिया था। उनके इस बयान की सत्तारूढ़ बीजेपी और उसके सहयोगी दलों ने निंदा की थी। साथ ही सदन में राहुल गांधी के माफी मांगने मांग भी उठी थी। माफी की मांग पर राहुल गांधी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा था, 'मेरा नाम राहुल सावरकर नहीं, राहुल गांधी है। मैं माफी नहीं मांगूंगा।

आपबीती | ऐसिड अटैक सर्वाइवर- पापा ने मुझे और मेरी मां को घर ले जाने के बजाए अनाथ आश्रम में छोड़ दिया था

ऐसिड अटैक, मेरा चेहरा देख कर बोले पापा-जहर दे दो

लखनऊ (ए.)। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले की रहने वालीं रुपाली विश्वकर्मा ऐसिड अटैक सर्वाइवर हैं। वह आज भी इस बात से अनजान हैं कि उन पर किसने तेजाब से हमला किया था और क्यों। दरअसल, जिस वक्त रुपाली पर ऐसिड अटैक हुआ उस वक्त वह बेहोशी की हालत में थीं। बावजूद इसके वह आज भी अपने पिता की उस बात को नहीं भूली हैं, जब अटैक के बाद पापा ने इलाज कर रहे डॉक्टर से कहा था कि इसे (रुपाली) जहर दे दो। रुपाली कहती हैं कि इलाज के बीच मुझे और मेरी मां को पापा ने घर ले जाने के बजाए अनाथ आश्रम में छोड़ दिया था। ऐसिड अटैक सर्वाइवर रुपाली कहती हैं, 'जिस शख्स ने मुझ पर ऐसिड अटैक किया मैं उसका चेहरा नहीं देख पाई थी। आज भी मेरा शक उसी शख्स पर जाता है, जिसने मुझे प्रपोज किया था। मैंने उसे समझाया भी था कि यह सबकुछ संभव नहीं है।

इस पर उसने कहा था कि अगर मैं उसकी नहीं हो सकती तो वह मुझे किसी और का भी नहीं होने देगा। उस वक्त मैंने उसकी बातों को इग्नोर कर दिया था।' ऐसिड अटैक सर्वाइवर रुपाली ने कहा, 'मेरा उस लड़के से झगड़ा हो गया। रात के वक्त खाना खाने के बाद जब मैं मोबाइल चला रही थी तो मुझे बेहोशी सी लगने लगी। हां, मुझे यह पता चल रहा था कि कोई मुझे टच कर रहा है। मैंने लोगों से पूछा भी लेकिन सब कहने लगे कि यह मेरा वहम है। सुबह तकरीबन 4 बज चुके थे। मेरा चेहरा जल रहा था, मैंने दोनों हाथों से चेहरे को ढका हुआ था। लोग कहने लगे कि मैं (रुपाली) नाटक कर रही हूं। तभी किसी ने मुझ पर पानी फेंका। तब चेहरे से धुआं उठने लगा। आननफानन नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार देकर मुझे बलिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।' रुपाली ने कहा, 'बलिया में मेरा बर्न पेशेंट की तरह इलाज किया जा रहा था। तकरीबन सभी अंग धीरे-धीरे काम करना बंद कर रहे थे। मेरी मां ने मीडिया के सामने गुहार लगाई। न्यूज देख रहे डॉ. सुबोध ने मेरी मां को फोन किया और कहा कि वह मेरा इलाज करेंगे। किसी तरह हम वाराणसी पहुंचे। वहां मेरा इलाज शुरू हुआ।

'मां ने लड़के को मना कर दिया था'

रुपाली बताती हैं, 'मैं एक भोजपुरी ऐक्ट्रेस थीं। आमतौर पर लोग इतनी आसानी से कामयाबी नहीं हासिल कर पाते जिस रफ्तार से मैं आगे बढ़ रही थी। तभी एक लड़के ने मुझे प्रपोज किया था। मैंने उसे इग्नोर करना शुरू किया तो उसने मेरी मां को एक दिन फोन कर दिया। मां ने उससे साफ लहजे में कहा कि वह मेरी शादी उससे तो नहीं करेंगी। इस पर वह काफी नाराज हो गया था।' रुपाली ने कहा, 'फिर मुझे शूट के लिए एक कॉलेज जाना था। वहां पर सेट लगा हुआ था। मैंने फोन करके डायरेक्टर वगैरह से पूछा कि वह लड़का लोकेशन पर तो नहीं है। उन्होंने मुझे बताया कि वह लड़का लोकेशन पर नहीं है। फिर मैं वहां पहुंची तो देखा कि वह शूटिंग स्पॉट पर पहले से मौजूद था।'

शादी कहीं और हुई तो लगाई चाची के घर में आग, 2 की मौत

नई दिल्ली (ए.)। आंध्र प्रदेश में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में एक शख्स ने महिला के घर को इसलिए आग के हवाले कर दिया, क्योंकि उसने अपनी बेटी की शादी उससे नहीं कराई थी। आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में बुधवार की सुबह एक स्टॉकर ने एक महिला के घर को आग के हवाले कर दिया, जिसमें दो व्यक्ति जिंदा जल गए और चार अन्य को गंभीर चोटें आईं हैं। यह जानकारी पुलिस ने दी। यह घटना राजमुंदरी शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर कदियाम ब्लॉक के दुल्ला गांव में हुई। मृतकों की पहचान 18 वर्षीय कोटनी रामकृष्ण और 5 वर्षीय गंट्टा विजयलक्ष्मी के रूप में हुई है। कदियाम के पुलिस इंस्पेक्टर के श्रीधर कुमार ने कहा कि घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से कोटनी सत्यवती (45) और उनकी बड़ी बेटी गंगा दुर्गा भवानी (25) की हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक, 25 वर्षीय आरोपी मदाला श्रीनिवास घायल कोटनी सत्यवती का भतीजा है। पिछले कुछ सालों से वह उनकी छोटी बेटी का पीछा कर रहा था। आरोपी मदाला श्रीनिवास किसी तरह अपनी चाची पर दबाव बना रहा था कि वह अपनी बेटी की शादी उससे करवा दे, लेकिन उसकी कथित बुरी आदतों के कारण सत्यवती उसके प्रस्ताव को अस्वीकार कर रही थीं।

न्यूज गैलरी

युवक ने चॉकलेट में नशीली दवा खिलाकर किया युवती से दुष्कर्म

रायपुर। जीवनसाथी वेबसाइट में शादी के लिए रजिस्ट्रेशन करने के बाद युवती को शादी पक्की करने की बात कह युवक ने घटना स्थल पर बुलाकर दुष्कर्म कर अश्लील वीडियों बनाकर बना रहा था था शारीरिक संबंध। घटना की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई है। सिविल लाइन रायपुर निवासी पीड़िता 33 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि भारत मेट्रो मोनी में वेबसाइट पर प्रार्थियां ने शादी के लिए रजिस्ट्रेशन किया था। रजिस्ट्रेशन के बाद कमलेश कुमार पटेल से परिचय के दौरान आरोपी ने शादी की बात पक्की करने की बात कहकर एक होटल में बुलाया बातचीत करते समय नशीली चाकलेट खिलाकर बेहोश कर दिया। उसके उपरांत बलात्कार कर अश्लील वीडियो बना लिया व 25 मार्च 2018 से 21 जुलाई 2019 के मध्य कई बार वीडियो वायरल की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाते रहा।

देशी कट्टा, कारतूस व चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर। अवैध देशी कट्टे व कारतूस के साथ पुलिस ने देर रात एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने दो जिंदा कारतूस समेत स्टील का चाकू जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर मौदहापारा पुलिस ने टीम बनाकर मौदहापारा सामुदायिक भवन के पास शेख शाहनवाज को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस जब्त किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि अपने घर के दीवार व छत के बीच स्टील का बड़ा चाकू भी छिपाकर रखा है जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

नाबालिग से बनाया शारीरिक संबंध, गर्भ ठहर जाने पर शादी से किया इंकार

रायपुर। शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग लड़की के साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा, गर्भ ठहर जाने के बाद शादी से इंकार कर दिया। घटना की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज की गई है। शांति नगर सिविल लाइन निवासी महिला 40 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थिया की बेटी 16 वर्ष के साथ महेश महानंद 20 वर्ष ने शादी का प्रलोभन देकर 1 अक्टूबर 19 से 21 जनवरी 20 के मध्य नाबालिग के साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाया। गर्भ ठहर जाने पर आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया।

नशीली दवा का अवैध कारोबार करने वाले पुलिस हिरासत में

रायपुर। नशीली दवाओं का अवैध व्यापार करने वालों के खिलाफ खाद्य विभाग और पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। रायपुर पुलिस ने बीती रात दो मेडिकल स्टोर में दबिश देकर भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद की है। ये दोनों मेडिकल में लंबे समय से नशीली दवाओं का अवैध करोबार चल रहा था। फ्लिहाल पुलिस ने दोनों मेडिकल संचालकों को हिरासत ले लिया है। रायपुर पुलिस की टीम ने मंगलवार रात सिद्धार्थ चौक और लाखेनगर में स्थित दो मेडिकल स्टोर्स में दबिश दी। इस दौरान पुलिस की टीम ने मेडिकल से लगभग 400 बोतल कफ सिरप जब्त किया है।

बेटे का बर्थडे मनाने गये बाहर, घर से टीवी, फ्रीज, गैस सिलेंडर पार कर गए चोर

रायपुर। बेटे का बर्थडे मनाने मकान में ताला बंद कर गये राजेंद्र नगर निवासी सुकांति हरपाल 35 वर्ष पति अजीत साहनी के घर में चोर बालकनी के रास्ते कमरे में प्रवेश कर चोर ने टीवी फ्रीज, गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट राजेंद्र नगर थाने में दर्ज की गई है। महाबीर नगर खुशी वाटिका मकान नंबर 8 में 20 जनवरी से 21 जनवरी के मध्य अज्ञात चोर ने बालकनी के रास्ते से कमरे में प्रवेश कर एक नग एलईडी टीवी, एक फ्रीज, गैस सिलेंडर, बैग मोबाइल फोन सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गया।

व्यवस्था में कोई कमी लगे तो मुझसे कहें : सौरभ

अधिकारियों को दी हिदायत, जो जानकारी महापौर को देते है, प्रत्येक एमआईसी सदस्य को भी देना जरूरी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगर निगम के सभा कक्ष में आज महापौर एजाज ढेबर एवं आयुक्त सौरभ कुमार की उपस्थिति में एमआईसी के नवनियुक्त सदस्यों के साथ निगम अधिकारियों की एक परिचयात्मक बैठक रखी गयी।

बैठक के दौरान महापौर ने सभी निगम अधिकारियों को कहा कि निगम की व्यवस्था के तहत जो भी जानकारियां महापौर को देते है वहीं जानकारियां वे प्रत्येक एमआईसी सदस्य को अनिवार्य रूप से दें। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में सडक किनारे लगने वाले बाजारों को समुचित जगह पर लगाने की व्यवस्था करें, जिससे आम जनता को किसी भी तरह की परेशानी न हो।

उन्होंने कहा कि संस्कृति विभाग के माध्यम से निगम वित्तीय व्यवस्था के तहत निगम क्षेत्र में स्थित सभी शहीदों, महापुरूषों, विभूतियों की मूर्तियों की हर सप्ताह प्रति सोमवार अनिवार्य रूप से व्यवस्थित साफ सफाई कर उस पर माल्यार्पण करने के निर्देश दिये।

इस मौके पर आयुक्त श्री कुमार ने नवनियुक्त एमआईसी सदस्यों का बैठक में आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि व्यवस्था में कोई कमी दिखे तो सदस्य मुझसे कहें। उन्होने संबंधित अधिकारी से शासन की

एमआईसी मेम्बर्स के साथ महापौर व आयुक्त की परिचयात्मक बैठक

कल्याणकारी योजना के तहत सभी पात्र प्रकरणों में नियमानुसार सामाजिक कल्याण पेंशन योजनाओं का पूर्ण वांछित लाभ जल्द दिलवाने एवं सभी प्रकरणों, प्रशासनिक तौर पर करने के निर्देश दिये।

आमजनों से लें सुझाव

महापौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 की तैयारियों की प्रगति की जानकारी ली एवं उसे मुख्य प्राथमिकता मानकर उसे आगे बढ़ने को कहा। उन्होंने निगम वित्त विभाग के अधिकारियों को निगम वित्तीय बजट की प्रशासनिक तैयारियां तत्काल करवाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये एवं उसमें सभी योजनाओं की जानकारी दिया जाना एवं आमजनों से सुझाव लिया जाने को भी कहा।

विकास योजनाओं में न की जाए अपव्ययिता

महापौर ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि नगर निगम में किसी भी विकास योजना में अपव्ययिता को कदापि सहन नहीं किया जायेगा। शासन एवं नगर निगम की जनकल्याणकारी योजना में पूरी राशि का जनहित में गुणवत्ता युक्त तरीके से पूर्ण सदुपयोग करवाया जायेगा। अनावश्यक रूप से अपव्यय करने वाली योजनाएं मिलने पर संबंधित अधिकारियों पर जवाबदेही तय करके कडी कार्यवाही किया जायेगा। योजनाओं में गुणवत्ता समय सीमा सहित मितव्ययिता का ध्यान रखा जाये। फिजूल खर्ची को वे कदापि सहन नहीं करेंगे। महापौर ने सभी एमआईसी सदस्यों को सुझाव दिया कि वे अपने विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समय -समय पर बैठक लेकर पूरी योजनाओं की जानकारी लेकर समीक्षा करें एवं जनहित को ध्यान में रखकर नई योजनएं तैयार करके प्रस्तावित करें।

गणतंत्र दिवस के पूर्व पुलिस परेड मैदान में सुरक्षा व्यवस्था सख्त

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। गणतंत्र दिवस की तैयारियां इन दिनों तेज हो गई है। राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। वहीं विभिन्न विभागों की झांकियां भी तैयार हो रही हैं। इसके साथ ही साथ ही आकर्षक मार्चपास्ट के लिए भी कड़ा अभ्यास जारी है।

राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में इन दिनों गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। गणतंत्र दिवस का मुख्य आकर्षण गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की थीम पर तैयार हो रही झांकियां हैं। यहां विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों का निर्माण किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक हाट-बाजारों का जीवंत प्रस्तुतीकरण किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा विगत एक वर्ष में राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को भी झांकियों के माध्यम से दर्शाने का प्रयास किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले मार्चपास्ट में इस बार 22 प्लाटून शामिल होंगे। इसके अलावा स्काउट-गाइड के बच्चे और एनसीसी, एनएसएस के बच्चे भी मार्चपास्ट में शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि इस बार गणतंत्र दिवस में होने वाले आकर्षक मार्चपास्ट को महिला अफसर लीड करेंगी। इनके नेतृत्व में रोजाना यहां परेड का अभ्यास चल रहा है। झांकियों का निर्माण आरआई कार्यालय के किनारे स्थित रिक्त मैदान में चल रहा है। मैदान को चारों ओर से जवानों के पहरे में रखा गया है और अनाधिकृत प्रवेश पर रोक लगा दिया गया है। गणतंत्र दिवस समारोह देखने आने वाले दर्शकों को भी यहां सुरक्षा के लिहाज से पूर्ण रूप से चेकिंग कराने के बाद भी प्रवेश दिया जाएगा। चूंकि पुलिस परेड मैदान के एक किनारे में हेलीपेड भी बना हुआ है, लिहाजा इस बार सुरक्षा घेरा और मजबूत कर दिया गया है।

सीवरेज से मीथेन बना रहा है रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड जल निकास व्यवस्था के तहत बने बड़े नालों में बहने वाले सीवरेज के पानी से मीथेन गैस पैदा करने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। इसके तहत मारवाड़ी श्मशान घाट के पास बहने वाले नाले में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पायलेट प्रोजेक्ट के तहत इस प्रक्रिया की शुरुआत की है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक (तकनीकी) एस. के. सुंदरानी के अनुसार यह प्रक्रिया अत्यंत ही सरल एवं न्यूनतम लागत पर आधारित है। इसमें सीवरेज में मिश्रित मीथेन को पृथक कर इसका उपयोग रसोई गैस के रूप में किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पायलेट प्रोजेक्ट के तहत मारवाड़ी श्मशान घाट के पास मीथेन गैस पैदा करने

का प्रयोग किया गया है। स्मार्ट सिटी इस मीथेन गैस के व्यवसायिक उपयोग की संभावनाओं पर काम कर रहा है। यह प्रयोग सफल होने पर बहते नाले के पास संचालित चाय ठेलो, गुमटियों व अन्य वेडिंग जोन से ईंधन गैस के रूप में इसका उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया अत्यधिक सरल और न्यूनतम व्यय पर आधारित है। इसलिए लघु व्यवसायी स्वयं इसका निर्माण कर ईंधन गैस पर होने वाले व्यय को कम कर सकेंगे।

सीएम भूपेश का सिक्किम के सीएस ने माना आभार

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के दौरान कलाकार की तबीयत बिगड़ने पर एयर एम्बुलेंस से भेजा गया था दिल्ली

रायपुर। सिक्किम के मुख्य सचिव एस.सी. गुप्ता ने राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के दौरान उनके राज्य के कलाकार पदम गंधर्व को आकस्मिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि सिक्किम से आए कलाकारों के दल के सदस्य पदम गंधर्व की अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे तत्काल रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। तबीयत में सुधार नहीं होने पर मुख्यमंत्री की पहल पर एयर एम्बुलेंस के जरिए इलाज के लिए तत्काल दिल्ली भेजा गया। सिक्किम के मुख्य सचिव श्री गुप्ता ने छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव आर.पी. मंडल को भेजे अर्ध-शासकीय पत्र में छत्तीसगढ़ सरकार की इस मानवीयता और संवेदनशील पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि कलाकार पदम गंधर्व को एयर एम्बुलेंस के जरिए त्वरित चिकित्सा सहायता से न केवल उनकी जीवन की रक्षा हो पाई, बल्कि इस कार्य से छत्तीसगढ़ ने सिक्किम की जनता का भी दिल जीत लिया है। उन्होंने 27 से 29 दिसम्बर 2019 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव जैसे बड़े आयोजन में सिक्किम राज्य के कलाकारों को मौका देने के लिए भी आभार व्यक्त किया ।

यूनिक हेल्थ कार्नीवाल मेले का आयोजन 25-26 को

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पहली बार यूनिक स्वास्थ्य कार्नीवाल मेले का आयोजन 25 एवं 26 जनवरी को दोपहर 3 बजे से रात्रि दस बजे के मध्य व्हीआईपी रोड स्थित शगुन फार्म्स में आयोजित किया जा रहा है। यूनिक कार्नीवाल में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं पेनल डिस्कशन के जरिए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा। विशेषज्ञ एवं चिकित्सक राष्ट्रीय स्तर पर उक्त मेले में शामिल होकर लोगों को स्वादिष्ट भोजन एवं नास्ते के संबंध में सारगर्भित जानकारी देंगे। उक्ताशय की जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में डॉ.श्वेता छाबड़ा महक चतरथ एवं अंकिता ड्रोलिया खेमका ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में श्वेता एवं अंकिता ने बताया कि उक्त मेले में देश भर के 30 स्टाल लगाने के लिए विक्रेता आ रहे हैं।

फोटो तो बनती है....

रायपुर (नवप्रदेश)। नया रायपुर स्थित मुक्तांगन में पर्यटकों की उमड़ी भीड़।

शिरकत स्व. जी.एस. वर्मा की स्मृति में आयोजित प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता एवं छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

खेल स्वास्थ्य के लिए जरूरी : डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश के स्कूल शिक्षा, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह ने कहा है कि खेल हमारे स्वस्थ्य जीवन के लिए जरूरी है। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम आज यहां नवा रायपुर में इंद्रावती भवन के पास स्थित खेल मैदान में छत्तीसगढ़ संचालनालय राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय संयुक्त कर्मचारी संघ नवा रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में स्व. जी.एस. वर्मा की स्मृति में आयोजित प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता एवं छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। डॉ. टेकाम ने क्रिकेट प्रीमियर लीग मैच का शुभारंभ मैदान में क्रिकेट बेट से हाथ अजमाकर किया। डॉ. टेकाम ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए अपनी स्वेच्छानुदान मद से 40 हजार रूपए प्रदान करने की घोषणा की।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ की परम्पराओं, संस्कृति एवं खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव-प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि राज्य में नेशनल डांस-फेस्टिवल और राज्य युवा उत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों, कलाकारों ने अपनी क्षमता और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिससे छत्तीसगढ़ का गौरव और मान देश-विदेश में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं खिलाड़ियों और कलाकारों को प्रतियोगिताओं के दौरान उनका साथ देकर प्रोत्साहित और प्रेरित करते है। उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारियों के संगठनों द्वारा छत्तीसगढ़ी खेलकूदो की यह प्रतियोगिता सराहनीय कदम है। डॉ. सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने खेलबो-जीतबो गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का नारा देकर छत्तीसगढ़ के कलाकारों और खिलाड़ियों को प्रेरित किया है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष श्री सलाम रिजवी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ संचालनालयीन राजपत्रित अधिकारी एवं शासकीय संयुक्त कर्मचारी संघ नवा रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह प्रतियोगिता वास्तव में छत्तीसगढ़ सरकार के गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना के अनुरूप छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेलों, कबड्डी, खो-खो, गेढ़ी दौड़, भौंरा आदि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रिकेट के साथ-साथ सह आयोजन की शुरूआत की गई है।

कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ फिल्मों के कलाकार श्री मनमोहन सिंह ठाकुर, छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष श्री कमल वर्मा, संयुक्त कर्मचारी संघ के अधिकारी श्री देवलाल भारती ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर खेलकूद आयोजन समिति के सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

फर्जी निकाहनामा प्रस्तुत कर युवती एवं उसके परिवार वाले कर रहे परेशान, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई : रफीक अहमद

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। फर्जी शादी के आधार पर आये दिन लड़कियों के परिवार वाले लड़कों को फंसाकर उनके परिवार को प्रताड़ित करते रहते हैं। इसी कड़ी में आज मौदहापारा निवासी रफीक अहमद ने प्रेस क्लब पहुंचकर उनके पुत्र सादिकअली के साथ फर्जी निकाहनामा प्रस्तुत कर पूरे परिवार को प्रताड़ित करने की जानकारी प्रेसवार्ता में दी । रफीक ने बताया कि वे सेवानिवृत्त रेलकर्मी है। बीरगांव निवासी मस्जिद के मौलवी रईस आलम ने सन् 2019 में फर्जी निकाहनामा बनाकर जिन गवाहों के हस्ताक्षर निकाहनामें पर लिये पतासाजी करने पर उन्होंने अपने हस्ताक्षर करने से इंकार किया। वहीं संबंधित वकील भी निकाहनामे में अपने दस्तखत से इंकार कर रहा है। निकाहनामा क्रमांक 33 एवं 34 पर जबरिया 35 का कागज लगाकर समाज को गुमराह किया जा रहा है।

इस संबंध में उन्होंने पुलिस अधीक्षक सहित शासन के तमाम जिम्मेदारों को लिखित में ज्ञापन सौंपकर फर्जीवाड़ा रोकने की मांग की है किंतु अब तक उन्हें इंसाफ नहीं मिला है। पत्रकारवार्ता में बुजुर्ग अहमद ने रोते हुए बताया कि कोर्ट में भी उन्होंने इस संबंध में मामले के निराकरण के लिए आवेदन दिया है। उनके पुत्र ने भी ऐसे किसी निकाहनामे में अपना हस्ताक्षर नहीं करने की जानकारी रफीक को दी है। सादिकअली के फर्जी दस्खत दस्तावेजों पर कर मौदहापारा निवासी लड़की द्वारा पूरे परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है एक अन्य निकाहनामा कुंदरापारा गुढ़ियारी मस्जिद का भी उक्त युवती ने ही प्रस्तुत किया है। वह भी फर्जी है। बिना निकाह के ही युवती द्वारा अपने आप को बहू सिद्ध करने की कोशिश की जा रही है और इसी क्रम में उनकी पत्नी एवं परिवार के महिलाओं को भी शारीरिक प्रताड़ना देने का प्रचार युवती द्वारा किया जा रहा है।

संपादकीय

सीएए पर सुको का फैसला

नए नागरिकता कानून को लेकर देश के गैर भाजपा शासित राज्यों में विरोध के स्वर लगातार तेज होते जा रहे है। गैर भाजपा शासित राज्यों बंगाल, केरल, राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में अपने राज्यों में नागरिकता कानून न लागू करने का फैसला लिया है और इस बारे में कई राज्यों में प्रस्ताव भी पारित कर दिया है। हालांकि उनका यह प्रस्ताव कोई मायने नहीं रखता, यदि केन्द्र सरकार ने यह कानून बनाया है तो यह सारे देश में लागू होगा। किसी को नागरिकता देना केन्द्र सरकार का काम है न कि राज्या सरकारों का। दरअसल वोट बैंक की राजनीति के चलते ही गैर भाजपा शासित राज्यों में सीएए का विरोध हो रहा है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सीएए का विरोध करने वाली विपक्षी पार्टियों को सीधी चुनौती दी है कि उनको जितना विरोध करना है कर ले लेकिन सीएए वापस नहीं होने वाला है। उन्होने आरोप लगाया है कि विपक्षी पार्टियां नए नागरिकता कानून को लेकर भ्रम फैला रही है और देश में दंगा कराने की कोशिश कर रही है। उन्होने स्पष्ट किया है कि सीएए में कही पर भी किसी की नागरिकता लेने का कोई प्रावधान नहीं है। इसमें नागरिकता देने का प्रावधान है। सरकार यह बात सभी को समझा रही है लेकिन विपक्षी पार्टियां इस मुद्दे को लेकर देश का माहौल बिगाड़ने में लगी है। इधर 144 लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर नागरिकता कनून पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी जिसपर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल सीएए पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। यही नहीं बल्कि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि अब इस बारे में और कोई नहीं याचिका स्वीकार नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट मत है कि केन्द्र सरकार का पक्ष जाने बिना एकतरफा फैसला नहीं दिया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार को अपना पक्ष रखने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सीएए विरोधी राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा झटका है। अब उनके विरोध की धार कुंद होगी जबकि भाजपा इस मुद्दे को लेकर और अक्रमक रूख अख्तियार कर सकती है। बहरहाल जब तक सुप्रीम कोर्ट का इस मामले में अंतिम फैसला नहीं आ जाता तब तक नए नागरिकता कानून को लेकर देश में भ्रम फैलाने की कोशिशों पर विराम लगना चाहिए।

विचार

विषमता पर प्रतिबंध क्यों नहीं ?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

आज आई आक्सफेम की एक रपट ने मुझे चौंका दिया। उसके मुताबिक भारत के एक प्रतिशत अमीरों के पास देश के 70 प्रतिशत लोगों से ज्यादा पैसा है। ज्यादा याने क्या ? इन एक प्रतिशत लोगों के पास 70 प्रतिशत लोगों के पास जितना पैसा है, उससे चार गुना ज्यादा है। सारी दुनिया के हिसाब से देखें तो हाल और भी बुरा है। दुनिया के 92 प्रतिशत की संपत्ति से दुगुना पैसा दुनिया के सिर्फ एक प्रतिशत लोगों के पास है। दूसरे शब्दों में दुनिया में जितनी अमीरी बढ़ रही है, उसके कई गुने अनुपात में गरीबी बढ़ रही है। भारत में हमारी सरकारें कमाल के आंकड़े उछालती रहती हैं। वे अपनी पीठ खुद ही ठोकती रहती हैं। वे दावे करती हैं कि इस साल में उन्होंने इतने करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर उठा दिया है। इतने करोड़ लोगों में साक्षरता फैला दी है लेकिन दावों की असलियत तब उजागर होती है, जब आप शहरों की गंदी बस्तियां और गांवों में जाकर आम आदमियों की परेशानियों से दो-चार होते हैं। आप पाते हैं कि भारत के शहरी, शिक्षित और ऊंची जातियों के 20-25 करोड़ों लोगों को आप छोड़ दें तो 100 करोड़ से भी ज्यादा लोगों के पास रोटी, कपड़ा, मकान, चिकित्सा और शिक्षा की न्यूनतम सुविधाएं भी नहीं है। सच्चाई तो यह है कि इन्हीं वंचित लोगों के खून-पसीने की कमाई से देश में बड़ी पूंजी पैदा होती है और उस पर मुट्ठीभर लोग कब्जा कर लेते हैं। समाजवाद इसी बीमारी का इलाज था लेकिन वह भी प्रवाह पतित हो गया। अब समाजवाद के पुरोधा देश भी पूंजीवाद और उपभोक्तावाद के चेले बन गए हैं। इस समय देश को आर्थिक प्रगति की जितनी जरुरत है, उससे ज्यादा जरुरत आर्थिक समानता की है। यदि संपन्नता बंटेगी तो लोग ज्यादा खुश रहेंगे, स्वस्थ रहेंगे। वे ज्यादा उत्पादन करेंगे। उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा। सरकार चाहे तो पूरे देश में नागरिकों की आमदनी में, वेतन में, खर्च में एक और दस का अनुपात बांध दे। फिर देखें कि अगले 5-10 साल में ही चमत्कार होता है या नहीं ?

टेक ज्ञान

वॉट्सऐप ने शुरू किया डार्क मोड

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे पॉप्युलर मेसेजिंग ऐप वॉट्सऐप ने आखिरकार डार्क मोड फीचर यूजर्स के लिए शुरू कर दिया है। वॉट्सऐप का यह फीचर थीम सिलेक्शन के ऑप्शन में दिखाई देने लग गया है। इसे सिलेक्ट करने के बाद आपके वॉट्सऐप का रंग पूरी तरह बदल जाएगा। ऐप का यूजर इंटरफेस डार्क ग्रीन रंग में होगा। चैट करते समय बैकग्राउंड में आपकी पसंद का कलर और चैट डार्क मोड में दिखाई देगी। आपको यह बता दें कि फिलहाल वॉट्सऐप का डार्क मोड फीचर बीटा यूजर्स के लिए आया है।

विद्यार्थियों के आकलन में छत्तीसगढ़ बना रोल मॉडल

ललित चतुर्वेदी

> मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षा व्यवस्था अंतर्गत प्रत्येक बच्चे को उनकी पहुंच सीमा के अंतर्गत विद्यालय उपलब्ध कराने कटिबद्ध है। साथ ही शाला में दर्ज प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने प्रयासरत है। शासन के प्रयास से राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दुर्बल वर्ग के विद्यार्थियों को शालाओं में उनकी जनसंख्या प्रतिशतता के क्रम में शासन द्वारा सफलता प्राप्त की गई है।

छत्तीसगढ़ में स्कूल शिक्षा में लगातार नवाचार और गुणवत्ता शिक्षा को निरंतर बल प्रदान किया जा रहा है। कक्षा पहली से आठवीं तक के स्कूली बच्चों का राज्य स्तरीय आकलन में 43 हजार 824 स्कूलों के 28 लाख 93 हजार 738 बच्चों का गुणवत्ता सुधार हेतु आकलन किया गया। विगत एक वर्ष में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया गया राज्य स्तरीय आकलन राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों के आकलन के लिए रोल मॉडल बन गया है। सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक विद्यार्थी अपनी निहित क्षमताओं का सर्वश्रेष्ठ परिवर्तन कर सके। इसमें शिक्षक अपनी सभी विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पहचानकर विद्यार्थियों की दक्षता बढ़ाने के लिए कार्य कर सकेंगे। राज्य स्तर पर आकलन की रिपोर्ट अत्यंत उपयोगी है।

आई.सी.टी. और स्मार्ट क्लास-

प्रदेश के चार हजार 330 शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में आई.सी.टी. योजना प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत लैब साइट डिजिटल क्लास रूम प्रारंभ किया गया है। विद्यालयों में स्क्रीन और प्रोजेक्टर के माध्यम से मल्टीमीडिया विषय वस्तु सहायता से शिक्षण कार्य किया जा रहा है। इससे शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चे लाभान्वित होंगे। समस्त पाठ्य सामग्री छत्तीसगढ़ बोर्ड एवं लर्निंग आउटकम से मैप की गई है।

दीक्षा-

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के साथ मिलकर एक अभिनव पहल की गई है। राष्ट्रीय स्तर पर पांच राज्यों आंध्रप्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान और छत्तीसगढ़ को चैम्पियन राज्य का दर्जा देकर कार्य प्रारंभ हुआ है। राज्य में हिन्दी माध्यम की कक्षा पहली से दसवीं तक की समस्त पाठ्य पुस्तकों में 3040 क्यू.आर.कोड अंकित कर ' एनजाईस्ड टेक्स्ट बुक' में परिवर्तित कर लिया गया है। जिसमें आडियो-वीडियो, पीपीटी एवं पी.डी.एफ दस्तावेज के माध्यम से अतिरिक्त रूचिकर सामग्री शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए तैयार की गई हैं। जीतने के लिए जीत जरूरी है की तर्ज पर कार्य कर हिन्दी माध्यम एवं बहूभाषा, छत्तीसगढ़ी, हल्बी, गोढ़ी, कुडूख, सरगुजिया पर 'ई' कन्टेंट तैयार किया गया है। इसे विद्यार्थियों तक पहुंचाकर देश में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित हो गया है।

मल्टी मीडिया टेक्स्ट बुक -

कक्षा नवमीं और दसवीं की विज्ञान, गणित और अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तकों को मल्टी मीडिया पाठ्यपुस्तक में तैयार किया गया है। जिसमें विभिन्न गतिविधियों को करके दिखाया गया है। मल्टी मीडिया एप को 'गूगल प्ले' में जाकर डाउनलोड कर पाठ्यपुस्तकों का उपयोग किया जा सकेगा।

शिक्षा का अधिकार की निरंतरता अब बारहवीं कक्षा तक -

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत कक्षा आठवीं उत्तीर्ण बच्चों की पढ़ाई में निरंतरता के लिए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है। इसमें प्रदेश के निजी विद्यालयों में अध्ययनरत चार हजार 899 बच्चों को कक्षा नवमीं में अध्यापन के लिए व्यवस्था की गई है। शासन द्वारा इस संबंध में निर्देश भी जारी किए हैं।

अतिथि शिक्षक -

बस्तर एवं सरगुजा संभाग में एक हजार 885 और मॉडा पाकेट क्षेत्र में 631, गणित, विज्ञान एवं वाणिज्य आदि विषयों में शिक्षकों की कमी को देखते हुए नवीन भर्ती और शालाअें में पदस्थापना होने तक विद्यार्थियों के शिक्षण कार्य में बाधा न हो इसके लिए अतिथि शिक्षक रखे जाने का निर्णय लिया गया है। इसका दायित्व जिला शिक्षा अधिकारी और शाला प्रबंध समिति को सौपा गया है।

शिक्षकों की नियमित सीधी भर्ती -

राज्य शासन द्वारा प्रदेश में 14 हजार 560 सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर शिक्षकों की भर्ती के लिए कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

टीम एप -

राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत सम्पूर्ण शिक्षा आकलन एवं प्रबंधन प्रणाली लागू की जा रही है। एन.आई.सी. के सहयोग से 51 मॉड्यूल तैयार किए जाएंगे। इसके अंतर्गत विद्यालय, शिक्षक और विद्यार्थियों की जानकारी का संकलन किया जा रहा है। विद्यार्थियों की जानकारी एक बार दर्ज की जाएगी एवं उनकी इस पूरी शिक्षा पूर्ण होने तक उनके अधिगम स्तर की जानकारी का संधारण किया जाएगा। इससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित की जा सकेगी। इसके अंतर्गत समस्त योजनाओं की ट्रैकिंग की जाएगी। साथ ही शिक्षकों की स्थापना संबंधी कार्य में भी इससे सहायता मिलेगी।

मध्यान्ह भोजन

शालाओं में किचन गार्डन- नरवा, गरवा, घुरूवा और बाड़ी अभियान अंतर्गत ऐसी शालाओं में जिनमें अहाता तथा पानी की व्यवस्था है, वहां नरेगा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोग से प्रत्येक गांव के लिए एक आदर्श बारी (किचन गार्डन या पौष्टिक वाटिका) विकसित की जा रही है। प्रदेश में अब तक लगभग 10 हजार शालाओं किचन गार्डन तैयार किए गए हैं। मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत बच्चों को दूध पिलाने का प्रावधान - राज्य की 10 आकांक्षी जिलों में दूध बच्चों को खीर के रूप में सप्ताह के एक दिन प्रदान किया जा रहा है। राज्य की चार जिलों दुर्ग, गरियाबंद, कांकेर और सूरजपुर में सप्ताह में दो दिन फ्लेवर्ड मीठा सोया दूध प्रदान किया जाना है। पेण्ड्रा और खड़गवां विकासखण्ड में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में प्रतिदिन नास्ता दिया जा रहा है।

शाहीनबाग के हौसले से आरएसएस चकित

अरुण श्रीवास्तव

> गौरतलब है कि शाहीन बाग की भावना लगभग सभी राज्यों में फैल गई है, लेकिन मोदी उनसे मिलने को तैयार नहीं हैं। एकमात्र कारण यह है कि वे शाहीन बाग की भावना के प्रसार को मुसलमानों के जोर के रूप में देखते हैं। वे मानते हैं कि मुस्लिम पुरुषों ने सामने आने के बजाय अपनी महिलाओं को विरोध की आवाज उठाने के लिए मजबूर किया है। मोदी का मानना है कि उन्हें सुनने से मुसलमानों का दृष्टिकोण और दावा मजबूत होगा। ऐसा कोई भी कदम आरएसएस के राजनीतिक और वैचारिक रुख को कमजोर करेगा। अभी तक बीजेपी आरएसएस की तरफदेख रही थी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने ब्लॉक स्तर की समितियों को पुनः सक्रिय करने के लिए, संगठन के निचले स्तर तक व्यवस्थित करने का निर्णय किया है। कहा गया है कि नागरिकता संशोधन कानून के हो रहे विरोध का जमकर सामना किया जाय। और जो लोग हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा के खिलाफ हैं, उन्हें फिर उठ खड़े नहीं होने दिया जाय। जिस तरह से नागरिकता-विरोधी आंदोलन दिन-ब-दिन तेजी से फैल रहा है और नए क्षेत्रों को अपनी जद में लेता जा रहा है, उसने आरएसएस के नेतृत्व की नींद उड़ा दी है। संघ नेताओं को लग रहा था कि नरेंद्र मोदी के छह साल के शासन में हिंदुओं का एक बड़ा वर्ग, जो मुसलमानों को बेगाना नहीं समझता बेअसर हो जाएगा और लगभग सारे हिन्दू आरएसएस के एजेंडे के साथ हो जाएंगे। लेकिन उन्हें वैसा होता नहीं दिख रहा है। हिंदुओं को आरएसएस के इस दृष्टिकोण को स्वीकार करने में संकोच हो रहा है कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है।

आरएसएस के कुछ नेताओं को लगता है कि मुसलमानों के साथ जबरदस्ती करने की रणनीति भी काम नहीं कर रही है। बल्कि ठीक उसके उलटा हो रहा है। मौजूदा परिदृश्य में मुसलमान एनआरसी और एनपीआर पर मोदी सरकार की सफाई को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। यहां तक कि कुछ बीजेपी नेताओं ने माना कि यह अमित शाह के अति-आक्रामक दृष्टिकोण ने स्थिति को समझ से परे कर दिया है। वे अब महसूस कर रहे हैं कि गुजरात भारत नहीं है। अपने गृह राज्य में उन्होंने जिस रणनीति का इस्तेमाल किया, उसका देश के बाकी हिस्सों में प्रयोग नहीं किया जा सकता। मोदी-शाह के कदम को आरएसएस शुरू से ही अपना समर्थन प्रदान करता रहा है। लेकिन वे जमीनी स्तर पर मौजूदा स्थिति के बारे में सही जानकारी आरएसएस के नेतृत्व को कभी नहीं देते हैं। आरएसएस अपने ही स्रोतों से प्रतिकूल जानकारी प्राप्त कर रहा है, लेकिन मोदी-शाह के रुख ने भ्रम पैदा किया। उन्होंने कुछ ऐसा बताया जिससे लग रहा था कि सबकुछ ठीक चल रहा है। सच है कि आरएसएस का नेतृत्व, विशेष रूप से मोहन भागवत मजबूत कार्रवाई के पक्षधर हैं। वे मानते हैं कि अगर मोदी सरकार मौजूदा राजनीतिक स्थिति में भारत को हिंदू राष्ट्र में बदलने के प्रस्ताव को अपनाने में विफल रहती है, तो यह आगे कभी पूरा नहीं होगा। भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने का यह सही समय है। संघ को यह पता हो गया है कि मोदी अलोकप्रिय हो गए हैं और अपना करिश्मा खो बैठे हैं। हालांकि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का एक वर्ग पार्टी और सरकार के इस कदम का समर्थन नहीं करता है, लेकिन वे अपना मुंह खोलने के लिए अनिच्छुक हैं और खुले तौर पर इसका विरोध करने से परहेज करते हैं।

भागवत इस बात की वकालत करते हैं कि भारतीय (इस बात पर ध्यान दिया जाए कि वे उन्हें भारतीयों के रूप में संबोधित करना पसंद करते हैं न कि इंडियन के रूप में) देश की शान के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया 'राष्ट्र की पहचान, हम सभी की सामाजिक पहचान, और देश की प्रकृति की पहचान के बारे में संघ की दृष्टि और उद्घोषणा स्पष्ट, अच्छी तरह से विचार और दृढ़ है कि भारत हिंदुस्तान है, हिंदू राष्ट्र है'। उन्होंने यह भी कहा, 'जो लोग भारत के हैं, जो भारतीय पूर्वजों के वंशज हैं, जो लोग राष्ट्र के परम गौरव के लिए काम कर रहे हैं और शांति बढ़ाने, सभी विविधताओं का सम्मान करने और उनका स्वागत करने के लिए हाथ मिला रहे हैं वे सभी भारतीय हिंदू हैं'। उन्होंने अपने इरादों को नहीं छिपाया है। वह पूरी तरह से स्पष्ट है कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है।

वास्तव में एनआरसी और एनपीआर पर मोदी का दृष्टिकोण स्पष्ट करता है कि वह भागवत के आदेशों का पालन कर रहे हैं। पिछले 50 दिनों के आंदोलन के दौरान, स्वतंत्र भारत में सबसे लंबे समय तक, उन्होंने कभी भी आंदोलनकारियों के साथ बातचीत करने की कोशिश नहीं की। गौरतलब है कि शाहीन बाग की भावना लगभग सभी राज्यों में फैल गई है, लेकिन मोदी उनसे मिलने को तैयार नहीं हैं। एकमात्र कारण यह है कि वे शाहीन बाग की भावना के प्रसार को मुसलमानों के जोर के रूप में देखते हैं। वे मानते हैं कि मुस्लिम पुरुषों ने सामने आने के बजाय अपनी महिलाओं को विरोध की आवाज उठाने के लिए मजबूर किया है। मोदी का मानना है कि उन्हें सुनने से मुसलमानों का दृष्टिकोण और दावा मजबूत होगा। ऐसा कोई भी कदम आरएसएस के राजनीतिक और वैचारिक रुख को कमजोर करेगा। अभी तक बीजेपी आरएसएस की तरफ देख रही थी। यह पहली बार है कि आरएसएस अपने मिशन की सफलता की ओर देख रहा है। मुस्लिमों की आवाज को नहीं सुनने का एक और आयाम है। भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि उन्हें संगठन में कोई जगह नहीं मिली है। भागवत द्वारा इनकार किया गया कि आरएसएस इस्लामोफोबिक है। यह इसी रणनीति का एक हिस्सा है।भागवत का अवलोकन है कि पिछले कुछ वर्षों में, भारत की विचार प्रक्रिया की दिशा में एक परिवर्तन हुआ है और एक विकसित भारत उचित हितों के लिए निहित स्वार्थों के मन में भय पैदा करता है। **(संवाद)**

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हर मुश्किलों को

हर मुश्किलों को मात देकर अपने इरादों की उड़ान देख। तू कर सकता है और तू करेगा। बनकर बाज तू उड़ेगा।। ना पीछे मुड़ न छाले देख। बस अपने नेक इरादे देख।। आपका दिन शुभ एवं मंगलमय हो।

- कमलकांत डोंगरे

मैं और मेरी चाय कॉफी अक्सर तन्हाइयों में

मैं और मेरी चाय .. कॉफी अक्सर तन्हाइयों में पी जाती है, महफ़िल तो आज भी चाय से सजती है। हाँ और एक बात .... देश प्रेम की - कुल्हड़ में चाय पीने का एक नायाब फायदा ये भी है कि इसी बहाने चूम लेते हैं हम देश की मिट्टी जाने अनजाने ही।

- पुष्पा त्रिपाठी

खास पाती

कितना सुखद लगता है

कितना सुखद लगता है अपने प्रेम को स्वीकार लेना नयनों की भाषा को समझना कुछ न कहा हो पर ग्रन्थ भर सुन लेना यह प्रेमांकुर ही तो है जो वाचाल होता है चुलबुला और शरारती भी आज तुमने भी शोखी की पकड़ लिया हाथ सिहर पड़ी डर नहीं लगा तुम्हें! क्या वाकई प्रेम निडर होता है? अक्सर सोचती थी आज तुम्हें देख सच का अंदाजा हो गया तुम्हारे अपनेपन का दावा तुम्हारा संस्पर्शता के सत्य पर अमिट मुहर लगा गया मैं जीत गई प्रिय अपने संशय से अपनी आशंका से।**- स्नेहा पाण्डेय**

जैसे बीज के अंकुरण के लिए

जैसे बीज के अंकुरण के लिए जरूरी थोड़ी नमी.. जैसे बारिशों के लिए बादल जैसे सर्दियों में एक नन्हा सा अलाव जैसे ज्येष्ठ के सफ़र में किसी पेड़ की छाया जैसे कतकी मे गंगा मे बहते दीप जैसे पौष के महीने मे पांखुरी पर ओस बूंद जैसे जैसे माघ की सुबह धुंध मे डूबी जैसे आंगन मे उतर आई धूप की चिट्ठी जैसे थके हुए कदमों का चिरंजीवी हौसला जैसे मुस्कान भरी कोई आश्वस्ती ऐसे ही हो तुम... मेरे लिए.. कोई प्रश्न मन मे रहा नहीं कभी।

- सरिता त्रिवेदी

लोरी सुनकर जो कभी ,सोते थे हर रात

लोरी सुनकर जो कभी ,सोते थे हर रात। अच्छी अब लगती नहीं,उनको माँ की बात। उनको माँ की बात ,लगे अब टोका-टोकी। उठती अर्थी रोज़ , सुहाने से सपनों की। रहती है बेचैन , साँस की थामें डोरी। हुए सभी बेदर्द , सुनाई जिनको लोरी।। **- डॉ बिपिन पाण्डेय**

जिसे जीना आता है वह

जिसे जीना आता है वह बिना किसी सुविधा के भी खुश मिलेगा जिसे जीना नही आता वह सभी सुविधाओ के होते हुए भी दुःखी मिलेगा जिंदगी द्वह्वह्वद्बष् श्चद्यड्ड4द्गह्- नहीं है जिसमें आप अपनी पसंद के गीत सुन सके जिंदगी एक रेडियो है उसमें जो भी आ रहा है उसीसे मनोरंजन करें इसी विचार के साथ सबको प्रणाम ! व्यस्त रहे,मस्त रहे, स्वस्थ रहे - **अरूणा राव**

मिट गए हम तो उनकी खुशी के लिए

मिट गए हम तो उनकी खुशी के लिए जो तड़फते रहे जिंदगी के लिए जब हमारा यहाँ पर नहीं है कोई फिर दुआ क्यों करें हम किसी के लिए आज परवाह उन्हें भी हमारी नहीं दुःख सहे हमने हर पल उन्हीं के लिए रोक लेअब तो आकर अरे बेवफ़ा बढ़ रहे हैं कदम खुद खुशी के लिए इन अंधेरों में रहते हुए भी सदा संजय जीता रहा रौशनी के लिए।

- संजय कुमार गिरि

मंजिल नही सड़क होती हैं लड़कियाँ,

मंजिल नही सड़क होती हैं लड़कियाँ, जिनसे गुजरकर मंजिलों पर पहुँचते हैं वो! समंदर नही नदी होती हैं लड़कियाँ, जिन्हें पीकर समंदर बन जाते हैं वो!!

- गीता कैथल

कश्मीरी पण्डितों के लिए कभी किसी ने

कश्मीरी पण्डितों के लिए कभी किसी ने अपना अवार्ड न लौटाया दर्द उनका बाँटने अब तलक कोई न आया वो रात भी अजब काली थी तीस बरस बाद भी जिसका सबेरा न आया। **- राजीव वर्मा**

लघु कथा- पेड़ को न काटो

एक छोटा सा गाँव की कहानी है।जहाँ लगभग500 लोग निवास करते थे।चारो तरफ हरियाली ही हरियाली था।चिड़िया की चहकना,पशु पक्षियों का आवाज सबके मन आकर्षण करती लोगो का दिल जीत लेती।वहाँ के लोग प्रातःकाल के समय सूर्य का दर्शन करते तथा नियमित योग व्यायाम करते थे।गांव की नजारा देखने के लिए दूर दूर से आते थे।वहां का तालाब कोई स्विमिंग पूल से कम नहीँ था।चारो तरफसफाई का विशेष ध्यान दिया जाता था।फूलों की बागवानी जो अपने ओर आकर्षित करती मनमोहक दृश्य का नजारा शाम शाम टहलने रोज जाया करते थे।उस गांव में वर्षा भी खूब होता।पानी की कोई कमी नही थी।हवा शुद्ध होने के कारण लोग बीमार नही पड़ते।लेकिन एक बार उस गांव में ऐसी स्थिति पड़ी की त्राहिमाम त्राहिमाम मचने लगा।उस गांव में एक बढ़ाई रहता था। रोज दिन पेड़ काटता और फर्नीचर आर्ट में विभिन्न कलाकृतियों से लकड़ियों की सामग्री बनाकर शहर भेजता। जिसमे टेबल,कुर्सी, बक्सा, चौखट, दिवान, डायनिंग टेबल ,अलमारी ,मेज,दरवाजा,पलँग,आदि कई तरह के समान बनाता तथा खूब बेचता दिनोदिन उसका तरक्की होते गया।परंतु पर्यावरण संतुलन धीरे धीरे बिगड़ते गया।हरियाली धीरे धीरे वीरान हो गया।वर्षा में कमी हो गयी। तालाब सूखने लगा। पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया।फूल की बागान मुरझाने लगे।पर्यटन का केंद्र था। लोग धीरे धीरे आना छोड़ दिये।गांव की स्थिति बहुत खराब हो गई।लोग बीमार भी पड़ने लगे। इस कहानी से हमे सिख लेनी चाहिए कि पेड़ को न काटे। हरियाली लाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगायें।और धरा को सुंदर हरियाली बनायें।ताकि हमारा जीवन सुखमय बना रहे। पेड़ खूब लगाना हैं,जीवन में खुशियाली लाना हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1571- लंदन में रॉयल एक्सचेंज की शुरुआत हुई। 1664- मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के पिताजी साहूजी महाराज का निधन। 1793- ह्यूमन सोसायटी ऑफ़ फिलाडेल्फिया का गठन। 1793- पोलैंड का दूसरी बार विभाजन हुआ। 1809- भारतीय स्वतंत्रता सेनानी वीर सुरेन्द्र साई का जन्म। 1849- एलिजाबेथे ब्लैकवेल मेडिकल डिग्री हासिल करने वाली पहली अमेरिकी महिला बनीं। 1897- स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जन्म। 1920- भारत में एयरमेल एवं वायु परिवहन सेवाओं की शुरुआत। 1924- सऊदी अरब के किंग शाह अब्दुल्ला का निधन । 1926- शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे का जन्म। 1930- क्लाइड टॉमबॉग ने पहली बार प्लूटो ग्रह की फोटो ली।

न्यूज गैलरी

शुष्क दिवस घोषित

दुर्ग। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के अवसर पर मतदान दिवस पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जारी आदेशानुसार विकासखंड दुर्ग में 28 जनवरी को, पाटन में 31 जनवरी को एवं धमधा में 3 फरवरी को मतदान होना निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर संबंधित क्षेत्र में संचालित सभी प्रकार की मदिरा देशी एवं विदेशी मदिरा सहित बार एवं रेस्टोरेंट में मदिरा के क्रय, विक्रय, परिवहन एवं संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित किया गया है।

संसदीय मंत्री चौबे करेंगे ध्वजारोहण

दुर्ग। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में संसदीय मंत्री रविंद्र चौबे ध्वजारोहण करेंगे। दुर्ग जिले में जिला स्तरीय मुख्य समारोह पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

आज बैठक

दुर्ग। संभागीय अधिकरियों की समय-सीमा की मासिक बैठक 23 जनवरी को संभागायुक्त कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में संभाग के जिलों की गतिविधियां, प्राथमिकता, लक्ष्य, कठिनाई की समीक्षा की जाएगी।

लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु कैम्प

दुर्ग। परिवहन विभाग द्वारा सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में एकल क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार का गठन करते हुए क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार का गठन किया गया है। परिवहन मंत्री, मोहम्मद अकबर के निर्देश पर आम जनता को यात्री बसों की सहज सुविधा उपब्ध कराने हेतु परिवहन मुख्यालय में 3 फरवरी से 7 फरवरी 2020 तक पांच दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के प्रथम चरण में बस परमिट के नवीनीकरण एवं वाहन प्रतिस्थापन हेतु लंबित आवेदनों का निराकरण किया जाना है। इस हेतु 25 जनवरी तक संपूर्ण दस्तावेज सहित आवेदन जमा किया जा सकता है।

दुर्ग में रोक दिया गया एक करोड़ रुपए से किया जाने वाला काम

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। दुर्ग नगर निगम की महापौर परिषद ने राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय की निधि से एक करोड़ की लागत से शिवनाथ मुक्तिधाम के संधारण के लिए चल रहे काम को बीस प्रतिशत बिलो का हवाला देकर रोक दिया है। महापौर परिषद के इस निर्णय से कई सवाल खड़े हो रहे है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम के पिछले बीस साल के कार्यकाल में बीस प्रतिशत बिलो में हुए ठेके के कार्य कोई नई बात नही है। शासन का पैसा बचाने का आधार देकर इससे भी अधिक बिलो दर पर काम कराए गए है। कांग्रेस की महापौर परिषद ने गुणवत्ता प्रभावित होने की बात कह कर इस काम को जरुर रोक दिया है। लेकिन इसके पीछे की कहानी बेहद दिलचस्प है। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि शिवनाथ नदी मुक्तिधाम संधारण का काम

दूसरा ठेका देने की तैयारी

राज्यसभा सांसद सुश्री पाण्डेय के द्वारा एक करोड़ की स्वीकृत राशि से चल रहा था। इस कार्य को रायपुर के ठेकेदार ने लिया है और लगभग बीस से पच्चीस लाख के काम भी हो गए है। यह बात सही है कि कार्य बीस प्रतिशत बिलो पर हो रहे है। सूत्र बताते हैं कि निगम प्रशासन द्वारा भाजपा नेता के इशारे पर इस ठेके को निरस्त करने की तैयारी की जा रही है ताकि नए सिरे से कार्य को फिर ठेके पर दिया जाए। जबकि ठेकेदार एक चौथाई काम कर चुका है। जानकार लोगों का कहना है कि काम को रोकने का कारण ठेकेदार पर कमीशन के लिए दबाव बनाने पर भी आधारित हो सकता है। निगम में काम चालू हो जाने के बाद कभी किसी ठेकेदार से गुणवत्ता को लेकर शपथ पत्र या आवेदन नही मांगा गया है लेकिन महापौर परिषद इस आधार पर भविष्य में इस कार्य को लेकर क्या रुख अपनाती है यह समझ से परे है। जानकारी में यह बात सामने आई है कि नए सिरे से टेण्डर बुलाने की तैयारी है। पता चला है कि निगम आयुक्त इन्द्रजीत बर्मन इसके लिए तैयार नहीं है। फिलहाल एक करोड़ के इस कार्य को रोके जाने की चर्चा जोरो पर है?

छग पंजाबी ब्राह्मण समाज में पहुँचे सांसद बघेल

भिलाईनगर। छग पंजाबी ब्राह्मण समाज का लोहड़ी मिलन समारोह में मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग ने कहा किए समाज को एकत्रित करना काफी कठिन कार्य है। मैं भी अपने समाज का प्रदेश अध्यक्ष हुए मुझे मालूम है किए समाज का क्या महत्व होता है। उन्होनें पंजाबी ब्राहण समाज की एकजुटता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे बरकरार रखने की बात कही। उन्होनें कहा किए समाज से ही देश का विकास होता है। समाज में प्रतिभावना बच्चों को सम्मानित करने से बच्चों में सकारात्मक भावना उत्पन्न होती है। उन्होनें समाज के लोगों से आव्हान किया किए वे अपने बुर्जुगों का मार्गदर्शन लेकर कार्य करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक उत्तम कुमार विश्वास ने कहा किए इसके पूर्व जब मैं समाज के एक कार्यक्रम में आया था तो मुझे काफी प्रसन्नता हुई थी। आज पुनः समाज ने मुझे बुलाकर मेरी खुशी को और बढ़ा दिया है। मुझे ऐसा अहसास हो रहा है किए मैं भी आपके समाज का हिस्सा बन चुका हुँ। विशेष अतिथि के रुप में श्रीमती शाम्पा उत्तम सरकार उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कुलदीप शर्मा ने किया। आभार प्रर्दशन समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश शर्मा ने किया। समाज के संस्थापक सदस्य शक्ति कुमार का विशेष सहयोग रहा। समाज के अध्यक्ष ब्रम्हदत्त शर्मा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा किए समाज नें विभिन्न समाजिक कार्यक्रम के तहत डेंगू की रोकथाम के लिये विशेष अभियान चलाया था। उन्होनें समाज की गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान समाज के बच्चों ने संस्कृतिक कार्यक्रम किया।

अपशिष्ट प्रबंधन हेतु बार कोडिंग अनिवार्य

संभागायुक्त ने बैठक में कहा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों के मुताबिक जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन सभी स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा प्रभावी कार्रवाई, समुचित निष्पादन नहीं होने पर गाइडलाइन के मुताबिक लगेगा जुर्माना

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में प्रभावी व्यवस्था बनाने के लिए अब चिकित्सा संस्थानों को बार कोडिंग करानी होगी। बार कोडिंग के माध्यम से सर्वर में डाटा चला जाएगा और पता चल जाएगा कि किस संस्थान द्वारा कितना मेडिकल वेस्ट निकाला गया है। इससे मेडिकल वेस्ट के प्रभावी निष्पादन में सहयोग मिल सकेगा। संभागायुक्त दिलीप वासनीकर ने प्रशासनिक अधिकारियों, पर्यावरण मंडल के अधिकारियों एवं आईएमए के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कहा कि मेडिकल वेस्ट का डिस्पोजल सबसे जरूरी कार्य है।

इस कार्य में किसी भी तरह से चूक होती है तो इससे मानव स्वास्थ्य को बड़े नुकसान की आशंका बनती है। इसके लिए एनजीटी ने इसके निष्पादन की गाइडलाइन बनाई है। इसके मुताबिक मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल की व्यवस्था करने समयसीमा भी तय की गई है। समयसीमा में यह कार्य नहीं करने पर जुर्माने की व्यवस्था है। संभागायुक्त ने बैठक में कहा कि यह सबके स्वास्थ्य के लिए सबसे प्राथमिकता वाला मुद्दा है। इसमें जल्द से जल्द कार्रवाई करें।

जैव चिकित्सा अपशिष्ट नियम 2016 में किए गए उपबंधों की अनुपालन हेतु संबंधित संस्थाएं जैव चिकित्सा अपशिष्टों के निपटान के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित कराएं।

सड़क बाधा कर व्यवसाय, लगाया जुर्माना

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर निगम की उड़नदस्ता टीम ने आज सुपेला बाजार, आकाशगंगा, दक्षिण गंगोत्री सहित निगम के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले व्यवसासियों से प्रतिबंधित पानी पाउच, व्यवसाय करने हेतु अनुज्ञप्ति व गुमास्ता लाइसेंस तथा सड़क बाधा कर व्यवसाय करने वालों का निरीक्षण करते हुए कार्यवाही करते हुए 7500 रूपए का अर्थदण्ड की वसूली की। निगम क्षेत्रांर्गत विभिन्न व्यापारियों द्वारा व्यवसाय में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते हुए पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूला तथा

उड़नदस्ता की टीम ने निगम क्षेत्र का सघन दौरा कर बाजार क्षेत्र में सड़क बाधा करने वालों से भी जुर्माना वसूल किए। निगम की उड़नदस्ता टीम ने सुपेला बाजार, आकाशगंगा, दक्षिण गंगोत्री क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले किराना दुकान, बाजार, प्रतिबंधित पानी पाउच, सड़क बाधा, घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग तथा बिना लाइसेंस व्यवसाय करने वालों का निरीक्षण करते हुए कार्यवाही की। टीम ने सफाई व्यवस्थाए अनुज्ञप्ति लायसेंस आदि का जायजा लिया। निगम की उड़नदस्ता टीम ने नॉस्ट्रम स्टोर्स आकाशगंगा सुपेला द्वारा सड़क बाधा करने पर 500 जुर्माना लिया गया।

ऑनलाइन परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। कहते हैं विषय की बिरादरी में मैथ्स स्वयं में मास्टर होता है। इसी कला में निपुण षकुन्तला के 14 विद्यार्थियों में विष्व पटल पर मास्टर रोल दिखाया। ब्राजिल, रसिया, इण्डिया, चीन और दक्षिण अफ्रीका के संयुक्त तत्वाधान में ब्रिक्स मैथ्स आनलाईन परीक्षा कक्षा पहली से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। जिसे दो चरणों में सम्पन्न कराया गया। इस प्रतियोगिता में शकुंतला विद्यालय से कुल 175 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के 14 विद्यार्थियों ने जिसमें कक्षा 12 वीं के साहिल चौधरी, हर्ष गुप्ता, ऋतिक, नवनीत पंचायन, हरीष पटेल, अनुराग राठौर, प्रणव साहू, शंशाक साहू और कु. जीजीशा विजयी रहे। इसी प्रकार कक्षा 9वीं से साहिल कौषिक, अमित पंचायन, हर्ष साहू, अर्थव द्विवेदी और अनुभव राठौर ने बाजी मारी। अंतराष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा में सफल हुए छात्रों को शकुंतला ग्रुप ऑफ स्कूल डायरेक्टर संजय ओझा एवं प्राचार्य विपिन ओझा ने आषीश सिंचित करते हुये उनके उज्जवल भविश्य की कामना की। उपलब्धि पर एसएस गौतम (प्रशा.), प्राचार्या आरती मेहरा, मैनेजर ममता ओझा, व्ही. दुबे, अभय दुबे, विभोर ओझा, उपप्राचार्या जी.रंजना, अनिता नायर, अर्चना मेश्राम एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

6 बकायादारों ने किया 1.58 लाख टैक्स जमा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम के 310 बड़े बकायादारों को वारंट नोटिस जारी किया है। जिसके आधार पर निगम आयुक्त द्वारा गठित वारंट वसूली दल रोज विभिन्न वार्डो के बड़े बकायादारों के घर पहुंच रहे हैं। निगम के बड़े बकायादार निगम अमला को पूरा सहयोग करते हुए बकाया टैक्स जमा करा कर निगम को सहयोग दे रहे हैं। वारंट वसूली दल दीपक नगर के तीन बकायादारों, कसारीडीह वार्ड के एक बकायादार और सिकोला बस्ती के एक बकायादार से कुल राशि 1.58.666 की वसूली कर निगम कोष में जमा कराए हैं। वारंट वसूली की टीम दीपक नगर में पी.गणेशराव से 10960 रूपए का बकाया टैक्स की रसीद काटे तथा इसी प्रकार दीपक नगर में ही चैतरामजी ठाकुर से 13026 रूपए और गोविंद मालवीय से 32721 रूपए की वसूली किए। इसी तरह से वार्ड 15 सिकोला बस्ती में हनुमान हजारीलाल, पूरनलाल से 29635 की रसीद काटा गया। पोटियाकला वार्ड निवासी शिवकुमार साव के द्वारा अपना बकाया टैक्स 55063 रूपए जमा करा कर रसीद प्राप्त किया। वार्ड 42 के कुण्डलीक राव ने 17261 चेक से जमा किया। बकाया टैक्स राशि जमा करने का समय मांगा है।

समीक्षा बैठक में लिए कई निर्णय

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। नगर पालिका परिषद मे हुए समीक्षा बैठक में प्रचलित निर्माण कार्यों, सफाई, जल, एवं राजस्व विभाग के कार्यों की चर्चा की गई। नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने इस बैठक में तमाम मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया गया। निकाय क्षेत्रांतर्गत प्रचलित निर्माण कार्यों मे तेजी लाने नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने एवं पेयजल आपूर्ती को सुदृढ करने के निर्देश दिए गए। वहीं श्री सोनकर ने अधिकारियों को अपने अपने कार्यों को गंभीरता से क्रियान्वयन की बात पर जोर देते हुए कहा की जनता की आम जनता को पालिका के कार्यों से नाराजगी नही होनी चाहिए। इसलिए सम्बंधित अधिकारी जनता की समस्याओं का त्वरित निदान करें। बैठक में उपाध्यक्ष के रवि, लोकनिर्माण विभाग प्रभारी मनहरण यादव, जलकार्य प्रभारी जानकी ध्रुव, स्वास्थ्य तथा चिकित्सा प्रभारी ओमनारायण वर्मा, राजस्व तथा बाजार विभाग प्रभारी युजेन्द्र साहू, विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी थनेश पटेल, पार्षद शान्ति टंडन, लता खैरवार, प्रमोद सिंह राजपूत, सती यादव, ललिता ध्रुव, प्रमोद चन्द्रकर, कुमारी निषाद, सहित पालिका के अधिकारियों मे सतीश शमा, कार्यपालन अभियंता, विमल कुमार शर्मा सहायक अभियंता, नितिश अमन साहू, मुकेश रात्रे, श्रीमती उमयंती ठाकुर उपअभियंता, सहित निकाय के अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

25 को एक शाम शहीदों के नाम

दुर्ग। छग मंच के बैनर तले गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी को शाम 6 से पुराना बस स्टैंड में एक शाम शहीदों के नाम देशभक्ति गीतों का आयोजन रखा गया हैं। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं दिनेश जैन ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति गीतों की परंपरा को छग मंच कायम रखे हुए हैं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की शान पूर्वा श्रीवास्तव तथा प्रसिद्ध गायिका कृति बख्शी, प्रशांत श्रीवास्तव, हेमंत साहू, हरीश सोनी, तुलसी सोनी, रमन सिंह ,राजेश जैन, आसना परवीन, आलोक नारंग अपनी सुमधुर आवाज से देश भक्ति एवं पुराने फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देंगे।

डामरीकरण कार्य के निरीक्षण में पहुंची नपा अध्यक्ष सरोजनी

नवप्रदेश संवाददाता

जामुल। नगर पालिका क्षेत्र के मुख्य मार्गों में आज से डामरीकरण का कार्य प्रारंभ हुआ। रावणभाठा बाजार मार्ग का कार्य की जानकारी देते हुए नपा अध्यक्ष सरोजनी चंद्राकर ने बताया की पूर्व में ही परिषद में स्वीकृति प्रदान की गई है। यह मार्ग वार्ड 5, 9, 7, 3 से होकर गुजरता है। नपा उपाध्यक्ष हरिश वर्मा ने बताया कि मुख्य मार्ग नंदिनी रोड का भी संधारण कार्य साथ में ही होगा जिससे वार्ड क्र. 1, 2, 3, 4 के निवासियों व्यापारियों एवं प्रतिदिन रोड से चलने वालों को इसका लाभ मिलेगा। वर्तमान में भारी वाहनों के चलते धूल ज्यादा उड़ रहा है जिससे लोगों के स्वास्थ पर बुरा असर होता है इसी कारण गंभीरता से लेते हुए आम जनता के मांग अनुरूप कार्य कराया जा रहा है । कार्य निरीक्षण के अवसर पर लोक निर्माण विभाग के सभापति डोमार साहू, पार्षद दीपक गुप्ता, समयपाल प्रकाश दास मानिकपुरी उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./467/अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामाधार पिता स्व. झरिहार साहू निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 711/296 रकबा 0.009 हें. भूमि को हकत्यागकर्ता रामजी पिता स्व. झरिहार साहू निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 09.01.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.02.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 16.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक दशरथ राम आ. स्व. बिफनाराम साकिन सेक्टर 05 भिलाई द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 798/32 रकबा 0.022 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से बलराम सिंह परतेती आ. रामदयाल परतेती से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11.02.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 17.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।
मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका माधुरी राजपूत पति रोशन सिंह राजपूत साकिन दुर्ग के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 56/5 रकबा 2062.6 वर्गफीट भूमि से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 13.01.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 31.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा
आज दिनांक 16.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।
मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका कविता साहू पति अवध कुमार साही साकिन दुर्ग के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 56/5 का टु. रकबा 1148 वर्गफीट भूमि से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 13.01.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 31.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा
आज दिनांक 16.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।
मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं THARU MAL S/0 Late GIRDHARI LAL पता दीक्षित कालोनी स्टेशन रोड सिन्धु भवन के पीछे मोहन नगर पोस्ट आमदी मंदिर वार्ड 24 जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं। यहॉ कि मैं THARU MAL S/0 Late GIRDHARI LAL के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाता हूं। मेरे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम THARU MAL S/0 Late GIRDHARI LAL दर्ज है एवं मेरे संतानो के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम SURESH SACHDEV दर्ज है। यह कि THARU MAL S/0 Late GIRDHARI LAL एवं SURESH SACHDEV S/0 Late GIRDHARI LAL दोनो मेरा ही नाम है एवं एक ही व्यक्ति का नाम है।
तद्नुसार सूचना जाने।
शपथकर्ता
THARU MAL
S/0 Late GIRDHARI LAL
पता :- दीक्षित कालोनी स्टेशन रोड सिन्धु भवन के पीछे मोहन नगर पोस्ट आमदी मंदिर वार्ड 24 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./472/अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती राजकुमारी जैन पति सेवकचंद जैन निवासी ग्राम पद्मनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 142/95 रकबा 0.022 हें. भूमि को विक्रेता रविन्द्र प्रसाद गुप्ता पिता स्व. जीवनलाल गुप्ता निवासी ग्राम मडोदा से भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 15.01.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.02.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 15.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सेवकराम चंद्राकर पिता भुवन चंद्राकर निवासी कोड़िया तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक एवं उसकी माता श्यामाबाई बेवा भुवन एवं अन्य खातेदारों के शामिल सरिक खाते में हक भूमिस्वामी जमीन वाके मौजा कोड़िया प.ह.नं. 38 स्थित भूमि खसरा नंबर 65, 431, 451, 495, 67, 129 रकबा 1.38, 0.40, 0.72, 0.06, 2.51, 0.58, 1.53 हें. कुल रकबा 7.28 हे. एवं उसकी माता श्यामाबाई के अकेले नाम पर खसरा नं. 517 रकबा 1.40 हे. लगान 3.50 रु. अभिलेख में दर्ज है। माता श्यामाबाई की मृत्यु दिनांक 16.08.2019 को हो चुकी है। जिससे मृतक भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने एवं वारिसान भूमि रिकार्ड में उसका नाम नंदकुमार दर्ज है किन्तु उसके आधार कार्ड में नाम नंदूराम चंद्राकर दर्ज है इसी प्रकार अन्य वारिसान का राजस्व रिकार्ड में नाम शकुन्तला दर्ज है जिससे आधार कार्ड के हिसाब से नाम सुधार किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 13.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.//अ-06/2019-20
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुर्गा प्रसाद आ. आशाराम अन्य 01 निवासी रामनगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न 19 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 8612, 8615 रकबा क्रमशः 0.01, 0.01 हे. भूमि जो उसके पिता स्व. आशाराम पिता सुधी पवार निवासी रामनगर कोहका के नाम पर दर्ज है। की फौती नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बी-01 की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।
अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर/ दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 07.02.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 17.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.//अ-06/2019-20
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हर्षा वाघटकर आ. स्व. प्रभाकर राव वाघटकर कोहका भिलाई के द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न 19 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी भूमि खसरा नंबर 7221/2 रकबा 0.020 हे. अर्थात 2575 वर्गफुट भूमि श्रीमती कल्पना रेनके, शौर्य रेनके एवं डॉ. प्रभाकर राव वाघटकर के नाम पर शामिल खाते में दर्ज है। सहखातेदार डॉ. प्रभाकर राव वाघटकर एवं उनकी पत्नि की मृत्यु पश्चात फौती नामांतरण दर्ज करने हेतु न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।
अतः उपरोक्त भूमि के सहखातेदार की मृत्यु पश्चात फौती नामांतरण दर्ज करने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर/ दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25.01.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 09.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./441/अ-06/वर्ष 2019-20
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विष्णु सोनी पिता जगतू सोनी निवासी ग्राम बैगापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 964/1 रकबा 0.008 हें. भूमि को विक्रेता पुष्पा सांखला अन्य 01 पति नितिन सांखला निवासी ग्राम मुक्त नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 22.10.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.02.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 03.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

मारपीट, चार के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। मड़ई में नशे में गाली गलौज करने से मना करने पर चार लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। बेलसोंडा निवासी विपुल चंद्राकर (19) सोमवार शाम साढ़े 7 बजे गांव में आयोजित मड़ई कार्यक्रम में शामिल होने गया था, तभी कुंदन, प्रेमेश विश्वकर्मा, लक्की धीवर, मनीष साहू नशे में गाली गलौज कर रहे थे। मना करने पर उक्त युवकों ने मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी।

युवक से शराब बरामद

महासमुंद। तुमगांव रोड चंद्राकर धर्म कांटा के पास युवक से अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने पटियाझर वार्ड 12 निवासी गोविंद दास मानिकपुरी को सोमवार शाम 6 बजे 3.420 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह सवा 6 बजे तुमगांव रोड ओवरब्रिज के पास परमेश्वर ध्रुव के कब्जे से 3.420 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। जिस पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

युवक ने जहर खाकर दी जान

महासमुंद। बलौदा चौकी क्षेत्र के ग्राम टीभूपाली में युवक ने जहर सेवन कर जान दे दी। पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह साढ़े 8 बजे गांव के रविशंकर पिता क्षीरसागर कश्यप (25) ने जहर सेवन कर लिया। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

आठ को अबूझमाड़ हाफ मैराथन

महासमुंद। नारायणपुर जिले में 8 फरवरी को अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मैराथन आयोजन समिति द्वारा आयोजित यह मैराथन 21 किलोमीटर की होगी। इसका आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के सौजन्य से जिला मुख्यालय नारायणपुर के हाई स्कूल मैदान से किया जाएगा। अबूझमाड़ रन फॉर पीस का आयोजन क्षेत्र में खेल संभावना को मंच देने के साथ-साथ क्षेत्र के प्रति नक्सल गतिविधियों के कारण लोगों के मन में बने खौफ को भी हटाने का प्रयास है। इस हाफ मैराथन का यह दूसरा साल है। गत वर्ष इसका सफल आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 5 हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इस वर्ष भी 4 हजार से अधिक लोगों ने प्रतियोगिता के लिए पंजीयन कराया है।

लक्ष्मीकांत कराल को पीएचडी

महासमुंद। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में लक्ष्मीकांत कराल को पीएचडी की उपाधि मिली है। इनका शोध का विषय पर्ल एस. बक्स ट्रायलाजी द हाउस ऑफ अर्थ अ जर्नलिस्टिक अकाउंट ऑफ पिजेंट लाइफ था। इनका एक शोध पेपर अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका में भी प्रकाशित हुआ। कराल वर्तमान में शासकीय पालीटेक्निक कॉलेज महासमुंद में अंग्रेजी व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं।

सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने मंगलवार को वार्ड 4 शारदा मंदिर के सामने गली में सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन किया। इस दौरान पार्षद मीना वर्मा, रिंकू चन्द्राकर, पूर्व पार्षद खिलावन बघेल, लालू यादव, रिकेश यादव, वार्डवासी रामनरेश सिंह, भूपेंद्र साहू, किशन राजपूत, अनिता सिंह, तन्नू सिंह, नपा इंजीनियर दीप्ति कुर्रे उपस्थित रहे।

पुराने वित्तीय वर्ष का कर भी बाकी

महासमुंद। पालिका में चालू वित्तीय वर्ष के साथ पुराने वित्तीय वर्ष की वसूली भी शेष है। जानकारी के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में 70 लाख 89 हजार संपत्तिकर वसूलना था। पालिका सिर्फ 8.23 लाख की ही वसूली कर पाई है। इसी तरह 2018-19 में भी पालिका ने 57.11 लाख रुपए के संपत्तिकर की मांग के अनुरूप केवल साढ़े 5 लाख रुपए ही वसूली की है। दोनों वर्षों को मिलाकर अब 1 करोड़ 28 लाख रुपए की वसूली बाकी है। इसी के साथ जलकर के एक करोड़ 10 लाख रुपए हैं पर वसूली 22 लाख रुपए हुई है।

लोकवाणी में परीक्षा प्रबंधन और युवा कॅरियर पर होगी बात

महासमुंद। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 07 वीं कड़ी का प्रसारण आगामी 9 फरवरी को होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार परीक्षा प्रबंधन और युवा कॅरियर के आयाम विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगें। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों एफएम रेडियो और क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह 10.30 से 10.55 बजे तक होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज के हर वर्ग की भावनाओं और सुझावों से अवगत होने तथा अपने विचार साझा करने के लिए लोकवाणी रेडियोवार्ता प्रारंभ की है।

मतदान दिवस पर शराब दुकानें रहेंगी बंद

राजनांदगांव। त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव 2019-20 के लिए जिले में तीन चरणों में 28 जनवरी, 31 जनवरी और 3 फरवरी को मतदान होगा। पंचायत आम चुनाव के अवसर पर मतदान दिवस पर शराब दुकाने बंद रखने के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जयप्रकाश मौर्य ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया हैं। आदेश के अनुसार जिले के निर्वाचन क्षेत्रों (जहां मतदान होना है) में स्थित सभी देशी एवं विदेशी मदिरा की फूटकर दुकानों, रेस्टोरेंट बार, होटल, क्लब आदि जैसे सी.एस. 2घघ, एफएल.-1घघ, एफएल.-2,3, 3(क), 4, 4(क), 5, 6, 7, 8, 9, 9(क), एवं एफएल. 10 को प्रथम चरण के लिए 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस से पूर्व घोषित शुष्क दिवस) से 28 जनवरी की रात्रि तक विकासखंड राजनांदगांव, खैरागढ़ व छुईखदान में, द्वितीय चरण के लिए 29 जनवरी की शाम 7 बजे से 31 जनवरी के रात्रि तक विकासखंड डोंगरगढ़, छुरिया व डोंगरगांव में शराब दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रत्याशियों ने तेज किया जनसंपर्क अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई है। चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आते जा रही है, उम्मीदवारों ने अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। गांव की सत्ता के लिए ज़ोरदार घमासान मचा हुआ है। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 में इस समय चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है। वर्तमान में यहां चुनाव प्रचार निर्णायक मोड़ पर है। ज़िला पंचायत गरियाबंद क्षेत्र क्रमांक 03 से कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में क़िस्मत आजमा रहे हैं। इसमें तुलाराम साहू, देवकीनंदन साहू, राजेन्द्र भारतीय,

शेखर साहू, यामनी साहू, आशीष निषाद, खेलनराम चक्रधारी, लक्ष्मण साहू, महेंद्र साहू के अलावा पत्रकारिता में अपनी स्वच्छ क्षवि बनाने वाले गोरेलाल सिन्हा भी चुनाव मैदान में है।

उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत गरियाबंद के क्षेत्र क्रमांक 03 इस वक्त सबसे हॉट सीट माना जा रहा है। चूँकि यहां दो-दो सहकारी समिति अध्यक्ष की प्रतिष्ठा दांव पर लगा हुआ है। इन सभी प्रत्याशियों की चुनावी गणित गोरेलाल सिन्हा के स्टार चुनाव प्रचार से खतरे में माना जा रहा है। वैसे तो अन्य सभी 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में सक्रिय हैं। लेकिन वर्तमान हालातों पर गौर किया जाए तो गोरेलाल सिन्हा प्रचार-प्रचार और सघन जनसपर्क में सभी को पीछे छोड़ दिए हैं। बता दें कि क्षेत्र क्रमांक 03 के चौबेबांधा, सिंधोरी, बरौंडा, श्यामनगर, धुमा, परतेवा, तर्रा, सुरसाबांधा, कोपरा, जेंजरा, मुड़तराई, टेका, कपसीडीह, भेंड़री, पंडरीतराई, रवेली, लोहरसी, सहसपुर, धुरसा, कसेरूडीह, तरीघाट, कुंडेल, छुईहा, जमाही, चरौदा, बोड़की, फुलझर, जोगिडिपा, चरभट्ठी व देवगांव सहित कुल 31 गांव में प्रचार-प्रसार जोरशोर से चल रहा है।

गांव की गलियां बैनर-पोस्टरों और चुनावी शोरगुल से सराबोर है। चौक-चौराहो एवं पान ठेले से लेकर किराना की दुकानों में भी इस समय चुनावी चर्चा का दौर चल रहा है। इस चुनाव में आम जनता सबसे योग्य प्रत्याशी को अपना मत देंगे। क्षेत्र की जनता किसके पक्ष में मतदान करेंगे यह कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन जिस तरह से खबरें छनकर सामने आ रही है उसमें गोरेलाल सिन्हा को आम जनताओं का समर्थन सबसे ज्यादा मिलते देखा जा रहा है।

अधीक्षण अभियंता ने डोंगरगांव विद्युत कार्यालय का लिया जायजा

- बकायेदार उपभोक्ताओं के काटे विद्युत कनेक्शन
- बकाया राजस्व वसूली एवं विद्युत आपूर्ति पर ली विस्तृत जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। डोंगरगांव नगर स्थित शहर एवं ग्रामीण विद्युत कार्यालयों में अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव सर्किल तरूण कुमार ठाकुर द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता बीरबल उइके की उपस्थिति में डोंगरगांव टाउन एवं ग्रामीण क्षेत्र में बकायेदार उपभोक्ताओं के लाइन विच्छेदन की कार्यवाही, एग्रीगेट ट्रांसमिशन एंड कॉमर्शियल लॉस (एटीएण्डसी लॉस) एवं बकाया राजस्व राशि वसुली अभियान के प्रगति पर विस्तारपूर्वक जानकारी लेकर निर्धारित समय-सीमा में इन कार्यो में सुधार लाने एवं पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता ने विद्युत परिसर में संचालित कार्यालयों का मुवायना करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, विभागीय रिकार्डो की जानकारी व सौपें गए कार्यो की प्रगति पर शाखावार निरीक्षण करते हुए सभी दस्तावेजों को अपडेट रखने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने डोंगरगांव क्षेत्र में निर्बाध विद्युत व्यवस्था के दृष्टिगत विद्यमान 33/11 केव्ही लाईनों एवं वितरण उपकरणों में आने वाली खराबी को तत्काल दुरूस्त करने तथा उपभोक्ताओं के विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु यथाशीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश प्रसारित किये है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को बकायेदार उपभोक्ताओं के लाइन विच्छेदन की कार्यवाही, ए.टी.एण्ड सी. लॉस को कम करने एवं बकाया राजस्व राशि वसूली पर प्रभावी कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य को हासिल करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर उपस्थित सहायक अभियता आरपी ठाकुर ने बताया कि सभी वितरण केन्द्रों के अधीन आने वाले उपकेन्द्रों, 33/11 केव्ही लाईनों एवं उपकरणों के रख-रखाव व आवश्यक सुधार कार्य पूर्ण करा लिये गयें हैं। उच्चदाब एवं निम्नदाब लाईनों के उपकरणों में आने वाली खराबी को तत्काल दुरूस्त करने के लिए मेंटेंनेस टीम को अलर्ट पर रखा गया है।

समारोह में पृथ्वी राज चौहान चौक निर्माण की मांग

तिल्दा-नेवरा। राजपूत क्षत्रिय चौहान युवा महासभा के सदस्यों ने पृथ्वीराज चौहान चौक निर्माण की मांग बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष के अलावा छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री एवं स्थानीय विधायक से बधाई समारोह में की। राजपूत क्षत्रिय चौहान युवा महासभा के मिडिया प्रभारी ओमप्रकाश चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गत दिनों बेमेतरा में नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू के नगर पालिका अध्यक्ष निर्वाचन पर राजपूत क्षत्रिय चौहान युवा महासभा ने बधाई समारोह का आयोजन किया इस समारोह में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू छत्तीसगढ़ शासन स्थानीय विधायक आशीष छाबड़ा सहित नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष शंकुतला मंगत साहू विशेष रूप से शिरकत किये समारोह के शुभारंभ के पूर्व अतिथी गणों का सामाजिक बंधुओं ने पुष्पहार एवं मोमेंटो भेंट

कर आत्मीय स्वागत किया समारोह के दौरान राजपूत क्षत्रिय चौहान युवा महासभा के सदस्यों ने बेमेतरा में पृथ्वी राज चौहान चौक निर्माण की मांग अतिथी गणो से की उक्त मांग को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शंकुतला मंगत साहू ने समारोह में उपस्थित समाज के लोगों को आश्वस्त किया। चौहान ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि क्षत्रिय युवा मंच अपने उत्कृष्ट कार्यो के बलबूते शासन प्रशासन में अपनी स्वच्छ छबि के निर्माण में कारगर साबित हो रहा है। समारोह में सामाजिक रूप से युवा प्र्देश अध्यक्ष मनु सिंह, प्र्देश महासचिव टिकेंद्र सिंह चौहान, प्रदेश संगठन मंत्री बंटी सिंह, जिलाध्यक्ष तुषार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर राजेश सिंह, ठाकुर कमल सिंह, ठाकुर घुमेश्वर सिंह राहुल सिंह, हर्ष सिंह सहित समाज के अन्य पदाधिकारी व सदस्य गण मौजूद थे।

कलेक्टर की अध्यक्षता में ठाकुरटोला टोलप्लाजा के संबंध में बैठक संपन्न

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में ठाकुरटोला टोलप्लाजा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम राजनांदगांव की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, पूर्व महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य वरिष्ठ स्थानीय जनप्रतिनिधि, ट्रक एसोसियशन, बस एसोसियशन, चेम्बर आफकामर्स और टोल प्लाजा संचालक अशोक बिल्डकॉन के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में अपर कलेक्टर ओंकार यदु, एसडीएम मुकेश रावटे, ट्राफिक डीएसपी गजेन्द्र सिंह, सीएसपी एसएस शर्मा सहित आरटीओ, एनएचएआई के अधिकारी भी उपस्थित थे।

पंडरिया में विभागीय कार्यों की कार्यपालन अभियंता ने की समीक्षा

- निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने एवं बकाया राजस्व वसूली पर दिया जोर

राजनांदगांव। पंडरिया संभाग के कार्यपालन अभियंता एचके चंद्रवंशी ने सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं की बैठक लेकर बकाया राशि वसुली, उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबरों के अपडेशन की स्थिति, डिस्ट्रीब्यूशन एवं एटीएण्डसी लॉस, स्टॉप डिफेक्टिव मीटर एवं रिप्लेसमेंट, एसेसमेन्ट केस, विलंब एवं बिलिंग चक्र, फोटो स्पॉट बीलिंग, नेगेटिंव बिलिंग, सबस्टेशन मेन्टेनेस, शून्य खपत वाले उपभोक्ताओं एवं नियमित बिल नहीं जारी होने वाले उपभोक्ताओं को चिन्हाकित कर चेकिंग व बिलिंग करने, बकायेदार उपभोक्ताओं के लाइन विच्छेदन, कन्ज्यूमर टैगिंग, फोटो स्पॉट बिलिंग एवं विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने पंडरिया संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केन्द्रों से संबंधित ग्रामों में प्रदाय किये जा रहे विद्युत व्यवस्था की जानकारी लेकर विद्यमान 33/11 केव्ही लाइनों एवं उपकरणों के समुचित रखरखाव, 25 केव्हीए, 63 केव्हीए., 100 केव्हीए एवं 200 केव्हीए वितरण ट्रांसफार्मरों में क्षमता के अनुसार अच्छी मॅलिटी के डीओ फ्यूज और किटकेट लगाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को कड़े शब्दों में कहा कि बकाया राजस्व वसुली, लाइस लॉस को कम करने एवं विभागीय कार्यो में कोताही ना बरती जाए। उपभोक्ता सेवा के दृष्टिगत सुचारू विद्युत व्यवस्था बनाये रखने में लापरवाही बरतनें वाले विद्युत अधिकारी एवं कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस क्षेत्र में सतत् विद्युत व्यवस्था बनायें रखने एवं उपभोक्ताओं के विद्युत संबंधी समस्याओं के निदान हेतु त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित हो। एचके चंद्रवंशी ने कहा कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135, 136, 137 एवं 138 के तहत पंजीबद्ध मामलों में विशेष न्यायालय के मापदंडानुसार प्रकरणों की तैयारी एवं सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन नियमानुसार हो।

वन निर्माण के लिए विधायक ने शिक्षामंत्री को लिखा पत्र

- भवन निर्माण के साथ ही उन्नयन करने किया ध्यानाकर्षित

महासमुंद। विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में भवन निर्माण के लिए शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम को पत्र लिखा है। विधायक श्री चंद्राकर ने मंत्री श्री टेकाम को लिखे पत्र में स्पष्ट किया है कि उक्त स्कूलों के लिए भवन निर्माण किया जाना आवश्यक है। लिहाजा वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजट में उक्त निर्माण कार्यो को शामिल किया जाए।

विधायक श्री चंद्राकर ने बताया कि ग्राम सोरिद के शासकीय हाईस्कूल, ग्राम शेर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, खट्टा के शासकीय हाईस्कूल, ग्राम खैरझिटी के शासकीय हाईस्कूल, डूमरपाली शासकीय हाईस्कूल, ग्राम अमलोर के शासकीय हाईस्कूल, रामसागर भावा के शासकीय प्राथमिक शाला, गोपालपुर के प्राथमिक शासकीय स्कूल, ग्राम भोरिंग के शासकीय स्कूल, ग्राम परसाडीह के शासकीय प्राथमिक स्कूल, ग्राम केडियाडीह के शासकीय प्राथमिक स्कूल भवन निर्माण, ग्राम खट्टी के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल में प्रधानपाठक कक्ष, ग्राम सिंघनगढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष व ग्राम चिरको के शासकीय मिडिल स्कूल में प्रधानपाठक कक्ष निर्माण की जरूरत है।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया आर्थिक सर्वेक्षण

राजनांदगांव। शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव के प्राचार्या डॉ. बीएन मेश्राम के मार्ग निर्देशन तथा अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष ईश्वर लाल खरे के सहयोग से एमए द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर छात्र-छात्राओं को आदर्श बुनकर सहकारी समिति मर्यादित सोमाझिटिया का आर्थिक सर्वेक्षण कराया गया। छात्र-छात्राओं ने सोमाझिटिया में जाकर कार्यरत् श्रमिकों की आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त कि और वहां बुनकर समिति में कार्यरत् श्रमिकों के रहन-सहन के सतर को जाना बुनकर समिति में बनने वाले प्रमुख उत्पाद के बारे में जैसे धागा, चादर, बेडसीट, कंबल आदि एवं अन्य सामग्री की बनाने की विधि आपूर्ति एवं वहां की रख-रखाव के बारे में जानकारी हासिल किया गया।

राजनीति | त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर बैठक

कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर : मद्दी

महासमुंद। भारतीय जनता पार्टी जिला महासमुंद की बैठक त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिला कार्यालय में हुई। बैठक में मुख्य वक्ता श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार एक वर्ष पूर्ण कर चुकी है। पवित्र गंगाजल लेकर कसम खाने वाली कांग्रेस सरकार सभी जगह फेल नजर आ रही है। कांग्रेस की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। जिलाध्यक्ष रूपकुमारी

चौधरी ने भी इस अवसर पर संबोधित किया। बैठक में पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, इंद्रजीत खालसा, परेश बागबाहरा, रामलाल चौहान, चंद्रशेखर पाड़े, ललिता अग्रवाल, सतपाल छाबड़ा, पवन पटेल, सुवर्धन प्रधान, निरंजना शर्मा, संदीप दीवान, विवेकानंद ठाकुर, सतपाल पाली, श्याम साकरकर, पप्पू पटेल, धरम पटेल, सागर चंद्राकर, धरम दीवान, हर प्रसाद पटेल, कृष्ण कुमार साहू, दीपक यादव, हरजू सिंह, दुबेलाल साहू, मूलचंद साहू, माधव साहू, विद्या चौधरी, सुधा साहू, सुनिता देवांगन, हरमीत सिंह बग्गा, पोषण निर्मलकर सहित बड़ी सख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नपा को मिला पुराना एसडीएम बंगला

- यार्ड के रूप में किया जाएगा उपयोग

महासमुंद। वर्षों से शहर के मध्य स्थित जर्जर हो चुके पुराना एसडीएम बंगला को कलेक्टर ने नगर पालिका को हैंडओवर कर दिया। नपाध्यक्ष प्रकाश चन्द्राकर ने कहा कि पुराना एसडीएम बंगला के मिलने से नगर पालिका को बड़ी राहत मिली है। उक्त स्थान पर नपा के खराब हो चुके वाहन, टैंकर, अग्निशमन वाहन व सभी उपयोग न होने वाले सामग्रियों को रखने की व्यवस्था होगी। इस स्थान को अब नगर पालिका के यार्ड के रूप में जाना जाएगा। मंगलवार से ही इस स्थान की साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ हो गया है। इस स्टोर यार्ड में चौकीदार के लिए अस्थायी कमरे की व्यवस्था की जाएगी और नगर पालिका भवन के स्टोर रूम में रखी अन्य सामग्रियों को भी यहां स्थानांतरित किया जाएगा।

नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि पर भाई-भतिजा वाद का लगा आरोप

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। कांग्रेस द्वारा 135 साल के बाद धमतरी के महापौर पद पर काब्जा करते हुए चर्चा पे आ गई, नगर निगम पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि के ऊपर भाई-भतिजा वाद का आरोप लगाया जा रहा है। जो कि शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। उक्त नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि अपने रिश्तेदार को लाभ का काम देने का आरोप लग रहा है। लगभग एक माह पूर्व नगर निगम के चुनाव में जनता जनार्दन ने अपनी मूलभूत सुविधाओं को पाने के लिये वर्षों से काबिज भाजपा के सिंहासन को हटाने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई है जिसके चलते निगम में पहली बार निर्वाचित पार्षदों के द्वारा महापौर एवं सभापति बनाया गया है। जनता जनार्दन की समस्याओं को लेकर पदभार ग्रहण करने के बाद किसी प्रकार की कोई बैठक नहीं की गई है। अलबत्ता 19-11-2019 को 50 कार्यों के लिये जो निविदा पूर्व में आयोजित की गई थी उसके अनुसार 40 कार्यों के लिये रिंग बनाकर दो से तीन प्रतिशत कम दर पर निविदा डालने का मामला प्रकाश में आया है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि उपरोक्त कार्यों को एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि के भाई द्वारा रिंग बनाकर 40 कार्यों को करवाने की सहमति प्राप्त कर ली गई है। उक्त निर्वाचित जनप्रतिनिधि के भाई का कहना था कि बड़े भाई का आदेश हुआ है कार्यों को मेरी मर्जी से रिंग बनाकर डालना है। यदि मेरी बातों को नहीं माना गया तो निगम में उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यही कारण है कि 50 में से 40 कार्यों में सहमति बना ली गई। लेकिन 10 कार्यों में आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते तालमेल नहीं बन पाया। निगम में पहली बार सत्ता संभालते ही निर्माण कार्यों के टेंडर में सेटिंग का खेल शुरू हो गया है। जुम्मा.जुम्मा आठ दिन हुए निगम में नई शहरी सरकार स्थापित हुई है। लगातार मिलने वालों का तांता लगा हुआ है। चाय की चुस्कियां लगातार जारी है। इन्हीं के बीच 19-11-2019 को जो निविदा आमंत्रित की गई थी उसके करोड़ों रूपये के कार्य को करने हेतु ठेकेदारों द्वारा अपने अपने स्तर पर प्राप्त किये जाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी बीच एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि के भाई ने इन ठेकेदारों को रिंग बनाकर 40 कार्यों को 2 प्रतिशत बिलोव पर लेने का पक्ष रखा जिस पर ठेकेदारों की सहमति होने के बाद यह कार्य उक्त दर पर निविदा डाले जाने की खबर है जबकि 10 कार्यों में तालमेल नहीं होने की वजह से उक्त प्रस्तावित निर्माण कार्य 10 से 12 प्रतिशत बिलोव रेट पर डाले जाने की जानकारी प्राप्त हुई है जो पूर्व में भी भाजपा की शहरी सत्ता पर आरोप लगता रहा है। नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं आगामी सीजन में किस प्रकार दिया जाना हैए शहर के भीतरी इलाकों में क्या स्थिति है इस पर विचार विमर्श न कर निर्माण कार्यों पर ध्यान दिया गया है। जबकि नाली सड़क निर्माण के लिये पूर्व वर्षों से करोड़ों रूपये की लागत से कार्य करवाये गये हैं जिसमें भारी भ्रष्टाचार समय समय पर सत्तापक्ष विपक्ष के लोगों ने उजागर करते हुए इसकी शिकायत न सिर्फ निगम आयुक्त को बल्कि जिला कलेक्टर को भी सौंपी थी। यही नहीं जिले के प्रभारी मंत्री को भी ऐसे भ्रष्टाचार की जानकारी देते हुए कुछ कर्मचारियों को निगम से स्थानांतरित किये जाने की मांग भी की थी जिस पर मंत्री ने कुछ लोगों का स्थानांतरण आदेश भी जारी करवाया। शहर के 40 वार्डों का प्रतिनिधित्व करने वाले निगम में नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क बिजली पानी के साथ साथ शहर में घूमते लावारिस पशुओं के कारण हो रहे यातायात दबाव पर ध्यान दिया जाना चाहिये था। लेकिन ऐसी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई।

न्यूज गैलरी

अंकित बने सी ए

भाटापारा। शासकीय गजानंद अग्रवाल कालेज के संस्थापक स्व. गुलाबचंद अग्रवाल के सुपौत्र व राजकुमार अग्रवाल, किरण अग्रवाल के सुपुत्र अंकित अग्रवाल न सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार व नगर का गौरव बढ़ाया है इस सफलता के लिए परिजन व मित्रो ने हर्ष व्याप्त किया है। सफलता का श्रेय अंकित ने अपने परिजन व गुरुजनो को दिया है।

सरयू साहित्य परिषद द्वारा 26 को पुरस्कार एवं सम्मान समारोह

भाटापारा। विविध आयोजनों के माध्यम से सरयू पारी ब्राम्हण समाज के आयोजन प्रकल्प सरयू साहित्य परिषद द्वारा समय समय पर समाज हितकारी संदेश दिया जाता है, इसी कड़ी शरद पूर्णिमा के अवसर पर रामायण ज्ञान परीक्षण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमे समाज के लोगों द्वारा बड़ी संख्या मे सहभागिता निभाई गयी थी,

26जनवरी को पुरस्कार वितरण: वैकल्पिक एवं एक वाक्य मे उत्तर देने पर आधारित इस लिखित परीक्षा का परिणाम 26जनवरी को घोषित किया जायेगा, स्थानीय नगर भवन भाटापारा मे दोपहर दो बजे आयोजित इस कार्यक्रम मे सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के साथ ही प्रतियोगिता मे प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आये प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा,

4 लाख 98 हजार मतदाता करेंगे अपना मदाधिकार का प्रयोग- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

धमतरी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए धमतरी जिले में 958 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। जिसमें 296 संवेदनशील, 161 अति संवेदनशील, 122 नक्सल संवेदनशील, 59 अतिनक्सल संवेदनशील तथा 320 सामान्य मतदान केन्द्र हैं। धमतरी जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरण में 28 जनवरी, 31 जनवरी एवं 3 फरवरी को संपन्न होगा। चुनाव को शंतिपर्ण ढंग से कराये जाने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था चल रही है। इस चुनाव के लिए 16 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 61 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किये गये हैं।

गणतंत्र दिवस समारोह के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त

धमतरी। कलेक्टर श्री रजत बंसल ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 23 ;2 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम स्थल डा शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में कानून व्यवस्था पर नियंत्रण रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त किया है। मिली जानकारी के मुताबिक अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री मनीष मिश्रा की ड्यूटी मुख्य मंच में बैठक व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था की स्थिति पर नियंत्रण के लिए लगी है। डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी धमतरी श्री डी एसध्रुव द्वारा रेस्ट हाउस में मुख्य अतिथि के आगमन से प्रस्थान तक की व्यवस्था सुनिश्चित् की जाएगी।

ग्राम में मिला बछड़े का क्षत-विक्षत शव, ग्रामीणों में दहशत

■ **मुनादी कर सतर्क रहने कि दी सलह**

धमतरी। लगातार दहशत और अफ्वाहों का माहौल हैं धमतरी से लगे ग्राम पोटियाडीह में कुछ ऐसा ही नजारा सुनने - देखने को मिला सोमवार की रात एक बछडे का छत-विक्षत शव मिलने से ग्राम एवं शहर में सनसनी फैल गई। राजनांदगांव से चलकर बालोद क्षेत्र तक पहुंचने वाले बाघ की दहशत धमतरी जिले में देखने को मिल रही है ।पोटियाडीह और खरतुली के बीच बछड़े का क्षत.विक्षत शव मिलने से ग्रामीण भयभीत हो गए हैं ।उनका मानना है कि बाघ ने ही बछड़े को अपना शिकार बनाया है ।इस आशय की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई ।पहले बालोद जिले में बाघ पहुंचने की खबर सीमावर्ती गांव पेंडारवानी पेरपार के बाद अब धमतरी जिले के पोटियाडीह में दहशत का माहौल बनने लगा है ।बछड़े का शव मिलने पर इसकी सूचना वन विभाग को दी गई ।मंगलवार सुबह रेंजर आरके साहू उड़नदस्ता टीम प्रभारी अनिल कुमार बागड़े सहयोगियों के साथ घटनास्थल पहुंचे तब तक ग्रामीणों का हुजूम लग चुका था। लोगों को यही आशंका है कि धमतरी क्षेत्र में भी वही बाघ पहुंचा है हालांकि वहां पर बाघ के छुपने के लायक झाड़ियां नहीं है और ना ही कोई पुख्ता सबूत मिले हैं ।लेकिन एहतियातन कोटवार द्वारा मुनादी कर दी गई है कि अंधेरा होते ही सुनसान और खेत वाले इलाकों में न जाएं ।बताया जा रहा है कि 7 दिन पहले त्रिलोचन विश्वकर्मा का बछड़ा भी ऐसी ही स्थिति में मिला था । इस संबंध में रेंजर आरके साहू ने बताया कि पोटियाडीह और खरतूली के बीच बछड़े का क्षत.विक्षत शव मिलने की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई ।परमानंद के घर से बछड़ा उठाकर कोई जंगली जानवर लगभग 500 मीटर दूर ले गया और इसे मोहनलाल के घर तक छोड़ गया था ।रात में किसी ने देखा तो नहीं है सुबह जिसके घर से बछड़ा गायब हुआ उस घर वालों ने आंगन में झाड़ू लगा दिया तो पंजे के निशान भी नहीं दिख रहे हैं ।पशु चिकित्सक को बुलाकर पोस्टमार्टम कराया गया।बाघ की आशंका फ्लिहाल नहीं लग रही है। यहां झाड़ी भी नहीं है कुछ एक केले के बाड़ी लगे हुए हैं वहां तलाशी की गई पता नहीं चला है ।इसमें जंगली जानवर के होने की आशंका है

अवैध शराब तथा सट्टा खिलाने वालों पर हुई पुलिस की कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। पुलिस अधीक्षक बीपी राजभानु के द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सटोरियों अवैध शराब विक्रेताओं एवं असामाजिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने पर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली श्री भावेश गौतम के द्वारा टीम बनाकर सटोरियों जुआरियों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों को पकड़कर वैधानिक कार्यवाही कार्यवाही करने हेतु रवाना किया गया। जिस पर सिटी कोतवाली पुलिस के द्वारा खपरी तालाब टिकरापारा के पास रुपए पैसे का दांव लगाकर अंकों के आधार पर सट्टा खिला रहे आरोपी अजय मंडावी पिता केशु मंडावी उम्र 22 वर्ष साकिन टिकरापारा धमतरी के कब्जे से नगदी रकम व सट्टा पट्टी तथा अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे आरोपी ओमप्रकाश सोनवानी पिता भैया लाल सोनवानी उम्र 27 वर्ष गौरी गौरा चौक के पास जोधापुर धमतरी को रंगे हाथ पकड़ कर उसके कब्जे से 17 पौव्वा देसी मदिरा प्लेन जब तक कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

नजूल अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार डिप्टी कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे को

धमतरी । कलेक्टर श्री रजत बंसल ने डिप्टी कलेक्टर श्री मनीष मिश्रा को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमतरी जिला सत्कार अधिकारी तथा उप संचालक पंचायत एवं नजूल अधिकारी का दायित्व सौंपा था। प्रशासनिक दृष्टिकोण के मद्देनजर श्री मिश्रा को नजूल अधिकारी धमतरी के प्रभार से मुक्त करते हुए डिप्टी कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे को पूर्व में सौंपे गए प्रभार शाखाओं के साथ.साथ नजूल अधिकारी धमतरी का अतिरिक्त प्रभार आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से सौंपा गया है।

गुरू घासीदास जयंती समारोह आयोजित

कसडोल। बाबा घासीदास के बतलाये सत्य के मार्ग पर चलने पर ही मानव समाज का कल्याण हो सकता है उक्त बातें ग्राम बैजनाथ में आयोजित तीन दिवसीय गुरू जयंती समारोह में प्रथम दिवस उपस्थित अतिथियों ने कही।

ज्ञात हो कि कसडोल विकासखण्ड के ग्राम बैजनाथ में विगत 25 वर्षो से गुरू घासीदास जयंती पर्व मनाया जाता रहा है उसी कडी में इस वर्ष भी दिनांक 21 जनवरी से 23जनवरी तक गुरू पर्व जयंती समारोह बैजनाथ में आयोजित किया गया है जिसमें दूर दराज सहित अनेक जिलों से पंथी नृत्य दल, भजन कर्ता भाग लेने पहुंच रहे हैं इस समारोह में प्रथम दिवस बतौर अतिथि वसुंधरा सामाजिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुये कहा कि आज बाबा घासीदास के दिखाये सत्य के मार्ग पर चलने की आवश्यकता है तभी मानव समाज का कल्याण हो सकता है उन्होने लोगों को नशापान और मांसाहार से दूर रहते हुये सामाजिक समरसता के साथ जीवन जीने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सुनील तिवारी ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास ने जो मनखे मनखे एक समान की बात बतला कर सभी समाज को एकता का संदेश दिया था उसे अपने जीवन में उतारने की जरूरत है।

बल, बुद्धि, विद्या देहु मोहे हररू कलेश विकार : आनंद पवार

धमतरी। ग्राम बोरिदखुर्द में चल रहे मानसगान प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन अवसर पर युवा नेता आनंद पवार, महेंद्र राव बाबर सेवानिवृत्त खेल शिक्षक, हीरेन्द्र पवार, दीपक सोनकर पार्षद, लोकेश पवार, पंकज देवांगन, नवयुवक मानस प्रचार समिति के अध्यक्ष टोकनराम सिन्हा, नाहर नेताम, मनोहर सिन्हा, गोविंद मंडावी, मन्नूलाल मंडावी, मुकेश साहू, राजेश्वर मरकाम, भूपेंद्र साहू, सेवक राम नेताम, गनपत सिन्हा, अनिल साहू, सेवक निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। अपने उद्बोधन में आनंद पवार ने कहा कि जामवंत जी द्वारा हनुमान को अपनी खोई हुई शक्ति को पुनः स्मरण दिलाने के बाद जब राम भक्त हनुमान माता सीता की खोज में लंका के लिए निकलते हैं, तो हनुमान के बल और बुद्धि की परीक्षा लेने देवता स्वयं सर्पों की माता सुरसा को भेजते हैं। जैसे ही सुरसा हनुमान को खाने के लिए अपना मुंह खोलती है तो हनुमान भी अपना आकार उससे दुगुना कर लेते हैं। जब सुरसा अपना आकार बढ़ाते बढ़ाते 16 योजन की हो जाती है तो हनुमान भी अपना आकार 32 योजन कर लेते हैं और अंत में सुरसा हार मानकर बिदा ले लेती है। आनंद पवार ने कहा ठीक इसी तरह हमारे जीवन में भी समस्याएं भिन्न भिन्न रूपों में आती हैं।

मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता संपन्न

भाटापारा। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल भाटापारा में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। ।कार्यक्रम का शुभारंभ निर्णायिका श्रीमती तृप्ति वाढेर ,श्रीमती वीणा साहू, श्रीमती मेघा वर्मा, व प्राचार्या श्रीमती प्रीति ताम्हणे ,स्कूल कोऑर्डिनेटर टी आर साहू द्वारा माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया ।

इस शुभ अवसर पर पालक समिति सदस्य शंकर सोनी , कौशल मिश्रा , श्रीमती जया देवांगन भी उपस्थित थे ।प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी से आठवीं तक के 74 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के पोशाकों के माध्यम से अपनी सुंदर नृत्य का प्रदर्शन किया। जिसमें छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, राजस्थानी नृत्य, भांगड़ा ,फिल्मी नृत्य, क्लासिकल नृत्य एवं पारंपरिक शैली की मनमोहक प्रस्तुति दी ।तत्पश्चात निर्णायिकाओं द्वारा कक्षा अनुसार अपने निर्णय प्रस्तुत किए गए।जिसके अनुसार कक्षा एलकेजी के ग्रुप बी में प्रथम समीक्षा बाजपेई, द्वितीय तोरल देवांगन ,तृतीय स्थान लावण्या कुर्रे एवं सांत्वना पुरस्कार माधवी साहू, तेजल साहू ने प्राप्त किया। कक्षा यूकेजी ग्रुप सी में प्रथम स्थान आस्था देवांगन ,द्वितीय लिपि साहू,तृतीय स्थान काव्या देवांगन एवं सांत्वना पुरस्कार हनी ध्रुव ने प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा पहली व दूसरी से ब्रिलियंट सदन से प्रथम स्थान दुर्गेश्वरी साहू, द्वितीय स्थान डिंपल सेन, तृतीय स्थान मार्लवस सदन से लक्ष्य चौरसिया,फैंटास्टिक सदन से रिया दुबे और सांत्वना पुरस्कार जीनिय सदन से अनुग्रह बेंजामिन व समृद्धि कारिया को मिला। कक्षा तीसरी से पांचवी में जीनियस सदन से प्रथम स्थान पर शुभांगी तिवारी, द्वितीय स्थान खनन दास ,तृतीय स्थान मार्बल्स सदन से अनुष्का वर्मा एवं सांत्वना पुरस्कार फैंटास्टिक सदन से चित्राक्षी ध्रुव, मार्लवस सदन से फ्लक ओझा, रूपाली साहू, ब्रिलियंट सदन से विभा सोनी को मिला।

जिला धमतरी 100 फीसदी बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया गया

धमतरी। तीन दिवसी राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियों अभियान के तहत् जिला धमतरी को 1 लाख 8 हजार 441 का अनुपातिक मिला था। जिसके विरूद्ध 1 लाख 8 हजार 539 बच्चो को पल्सपोलियों खुराक पिलाया गया जो 100 प्रतिशत उपलब्धि हासिल किया । कुरूद ग्रामीण 26 हजार 961 बच्चे, कुरूद शहरी 2 हजार 682 मगरलोड ब्लाक में 16 हजार 298, गुजरा ब्लाक में 23 हजार 585, नगरी ब्लाक में 24 हजार 451, एवं धमतरी शहर में 14 हजार 562 शुन्य से पांच साल के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गयी। यह कार्यक्रम प्रथम दिन व तृतीय दिन तक प्रातः 7 बजे से शाम 4 बजे तक चला। प्रथम दिन पोलियो बुथ, आंगनबाडी केन्द्र, स्कूलों, पंचायत भवन मंर पोलियो बुथ में पिलाया गया । दूसरे एवं तीसरे दिन कुल 1 लाख 85 हजार 245 घरों का गृह भेट का छुटे हुए बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर घरों में पल्सपोलियों सम्बन्धित मार्किंग की गयी।

ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों ने कहा सामाजिक बुराई को मिटाने में करेंगे पुलिस का सहयोग

ग्राम स्तर पर अपराध नियंत्रण हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

गरियाबंद। ग्राम स्तर पर अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए ग्राम रक्षा समिति का गठन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे के दिशा-निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरियाबंद संजय ध्रुव के पर्यवेक्षण में ग्राम स्तर में अपराधों पर अंकुश लगाने व नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि सिटी कोतवाली अंतर्गत बुधवार को ग्राम घुटकुनयापारा में थाना प्रभारी निधि साहू के नेतृत्व में ग्राम रक्षा समिति का गठन किया गया। इस अभियान में ग्राम घुटकुनयापारा के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। थाना प्रभारी द्वारा वहां उपस्थित लोगों से ग्राम स्तर पर अपराध नियंत्रण, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण, अनैतिक क्रियाकलापों, बाल विवाह, टोनही प्रताड़ना, अन्धविश्वास आदि सामाजिक बुराईयों से बचने तथा समाज में व्याप्त नशा, जुआ, सट्टा, एवं महिला अत्याचार आदि गतिविधि के सम्बंध में तत्काल थाना को सूचित करने के सम्बंध में बताया गया। उपस्थित ग्रामिणों के द्वारा पुलिस को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया गया।

थाना प्रभारी निधि साहू के द्वारा पुलिस द्वारा पूर्व संचालित योजनाओं चेतना, ई-प्रहरी, मिशन रोड़ सेफ्टी, गुड टच - बैड टच आदि क्रार्यक्रमों में भी योगदान करने का आग्रह किया गया, साथ ही साथ चिटफ्ण्ड कंपनियों के झांसे में नहीं आने, साईबर क्राईम से बचने, एटीएम फ्राड से बचने, यातायात नियमों का पालन किये जाने, जेवर चमकाने वाले ठगों से सावधान रहने तथा अन्य प्रकार के फर्जी एजेंटो से सावधान रहने के सम्बंध में अवगत कराया गया।

इस अवसर पर आरक्षक राकेश यादव, जयकिशन यादव, सुशील पाठक, प्यारी साहू, ललित नेताम, राजपाल नेताम, सहा. आरक्षक दिलीप तिवारी के साथ-साथ ग्राम घुटकूनयापारा के आमजन सहित ग्राम स्तर पर गठित महिला कमाण्डो के सदस्य व अन्य महिला व पुरूष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं GULAM JILANI BAILIM S/O, ABDUL SATTAR BAILIM निवासी 159,SADAR BAZAR UTTAR BADI MASJID WARD 14, DHAMTARI (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम GULAM JILANI S/O, ABDUL SATTAR रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम GULAM JILANI S/O, ABDUL SATTAR से ही जाना पहचाना जावे।

GULAM JILANI
159, SADAR BAZAR UTTAR BADI MASJID WARD 14, DHAMTARI (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं FARIDA BAILIN W/O, GULAM JILANI BAILIM निवासी 159, SADAR BAZAR UTTAR BADI MASJID WARD 14, DHAMTARI (C.G.) यह शपथ करती हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम FARIDA BEGAM W/O, GULAM JILANI रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम FARI-DA BEGAM W/O, GULAM JILANI से ही जाना पहचाना जावे।

FARIDA BEGAM
159, SADAR BAZAR UTTAR BADI MASJID WARD 14, DHAMTARI (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं MOHAMMED SAJID MEMAN S/O HASAM BHAI MEMON निवासी MAIN ROAD, GARIABAND (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम MOHAMMAD SAJID MEMON S/O HASAM BHAI MEMON रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम MOHAMMAD SAJID MEMON S/O HASAM BHAI MEMON से ही जाना पहचाना जावे।

MOHAMMAD SAJID MEMON
MAIN ROAD, GARIABAND (C.G.)

साजा शराब दुकान से निकली गाड़ी को तहसीलदार ने पकड़ा

- गाड़ी में शराब की बड़ी खेप, खुलेआम परिवहन
- पकड़ी गई स्कार्पियो से 14 पेटी शराब जब्त

नवप्रदेश संवाददाता

साजा। जिले के साजा में पहली बार बड़ी मात्रा में शराब पकड़ी गई है। मंगलवार रात को सूत्रों की जानकारी पर तहसीलदार के द्वारा कार्यवाही करते हुए साजा के शराब दुकान से निजी वाहन में शराब की बड़ी खेप की अवैध परिवहन को पकडा गया। इस प्रकार की कार्यवाही आबकारी विभाग के कार्यप्रणाली पर लगने वाले आरोपों की स्वतः ही प्रशासनिक पुष्टि करता है। वही अब यह सवाल खड़े होते हैं कि किसके लिए यह शराब की बड़ी खेप 14 पेटी का अवैध परिवहन किया जा रहा था ? क्या इसका खुलासा पुलिस करेगी ? प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कार्पियो छ्त07क्क्ष्4523 शराब का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। उक्त गाड़ी सुरेश पटेल के नाम पर रजिस्टर है। ज्ञात हो कि चुनाव के चलते विगत कई दिनों से साजा के शराब दुकानों से बड़ी मात्रा में शराब की तस्करी की जा रही थी। जिसके बाद न्यूज पेपरो व न्यूज़ पोर्टल में खबर भी समय समय पर चल रही थी। जिसके बाद भी खबरों को नजर अंदाज करते हुए शराब दुकान के कर्मचारी शराब बड़ी मात्रा में गाड़ियों में भरभर कर सप्लाई दिया जा रहा था। जिसके बाद खबरों को संज्ञान में लेते हुए साजा के अधिकारी सकते में आये। जिसके बाद कल रात मंगलवार को शराब दुकान पर नजर रखे हुए थे जैसे ही शराब दुकान से गाड़ी भरकर निकली वैसे ही तहसीलदार प्रफुल्ल रजक और पुलिस की टीम ने स्कार्पियो का पीछा करते हुए ग्राम मुसुवाडीह के पास गाड़ी को पकड़ा गया। पुलिस की गाड़ी को पीछा करते देख परिवहनकर्ता मौके पर गाड़ी को छोड़कर भाग गए। जिसके बाद गाड़ी की तलाशी ली गई तो गाड़ी में 6 पेटी अंग्रेजी शराब गोवा और 8 पेटी देशी शराब पाया गया। जिसके बाद गाड़ी को साजा थाना में लाकर आगे की कारवाई की जा रही है।

न्यूज पेपरों व सोशल मीडिया में खबरें आते रहने के बाद भी अवैध रूप से शराब दुकान से भारी मात्रा में शराब की निकसी होना और उसके बाद भी आबकारी विभाग का मौन होना विभाग प्रमुखों पर सीधा सवाल खड़ा करता है। यह मामला सिर्फ साजा ही नहीं ब्लकि देवकर, परपोडी, थानखमरिया सहित पूरे जिला का हैं। जिले में इतनी बड़ी मात्रा पर शराब पकड़ी गई है तो आगे क्या शराब दुकान के कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी या फिर आबकारी अधिकारी पर भी करवाई होगी।

उपाध्यक्ष देवांगन ने खुद उठाया सफाई का जिम्मा

खरोरा। नगर खरोरा में सोमवार बाजार में उपाध्यक्ष पन्ना देवांगन ने खुद अपने सहयोगी की मदद से पूरे सब्जी बाजार की सफाई की व लोगो के लिए एक मिसाल पेश की । उन्होंने कहा कि कोई भी काम छोटा बड़ा नही होता और मैं पूरे नगर में सफाई विभाग में विषेस तौर पर ध्यान दूंगा व किसी भी कार्य के लिये किसी इन्तेज़ार नही करूँगा मैं खुद उसे पूरा करने की कोशिश करूंगा।

चार्जर प्रमाण पत्र वितरित

खरोरा। श्री मृत्युंजय शुक्ला जी विकासखण्ड सचिव धरसींवा को आज राज्य सचिव श्री कैलाश सोनी जी के करकमलों से ए. एल.टी.स्काउटऑनरेबल चार्ज प्रमाण पत्र एवं श्री टी. के.एस. परिहार राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट के करकमलों से बीस्ट प्राप्त किया गया इस कर्यक्रम में श्री हसरत खान राज्य संगठन आयुक्त स्काउट ,श्रीमती सरिता पांडेय राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड,सुश्री करुणा मशीह राज्य संगठन आयुक्त गाइड,श्री मनोज कुमार वर्मा जिला संगठन आयुक्त स्काउट,श्री टेकलाल पटेल जी वरिष्ट रोवर लीडर की उपस्थिति में सम्पन हुआ।

सुदामा से परमात्मा ने मित्रता का धर्म निभाया : आचार्य झम्मन प्रसाद शास्त्री

साजा। माँ महामाया मंदिर देऊरगांव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य झम्मन प्रसाद शास्त्री ने कहा कि सुदामा से परमात्मा ने मित्रता का धर्म निभाया। राजा के मित्र राजा होते हैं रंक नहीं, पर परमात्मा ने कहा कि मेरे भक्त जिसके पास प्रेम धन है वह निर्धन नहीं हो सकता। कृष्ण और सुदामा दो मित्र का मिलन ही नहीं जीव व ईश्वर तथा भक्त और भगवान का मिलन था। जिसे देखने वाले अचंभित रह गए थे। आज मनुष्य को ऐसा ही आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

गगनयान : इसरो ने...
और मानव को पहचान सकता है। यह रोबॉट अंतरिक्षयात्रियों के द्वारा किए जाने वाले किए जाने वाले क्रियाकलाप की नकल कर सकता है।'

सीएए पर रोक नहीं....
दाखिल करने की इजाजत नहीं दे। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस मामले में वह जल्दबाजी में कोई आदेश नहीं दे सकती है।

दिल्ली चुनाव के लिए...
शामिल किए जाने से प्रदेश कांग्रेस में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सीएम बघेल के समर्थक ज्यादा उत्साहित है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस आलाकमान ने झारखंड व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्रचार का जिम्मा दिया था, जिसे उन्होंने बखूबी पूरा किया। महाराष्ट्र के नागपुर में तो जिन तीन सीटों पर सीएम बघेल ने पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया था, उनमें से दो पर कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत हुई थी।

पत्थलगड़ी का विरोध...
ने यह कहकर विरोध किया कि अगर वोटर कार्ड, आधार कार्ड आदि जमा कर देंगे तो बच्चों को पढ़ाई में दिक्कत होगी। इससे नाराज पत्थलगड़ी समर्थक उपमुखिया जेम्स बूढ़, लुपा बुढ़ और अन्य पांच लोगों के साथ मारपीट करने लगे। इसके बाद पत्थलगड़ी समर्थक उपमुखिया जेम्स बूढ़ और अन्य छह लोगों को उठाकर जंगल की ओर ले गए। रविवार देर रात तक उनके घर वापस नहीं लौटने पर सोमवार को उपमुखिया जेम्स बूढ़ और अन्य छह लोगों के परिजन गुदड़ी थाना पहुंचे। उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मंगलवार दोपहर को पुलिस को उपमुखिया जेम्स बूढ़ और अन्य छह लोगों की हत्या कर उनके शव जंगल में फेंके जाने की सूचना मिली। यह इलाका घोर नक्सलग्रसत होने के कारण पुलिस मंगलवर रात तक घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी। इसके बाद आज सुबह पुलिस ने सातों अगवा लोगों के शव बरामद कर लिए।

रेलवे : हर महीने...
उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरपीएफ ने मुस्तफा समेत 27 लोगों को अरेस्ट किया है। अब मामले की जांच से आईबी और एनआईए भी जुड़ गए हैं।

यह रैकेट महज 1.48 मिनट में 3 टिकट बुक कर लिया करता था। सैकड़ों आईडी के जरिए यह खेल होता था, जिससे अंदाजा लगया जा सकता है कि यह रैकेट मिनटों में ही हजारों टिकटों पर हाथ साफ कर लेता था। आमतौर पर एक टिकट को मैन्युअली बुक करने में 2.55 मिनट तक का वक्त लगता है। साफ है कि इस गैंग के चलते कई जरूरतमंदों को यात्रा के लिए टिकट नहीं मिल पाते थे और उन्हें परेशान होना पड़ता था। आरपीएफ के मुताबिक यह गैंग कई बार 85 फीसदी टिकट अकेले ही बुक कर लेता था, जिन्हें मनमाने दामों पर यात्रियों को दिया जाता था। हालांकि रेलवे की कमाई पर इससे कोई असर नहीं पड़ता था, लेकिन आम यात्रियों से काफी रकम ऐंठ ली जाती थी।

बिना ओटीपी और कैप्चा के कर लेते थे टिकट बुक

इस सॉफ्टवेयर के जरिए रैकेट ने आईआरसीटीसी की ओर से टिकट फ्रॉड रोकने के लिए लागू सभी बैरियर्स का तोड़ निकाल लिया था। कैप्चा और बैंक ओटीपी जैसी कई प्रक्रियाओं के बिना ही ये लोग टिकट बुक कर लिया करते थे। यह गैंग इस घोटाले के जरिए हर महीने 10 से 15 करोड़ रुपये तक समेट रहा था। इस गैंग का पहला टारगेट कैश कमाना होता था।

आतंकी फंडिंग में लगाते थे टिकटों की रकम

कैश कमाने के बाद ये लोग इस रकम से टेरर फाइनैंसिंग करते थे। आरपीएफ की ओर से गिरफ्तार लोगों से अब तक पूछताछ में यह पता चलता है कि इस पूरे रैकेट के तार पर आतंकी फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े हुए हैं। यही नहीं सुरक्षा एजेंसियों को मुस्तफा के लैपटॉप में एक ऐसा ऐप्लिकेशन भी मिला है, जिसके जरिए फर्जी आधार कार्ड तैयार किए जाते थे।

कश्मीर पर जवाब...
दर्जे को खत्म करने और इसे केंद्रशासित प्रदेश बनाने के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्ते बेहद खराब हो गए। पाकिस्तान इस मुद्दे पर भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, भारत ने साफ किया है कि यह पूरी तरह आंतरिक मामला है।

शारंग तोप का..
की एम-46 तोप को उन्नत करके बनाया गया है। एम-46 तोप की मारक क्षमता जहां 27 किमी थी वहीं शारंग मारक क्षमता 36 किलोमीटर हो गई है। यही नहीं अब यह तो अब पहले की तुलना में ज्यादा तबाही ला सकती है।

गोले में 8 किलो टीएनटी का इस्तेमालः विशेषज्ञों के मुताबिक एम-46 के गोले में जहां 3.4 किलोग्राम टीएनटी का इस्तेमाल किया जाता था वहीं अब सारंग के गोले में 8 किलो टीएनटी का इस्तेमाल किया जा रहा है। ज्यादा टीएनटी मतलब ज्यादा तबाही। सारंग तोप का वजन करीब 8.4 टन है और उसके बैरल की लंबाई करीब 7 मीटर है। यह गन भी अब सेमी ऑटोमेटिक हो गई है। इससे अब तोप के अंदर गोले डालने में क्रू मेंबर को आसानी हो गई है।

साकार होगा पीओके का सपनाः शारंग, के9 वज्र-टी, धनुष और अमेरिका निर्मित एम-777 तोपों के भारतीय सेना में शामिल होने के साथ ही अब भारत दुश्मन के 40 से 50 किमी अंदर तक गोले बरसाने में सक्षम हो गया है।

यूपी ने कारोबारी...
छत्तीसगढ़ पुलिस ने अपहृत कारोबारी प्रवीण सोमानी की तलाश के लिए आठ टीम बनाकर देश के अलग-अलग राज्यों में भेजी गई थी। रायपुर पुलिस के एसएसपी आरिफ शेख खुद इस मामले की जांच में जुटे थे। वहीं बुधवार रात खबर आई कि कारोबारी प्रवीण को उत्तरप्रदेश के किसी शहर से पुलिस ने सुरक्षित अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ा लिया है। गुरुवार को सोमानी के साथ रायपुर पहुंचने पर पुलिस इस मामले में कोई बड़ा खुलासा कर सकती है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202001211100003/39

विषय:- अ-2 मामले की श्रेणी:- राजस्व सनः- 2019-2020

पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- नीतू वर्मा,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम हथनी प.ह.नं. 11 रा.नि.म. भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला- बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नीतू वर्मा पति प्रशांत वर्मा निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम हथनी प.ह.नं.11 तहसील भाटापारा स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 358/13 रकबा 0.022 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुर्न निर्धारण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त भूमि का कर पुनर्निर्धारण करने के संबंध में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 25/01/2020 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/01/2020 को जारी किया जाता है।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय मे मामला क्रमांक : 202001211100039/34

विषय:- अ-20(3) मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:- 2019-20
भाटापारा प.ह.नं. 00011(हे.)

पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- नरेश कुमार गोयल,
अनावेदक पक्षकार- कलाबाई, मोतीलाल, मदनलाल, सुरेश कुमार, रमेश कुमार, श्रीमती सुलोचना, श्रीमती नूतन

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम भाटापारा प.ह.नं. 11 रा.नि.म. भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला- बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश कुमार गोयल पिता छेदीलाल गोयल निवासी दाउ कृष्ण कुमार वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार छ.ग. ने नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक ने अनावेदक कलाबाई, मोतीलाल, मदनलाल, सुरेश कुमार, रमेश कुमार, श्रीमती सुलोचना, श्रीमती नूतन से ग्राम भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 11डी भूखण्ड क्रमांक 79 खसरा नम्बर 324/1 क्षेत्रफल 424 वर्ग मीटर को पंजीकृत बैनामा दिनांक 23/4/1987 के माध्यम से क्रय किया गया है। पंजीकृत बैनामा के आधार पर उक्त भूमि में अपना नाम दर्ज किये जाने का लेख किया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मेंटनेंस खसरा, बैनामा की छाया प्रति के साथ प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है।

अतः उक्त आवेदित भूमि के संबंध में दावा आपत्तियां यदि कोई हो तो वे अपना दावा आपत्तियां दिनांक 31/1/2020 तक मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। इसके पश्चात बाद में की गई दावा आपत्तियों पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/01/2020 को जारी किया जाता है।

सील — अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
जय स्तंभ चौक के पास मुख्य पोस्ट ऑफिस के सामने रायपुर

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामान्तरण प्र.क्र. 432-2019-2020 वार्ड का नाम पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड 48

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड 48 वार्ड स्थित भवन/भूमि 48/ठ-24 आर.एस.पार्क जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती इरफान कुरैशी पिता स्व. मोहम्मद राही कुरैशी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती मोहम्मद अखलाक पिता श्री अब्दुल हसनाथ ने रजिस्ट्री के अनुसार वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dc_rmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामान्तरण प्र.क्र. 355 वार्ड का नाम शहीद भगत सिंह, वार्ड-13

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शहीद भगत सिंह वार्ड स्थित भवन/भूमि अर्जुन विहार 47B-6 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती दलजीत सिंग बल श्री सुरजीत सिंग बल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती पुष्पेन्द्र कुमार पिता श्री केदार प्रसाद ने रजिस्ट्री के अनुसार वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dc_rmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामान्तरण प्र.क्र. 354 वार्ड का नाम शहीद भगत सिंह, वार्ड-13

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शहीद भगत सिंह वार्ड स्थित भवन/भूमि आर्या पोलिप A-206 द्वितीय तल जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती संजय कुमार झा पिता स्व. ब्रजनाथ झा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती निशी शार्वा पिता श्री मोहनलाल शार्वा ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email-nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामान्तरण प्र.क्र. 384/2019-20 वार्ड का नाम शंकर नगर, वार्ड-31

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर-31 वार्ड स्थित मकान/भूमि 31/नया, ख.नं.- 561 एवं 564 का भाग जो कि निगम अभिलेख में श्री नारद धनगर पिता सकला धनगर के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती रम्भा धनगर पति गोवर्धन धनगर रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई/व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांकः 22/01/2020

जोन आयुक्त
जोन क्र.- 3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email- nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामान्तरण प्र.क्र. 383/2019-20 वार्ड का नाम शंकर नगर, वार्ड-31

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर-31 वार्ड स्थित मकान/भूमि 31/MIG-12 शंकर नगर, सेक्टर-2 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती सुधारानी सूद W/o स्व. जितेन्द्र कुमार सूद के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती वंदना सूद D/o स्व. जितेन्द्र कुमार सूद W/o रवीश सूद रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई/व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांकः 22/01/2020

जोन आयुक्त
जोन क्र.- 3
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202001211100005/41

विषय:- अ-2 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:- 2019-2020

पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- पार्वती कश्यप,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम हथनी प.ह.नं. 11 रा.नि.म. भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला- बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पार्वती कश्यप पति डाकेश्वर कश्यप निवासी हथनीपारा वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम हथनी प.ह.नं.11 तहसील भाटापारा स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 466/5 शामिल 467/5, 468/5 रकबा 0.013 हेक्टेयर भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु कर पुर्न निर्धारण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त भूमि का कर पुनर्निर्धारण करने के संबंध में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 25/01/2020 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/01/2020 को जारी किया जाता है।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202001211100004/40

विषय:- अ-2 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:- 2019-2020

पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- शैलेष कश्यप,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम हथनी प.ह.नं. 11 रा.नि.म. भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला- बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेन्द्र कश्यप पिता डाकेश्वर कश्यप निवासी हथनीपारा वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम हथनी प.ह.नं.11 तहसील भाटापारा स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 466/7 शामिल 467/7, 468/7 रकबा 0.012 हेक्टेयर भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु कर पुर्न निर्धारण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त भूमि का कर पुनर्निर्धारण करने के संबंध में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 25/01/2020 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/01/2020 को जारी किया जाता है।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित रायपुर (छ.ग.)
(छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कम्पनी)

विद्युत अवरोध की आवश्यक सूचना

विद्युत लाईनों/ उपकरणों के आवश्यक निर्माण कार्य नगर निर्माण संभाग हेतु निम्नलिखित फीडरों/ उपकेन्द्र के सम्मुख दर्शाये गये तिथि एवं समय में विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगी। जिसके समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

दिनांक 23.01.2020 दिन गुरूवार समय प्रातः 10:30 बजे से 15:00 बजे तक फीडर आवश्यक निर्माण कार्य।

1/ फीडर का नामः 11 केव्ही गोवर्धन चौक फीडर
प्रभावित क्षेत्रः काशीराम नगर, साहनी पार्क, आरडीए कालोनी, गोकुल अपार्टमेंट, जनता क्वांटर, चंचल विहार, चोपड़ा काम्प्लेक्स, रिंग रोड क्रमांक 1 सम्पूर्ण शैलेन्द्र नगर, सूर्या विहार, पारसी कब्रिस्तान के आस पास का क्षेत्र एवं इस फीडर से जुड़े समस्त उपभोक्तागण इत्यादि तथा गोवर्धन चौक राव पुतला के आसपास का क्षेत्र।

2/ फीडर का नामः 11 केव्ही श्याम नगर फीडर
प्रभावित क्षेत्रः पुराना काशीराम नगर, गुरूद्वारा रोड श्याम नगर, मुथा कालोनी, गुरू गोविंद नगर, संतोषी चौक, श्याम नगर, बगीचा, राजेन्द्र नगर पुलिस चौक, बुढी माई मंदिर के आसपास का क्षेत्र, टेक्नो इण्डस्ट्रीज के आसपास का क्षेत्र, गोवर्धन चौक श्याम नगर आईटीआई के आसपास का क्षेत्र एवं इस फीडर से जुड़े समस्त उपभोक्तागण इत्यादि।

नोटः- विद्युत शिकायत के लिये समस्त जोन के सम्मानीय उपभोक्तागण विद्युत शिकायत केन्द्र- केन्द्रीय कॉल सेन्टर फोन नं. 2576200, 2576010 एवं 1912 पर संपर्क कर सकते हैं। बिजली बिल से सम्बधित शिकायत का स्थानीय स्तर पर समुचित निराकरण नहीं होने पर उपभोक्ता विद्युत शिकायत निवारण फोरम गुढ़ियारी में आवेदन कर सकता है।

संवाद 24158/ 1

कार्यपालन यंत्री
नगर संभाग पुर्व
छ.रा.वि.वि. कं. मर्या. रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-358/ NIT-21/2019-2020/व ले लि — दिनांक 20/01/2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
Providing and Installation of New Air conditiones		
21 T0219	Under PWD E/M Workshop Subdivision Raipur CG द्वितीय आमंत्रण	5.00
21 T0220	at Raj Bhawan Section under PWD E/M Workshop Sub Division Raipur C.G. द्वितीय आमंत्रण	5.00
21 T0221	SITC work of Desert Cooler unit at minister bunglow under pahuna Section, Shankar nagar, Raipur प्रथम आमंत्रण	4.80
SITC work of Air Conditioning Split/Window/Cassette/Tower unit at		
21 T0222	Minister Bunglow at Shankar nagar, Raipur C.G. प्रथम आमंत्रण	5.00
21 T0223	NRB Building under Pahuna Section, Raipur C.G. प्रथम आमंत्रण	5.00
Providing E/f to Ordinary maintenance at		
21 T0224	Govt Residential Building in CG Vidhansabha Campus Raipur प्रथम आमंत्रण	4.95
21 T0225	Rest House and Govt. College Building Arang Distt Raipur प्रथम आमंत्रण	5.00
21 T0226	SDM Office and Govt. Staff Qtrs Arang Distt Raipur प्रथम आमंत्रण	4.90
21 T0227	Providing Ordinary Repair and Annual Maintenance of Split/ window AC and Water Cooler under PWD E/M Subdivision Gariaband प्रथम आमंत्रण	5.00
21 T0228	Supply and Fixing Water Supply Submersible pump Set in Govt NON Residential Building under PWD E/M Subdivision Gariaband प्रथम आमंत्रण	5.00

नोट :- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 03/02/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
शर्तें :- 1) उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

जी-76323/1

कार्यपालन अभियंता
वि./यां. संभाग, लो.नि.वि.
रायपुर (छत्तीसगढ़)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्रमांक -5, रायपुर

:: द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना (संशोधित)::

क्र. 1446/जोन क्र.5/ लो.क.वि./ 2020 — रायपुर, दिनांक 22/01/2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों हेतु सीलबंद निविदायें एस.ओ.आर./ नान एस.ओ.आर. दर के आधार पर दो लिफाफा पद्धति में दिनांक 06/02/2020 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिका निगम जोन कार्यालय क्रमांक 5 में कार्यालयीन दिवस में दोपहर 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये दिनांक 29/01/2020 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्र की राशि जमा करने के पश्चात प्राप्त किये जा सकेंगे। दिनांक 02/02/2020 तक निविदा प्रपत्र जारी होंगे। प्राप्त निविदायें दिनांक 07/02/2020 को सांय 04:00 बजे खोली जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानत राशि (रूपये)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये)	प्रभावशील एस.ओ.आर. एवं आयटम दर	कार्य की अवधि
1	महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड क्र. 61 अंतर्गत गोपियापारा एवं अन्य स्थान में पुलिया निर्माण कार्य।	5.00	5000/-	750/-	S.O.R. (PWD 01.01.2015)	4 माह
2	पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड क्र. 66 अंतर्गत सोनी ज्वेलर्स के पास सड़क नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य।	19.35	14550/-	750/-	S.O.R. (PWD 01.01.2015	6 माह
3	डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड क्र. 67 अंतर्गत गणपति नगर में पाण्डेय डेयरी मोहल्ला में रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य।	13.00	9750/-	750/-	S.O.R. (PWD 01.01.2015)	6 माह
4	डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड क्र. 67 अंतर्गत करण नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में नाली निर्माण कार्य।	12.00	9000/-	750/-	S.O.R. (PWD 01.01.2015)	6 माह
5	डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड क्र. 67 अंतर्गत शुभ साडी सेंटर के बाजू गली में बाजार चौक में नाली, पुलिया, रोड निर्माण कार्य।	10.50	7900/-	750/-	S.O.R. (PWD 01.01.20156)	6 माह
6	माधव राव सप्रे वार्ड क्र. 68 अंतर्गत पं. गिरजा शंकर मिश्र शा. उच्च. माध्यमिक विद्यालय रायपुरा में 2 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	10.00	7500/-	750/-	S.O.R. (PWD 01.01.2015)	6 माह
7	जोन क्र. 5 अंतर्गत (युवा महोत्सव में कलाकारों के ठहरने के आवासीय परिसरों के आसपास बजरी प्रदाय) डस्ट प्रदाय करने का कार्य।	2.00	2000/-	750/-	S.O.R. (PWD 01.01.2015)	1 माह
8	जोन क्र. 5 कार्यालय में पोताई कार्य।	4.00	4000/-	750/-	S.O.R. (PWD 01.01.2015)	2 माह
9	जोन क्र. 5 अंतर्गत सुलभ शौचालय में विद्युतीकरण कार्य।	1.00	2000/-	750/-	S.O.R. (PWD 01.01.2015)	1 माह
10	जोन क्र. 5 कार्यालय में waterproofing कार्य	2.00	2000/-	750/-	S.O.R. (PWD 01.01.2015)	1 माह

कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
जोन क्र.-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

नोट : पेयजल, सड़क, बिजली, पानी संबंधी समस्या निराकरण निदान-1100

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

खुद को मीठा खाने से रोकती हैं दिशा पाटनी



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी खुद को मीठा खाने से रोकती है और इसके लिये उन्होंने स्पेशल ट्रिक अपनायी है। दिशा पाटनी अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस से जुड़े पोस्ट्स और तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। दिशा को अपनी सुपर टोन्ड बॉडी हासिल करने के लिए स्ट्रिक्ट डायट का भी पालन करना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि उन्हें चीनी बहुत पसंद है हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि एक स्नैक लेने के बाद मीठे के प्रति उनकी तलब खत्म हो जाती है। दिशा ने कहा, ÷एक एक्टर के तौर पर मैं फिटनेस में भरोसा करती हूं, सिर्फ इसलिए नहीं कि मुझे अपनी फिल्मों और प्रोजेक्ट्स के लिए एक खास तरीके से दिखना है बल्कि एक आम इंसान के तौर पर भी मैं अपनी एक्सरसाइज रूटीन्स को काफी इंजॉय करती हूं। मैं हमेशा उन विकल्पों या सामानों की खोज में रहती हूं, जिन्हें खाकर मेरी टेस्टी फूड की तलब भी मिटती है और मैं अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रख सकती हूं। दिशा ने कहा, ÷मुझे शुगर बहुत पसंद है. मुझे चॉकलेट भी बहुत पसंद है। मेरे चीट डे भी होते हैं लेकिन जब मैं फिटनेस के प्रति एकदम फोकस्ड होती हूं तो हमेशा एक ऐसे स्नैक की तलाश में रहती हूं, जो मेरी चीनी या मीठे के प्रति तलब को भी खत्म करे। इस मामले में मुझे सेब पसंद हैं। यह बहुत ही पौष्टिक फल है।

प्रियंका दुनिया की सक्सेसफुल और इंस्पिरेशनल 100 महिलाओं में शामिल

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा दुनिया की सबसे सक्सेसफुल और इंस्पिरेशनल 100 महिलाओं में शामिल की गयी है।ब प्रियंका ने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी सफलता का परचम लहराया है और इसी वजह उन्हें बड़े मंचों पर सम्मान भी मिला है।

हाल ही में उनका नाम दुनिया की सबसे सक्सेसफुल और इंस्पिरेशनल 100 महिलाओं में शामिल किया गया है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म क्रिएट एंड कल्टीवेट ने अपनी एक लिस्ट जारी की है, जिसमें प्रिंयका चोपड़ा का नाम एंटरटेनमेंट कैटेगरी की टॉप 100 सक्सेसफुल महिलाओं में शामिल किया गया है।

वेबसाइट ने फैशन, फूड, एंटरटेनमेंट, एंटरप्रेन्योरशिप, हेल्थ, कंटेंट क्रिएशन, ब्यूटी, म्यूजिक के क्षेत्र की महिलाओं को लिस्ट में शामिल किया है। इसमें एंटरटेनमेंट कैटेगरी में प्रियंका का नाम शामिल किया गया है, जो भारत के लिए भी गर्व की बात है। इस लिस्ट में नाम आने के बाद प्रियंका ने शुक्रिया अदा किया है।

प्रिंयका ने ट्वीट कर कहा, क्रिएट एंड कल्टीवेट का शुक्रिया... जिसने मेरा नाम इस साल की एंटरटेनमेंट कैटेगरी में क्रिएट कल्टीवेट 100 लिस्ट में शामिल किया है।÷ अभिनेत्री ने साथ ही एक लिंक साझा किया है, जिसमें उन्होंने अपने अनुभव के बारे में लिखा है। हाल ही में फोर्ब्स ने भी प्रियंका चोपड़ा को टॉप-100 सेलेब्स लिस्ट में शामिल किया था।

अजय देवगन ने शुरू की आरआरआर की शूटिंग

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन ने राजामौली की फिल्म आरआरआर की शूटिंग शुरू कर दी है। दक्षिण भारतीय फिल्मकार राजामौली फिल्म आरआरआर बना रहे हैं। यह फिल्म 400 करोड़ रुपये के बड़े बजट में बनाई जा रही है और यह 10 भाषाओं में रिलीज होगी। आरआरआर के बारे में जानकारी देते हुये फिल्मकार ने ट्वीट किया, ÷हम लोग अजय देवगन के साथ अपने शेड्यूल की शुरुआत के लिए बहुत खुश हैं। फिल्म आरआरआर में अजय देवगन के अलावा जूनियर एनटीआर, राम चरण, आलिया भट्ट और डेजी जोनस लीड रोल में हैं।

अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा को लेकर फिल्म बनायेंगे इंद्र कुमार

बॉलीवुड के जाने माने फिल्मकार इंद्र कुमार सिंघम स्टार अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा को लेकर फिल्म बना सकते हैं।

QUIZ TIME

1) भारत की आकस्मिक निधि स्थापित की गई थी?
(क) 1950 (ख) 1952 (ग) 1954

2) औरंगजेब ने जजिया कर किस वर्ष पुनः आरोपित किया? (1660 / 1679)

3) 2019 में कितने लोगों को ग्रीन नोबेल पुरस्कार मिला था?

4) ओबरा बाँध किस नदी पर बनाया गया है?

5) ब्राजील के राष्ट्रपति का नाम बताए जो भारत की 71 वीं गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि होंगे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 1950 (2) 1679 (3) छः (4) रिहन्द (5) जेयर बोल्सोनारो

लव आजकल में सलमान के सुपरफैन होंगे कार्तिक आर्यन

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी आने वाली फिल्म लव आजकल में दबंग स्टार सलमान खान के सुपरफैन बने नजर आयेंगे। कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म लव आजकल का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ था जिसे लेकर फैंस ने मिश्रित प्रतिक्रियाएं दी थीं। कार्तिक अपनी फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं और उन्होंने हाल ही में इस फिल्म के सेट से एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में कार्तिक, सलमान के एक पोस्टर के साथ पोज देते हुए देखे जा सकते हैं। इस तस्वीर के सहारे उन्होंने फिल्म के एक कैरेक्टर रघु को इंट्रोड्यूस कराया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस फोटो के कैप्शन में लिखा, ÷मैंने भी प्यार किया। मिलिए रघु से, कल, 1990, लवआजकल। बताया जा रहा है कि यह फिल्म वर्ष 2009 में प्रदर्शित इसी नाम से बनी इम्तियाज अली की ही फिल्म का सीक्वल है।

रोजगार सृजन तथा आय बढ़ाने वाला हो बजट : इंडिया रेटिंग्स

साख निर्धारक तथा बाजार सलाह एवं अध्ययन कंपनी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंड-रा) ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की सुस्ती के कारक निकट भविष्य में दूर होते नहीं दिख रहे और सरकार को बजट में इस प्रकार निवेश करना चाहिये जिससे रोजगार सृजन हो तथा लोगों की व्यय योग्य आय बढ़े।

नई दिल्ली (वार्ता)। एजेंसी की आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा अनुमानित पाँच प्रतिशत की विकास दर के अगले वित्त वर्ष में मामूली सुधार के साथ 5.5 प्रतिशत पर पहुँचने की उम्मीद है। उसने कहा है कि विकास दर के 5.5 पाँच प्रतिशत से नीचे रहने का जोखिम बना रहेगा।

इंड-रा के अनुसार, अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कई कारक हैं। इनमें बैंकों के ऋण उठाव में सुस्ती और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के ऋण उठान में अचानक तेज गिरावट, आम लोगों की आमदनी और उनकी बचत में कमी आना तथा फँसी हुई पूँजी से जुड़े विवादों के जल्द निपटारे में समाधान और न्याय प्रणाली की विफलता प्रमुख हैं।

एजेंसी ने कहा ÷हालाँकि वित्त वर्ष 2020-21 में कुछ सुधार की उम्मीद है, लेकिन ये सभी नकारात्मक कारक बने रहेंगे। इसके परिणामस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था कम उपभोग तथा कम निवेश के दौर में उलझी रहेगी। इंड-रा का मानना है कि इस स्थिति से निपटने के लिए नीतिगत स्तर पर बड़े कदम उठाने की जरूरत है ताकि घरेलू माँग बढ़े और अर्थव्यवस्था ऊँची विकास दर के रास्ते पर दुबारा लौट सके। उसने कहा कि सरकार ने आर्थिक सुस्ती से निपटने के लिए पिछले कुछ समय में कई उपायों की घोषणा की है, लेकिन उनके फायदे मध्यम अवधि में ही सामने आयेंगे। इसलिए 01 फरवरी को संसद में पेश होने वाले बजट से काफी उम्मीदें हैं। उसने कर राजस्व तथा गैर-कर राजस्व में गिरावट की आशंका जताते हुये कहा कि इससे वित्तीय घाटा बढ़ सकता है। रिजर्व बैंक से प्राप्त अधिशेष राशि को जोड़ने के बावजूद चालू वित्त वर्ष में वित्तीय घाटा 3.6 प्रतिशत पर पहुँच सकता है। बजट में इसके 3.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था।

बजट में कागज पर सीमा शुल्क में हो बढ़ोतरी : उद्योग

नई दिल्ली (वार्ता)। कागज के भारी पैमाने पर आयात से घरेलू उद्योगों के हितों की हिफाजत की दिशा में सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों से उत्साहित घरेलू कागज उद्योग ने आगामी बजट में आयातित कागज पर सीमा शुल्क बढ़ोतरी की मांग की है। भारत का कागज उद्योग 70,000 करोड़ रुपये का है। भारतीय बाजार में बड़ी मात्रा में आयातित कागज पहुंचता है।

लाल निशान में बंद हुआ बाजार

मुंबई। शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बैंकिंग कंपनियों के शेयरों में जोरदार बिकवाली से बीएसई का सेंसेक्स 208.43 अंकों (0.50 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 41,115.38 पर बंद हुआ। वहीं, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 62. 95 अंक (0.52प्रतिशत) लुढ़ककर 12,106.90 पर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार में सेंसेक्स ने 41,532.29 का ऊपरी स्तर तथा 41,059.04 का निचला स्तर छुआ। वहीं, निफ्टी ने 12,225.05 का उच्च स्तर और 12,087.90 का निम्न स्तर छुआ। बीएसई पर 21 कंपनियों के शेयर लाल निशान पर तो 12 कंपनियों के शेयर हरे निशान पर बंद हुए, जबकि एनएसई पर 16 कंपनियों के शेयरों में लिवाली तथा 34 कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दर्ज की गई। विश्लेषकों का कहना है कि आम बजट से पहले ज्यादातर बड़े शेयर बिकवाली दबाव के चलते 'सुधार' प्रक्रिया में है। इसके अलावा, वैश्विक एजेंसियों द्वारा भारत के वृद्धि अनुमान को घटाने और कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीद के अनुकूल नहीं रहने की वजह से भी घरेलू निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। अन्य एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई, हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग, जापान का निक्केई और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहे। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजार भी लाभ में रहे। बीएसई पर ओएनजीसी के शेयर में सर्वाधिक 5.13 फीसदी, एनटीपीसी में 4.27 फीसदी, कोटक बैंक में 2.46 फीसदी, मारुति में 2.28 फीसदी तथा एचडीएफसी के शेयर में 1.92 फीसदी की गिरावट देखी गई।

कोयला आयात 17.6 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। बिजली उत्पादक कंपनियों का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में 17.6 प्रतिशत बढ़कर 5.24 करोड़ टन रहा। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनियों ने 4.46 करोड़ टन कोयले का आयात किया था। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के आंकड़ों से यह जानकारी प्राप्त हुई। अडाणी पावर और एनटीपीसी समेत अन्य कंपनियों के अधिक उपभोग की वजह से इस अवधि में कोयले के आयात में तेजी दर्ज की गई। वर्ष 2019-20 के पहले नौ महीने में अडाणी पावर के मुंदड़ा संयंत्र ने अकेले 1.28 करोड़ टन कोयले का आयात किया है। यह एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में 45 प्रतिशत अधिक है। इससे पहले अप्रैल-दिसंबर 2018-19 में उसने 88.1 लाख टन कोयले का आयात किया था। हालांकि, अडाणी के उडुपी संयंत्र का कोयला आयात 47.8 प्रतिशत गिरकर 9.9 लाख टन रह गया। एक साल पहले इसी दौरान उसने 19.1 लाख टन कोयले का आयात किया था।

रेटिंग एजेंसियों ने जताई उम्मीद

अगले वित्त वर्ष से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था की रफ्तार

नई दिल्ली। आर्थिक सुस्ती से जूझ रही देश की अर्थव्यवस्था को चालू वित्त वर्ष में कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही, लेकिन अगले वित्त वर्ष के बेहतर रहने की उम्मीद जताई जा रही है। फिच समूह की एजेंसी इंडिया रेटिंग्स ऐंड रिसर्च ने बुधवार को कहा कि वित्त वर्ष 2020-21 में देश की आर्थिक विकास दर मामूली सुधार के साथ 5.5त्न रह सकती है, लेकिन इसके नीचे जाने का जोखिम बना रहेगा। वहीं, पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने अगले वित्त वर्ष से अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ने का अनुमान लगाया था। इंडिया रेटिंग्स ने कहा, 'सरकार को वित्त वर्ष 2020-21 का बजट इस तरह से बनाना चाहिए कि उसमें व्यय युक्तिसंगत हो। इसके लिए प्राथमिकता तय करनी होगी। व्यय इस रूप से हो, जिससे प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हो और समाज के निचले तबकों की जेब में पैसा पहुंचे।

सोना 400 रुपये लुढ़का, चांदी 900 उतरी

नई दिल्ली (वार्ता)। विदेशों में कीमती धातुओं में रही नरमी के कारण बुधवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 400 रुपये उतरकर 41070 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा और चांदी 900 रुपये टूटकर 47200रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। लंदन एवं न्यूयॉर्क से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर 1.56 डॉलर उतरकर 1,558.45 डॉलर प्रति औंस पर रहा। फरवरी का अमेरिकी सोना वायदा 6.60 डॉलर लुढ़ककर 1,549.80 डॉलर प्रति औंस बोला गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चाँदी हाजिर 0.07 डॉलर उतरकर 17.78 डॉलर प्रति औंस बोली गयी। स्थानीय बाजार में सोना स्टैंडर्ड 400 रुपये उतरकर 41,070 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा। सोना बिटुर भी इतनी की ही गिरावट लेकर 40,900 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव बिका। आठ ग्राम वाली गिन्नी 30,800 रुपये रह स्थिर रही। चाँदी हाजिर 900 रुपये उतरकर 47,200 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। चाँदी वायदा 881 रुपये उतरकर 46,075 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। सिक्का लिवाली और बिकवाली गत दिवस के क्रमशः 970 रुपये और 980 रुपये प्रति इकाई पर टिके रहे।

पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार छठे दिन की गिरावट के बाद आज टिकाव रहा। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 74.82 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रही जो 28 दिसंबर 2019 के बाद का निचला स्तर है। डीजल की कीमत भी 68.05 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। यह 01 जनवरी के बाद का निचला स्तर है। पिछले छह दिन में पेट्रोल 88 पैसे और डीजल 1.01 रुपये सस्ता हुआ था। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल क्रमशः 77.42 रुपये, 80.42 रुपये और 77.73 रुपये प्रति लीटर बिका।

स्वास्थ्य बजट में 25 फीसदी की वृद्धि हो: छाबड़ा

स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी हस्तियों ने आगामी बजट में लोगों की सेहत का खास ख्याल रखे जाने की उम्मीद जताते हुए कहा है कि इतना धन तो उपलब्ध कराया ही जाना चाहिए जिससे उपचार कराना आम आदमी की पहुंच में हो सके और गरीबों को भी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करायी जा सकें।

नई दिल्ली (वार्ता)। डिजिटल हेल्थ केयर के क्षेत्र में अग्रणी शिफा केयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं संस्थापक मनीष छाबड़ा ने कहा कि पिछले वर्ष के स्वास्थ्य क्षेत्र के 62398 करोड़ रुपये के बजट में कम से कम 25 फीसदी की वृद्धि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को करनी चाहिए। इससे स्वास्थ्य क्षेत्र में आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराये जाने के साथ ही गरीबों का भी उपचार कराये जाने में सक्षम हुआ जा सकेगा। छाबड़ा ने बजट के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र की ओर से

सरकार को दिये गये सुझावों को मीडिया के साथ साझा करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) हटा दिया जाना चाहिए। इससे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसी नीति लागू करनी चाहिए जिससे गंभीर बीमारियां जैसे हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर, रक्तचाप दर्द, जलन और सूजन आदि में बायोसिमिलर का उपयोग करके पीड़ितों का उपचार किया जा सके। बायोसिमिलर से जुड़ी नीति लागू करने पर 50 करोड़ डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। आस्ट्रेलिया में इस नीति के लागू करने से उपचार में खर्च होने वाले सरकारी धन में 50 से 70 प्रतिशत तक कमी आयी है।

केयरकवर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं संस्थापक निवेश खंडेलवाल ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकारी खर्च में हालांकि काफी बढ़ोतरी की गयी है।

कैनन ने पेश किया नया ईओएस-1डी कैमरा

नई दिल्ली (वार्ता)। कैनन इंडिया ने डिजाइन के अपने सर्वोत्तम स्तर के ईओएस-1 डी एक्स मार्क।।। कैमरा बुधवार को लाँच करने का ऐलान किया।

कैनन इंडिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी काजुतदा कोबायाशी ने इस कैमरे को लाँच करते हुए कहा कि हमने प्रीमियम उत्पाद एवं सेवायें प्रदान करने के मामले में उपभोक्ताओं के बीच एक विशिष्ट स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा,÷ हम 2020 की शुरुआत ईओएस ईओएस-1डी एक्स मार्क।।। के लाँच के साथ हम प्रत्येक उपभोक्ता को शानदार फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के लिए समर्थ बनाते हैं। यह कैमरा हमारी फ्लैगशिप ईओएस-1डी सीरीज में सबसे नया उत्पाद है। हमें विश्वास है कि हमारी नयी प्रस्तुति भारत में पेशेवर फोटोग्राफर को उत्तम सेवायें देगी और इमेजिंग के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करेगी।''

कैनन के निदेशक (कंज्यूमर सिस्टम प्रोडक्ट एवं इमेजिंग कम्युनिकेशन प्रोडक्ट्स) सी सुकुमारन ने इस मौके पर कहा कि यह कैमरा बेतहर स्पीड और इमेज क्वालिटी प्रदान करता है। कंपनी को विश्वास है कि ईओएस-1डी मार्क।।। फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर को अपनी रचनात्मकता का विस्तार करने में समर्थ बनायेगा। उन्होंने कहा कि इस कैमरे में शानदार स्पीड मशीन और बाजार में उपलब्ध सबसे तेज डीएसएलआर है।

बालोद में माइंस के पानी को लेकर अनशन पर बैठे किसान, उग्र आंदोलन की तैयारी

■ छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के दल्ली राजहरा और महामाया माइंस क्षेत्र में लाल पानी से प्रभावित किसान पिछले 14 दिनों से आमरण अनशन कर रहे हैं

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के दल्ली राजहरा और महामाया माइंस क्षेत्र में लाल पानी से प्रभावित किसान पिछले 14 दिनों से आमरण अनशन कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि माइंस के लाल पानी की वजह से न सिर्फउनकी फसलें खराब हो रही हैं. बल्कि गांवों में लोगों की असमायिक मौत का कारण भी इसे ही माना जा रहा है. आमरण अनशन को लेकर जिला प्रशासन की पहल के बाद भिलाई स्टील प्लांट माइंस प्रबंधन और ग्रामीणों के प्रतिनिधी मंडल के साथ त्रिपक्षीय बैठक भी हुई, लेकिन बात नहीं बनी.

बालोद में ग्रामीण किसान व जन मुक्ति मोर्चा अपनी पुराने मांगो के साथ बुधवार को भी अनवरत आमरण अनशन में डटे हुए हैं. अब क्षेत्र के किसान और ग्रामीण के साथ जन मुक्ति मोर्चा उग्र आंदोलन की तैयारी में है. सरकार और सिस्टम से हार कर किसान अगर उग्र आंदोलन करने लग जाएं तो सरकार की योजनाएं सिर्फ कागजों पर ही नजर आने लगती हैं. कुछ ऐसा ही हो रहा है बालोद जिले के दल्ली राजहरा और महामाया माइंस से लगे ग्रामीणों के साथ ही आदिवासी अंचल और पांचवीं अनुसूची में आने वाले यहां के किसान पिछले कई सालों से लाल पानी की समस्या से परेशान हैं।

ये है परेशानी

जन मुक्ति मोर्चा के हरजीत कुमार का कहना है कि माइंस से निकलने वाला लाल पानी व फाईंस (कच्चे लोहे के कण) किसानों के खेतों में फसलों को तो नुकसान पहुंचाता ही है. वहीं इनके जीवन को भी बर्बाद करके रखा हुआ है. किसानों की मांग है कि प्रभावित क्षेत्र के लोगों को माइंस में बीएसपी प्रबंधन रोजगार दे. जिस बात को लेकर कई बार जिला प्रशासन के साथ में माइंस प्रबंधन और किसानों की त्रिपक्षीय बैठक भी हो चुकी है, लेकिन बैठक के बाद भी प्रबंधन ने अब तक मांगों को पूरा नहीं किया है. इस बार किसान मजबूर होकर आमरण अनशन में बैठ चुके हैं।

मंत्री ने की चर्चा

क्षेत्र की विधायक और राज्य सरकार में मंत्री अनिला भेड़िया ने भी इस मामले में बीएसपी प्रबंधन से चर्चा की और कहा कि क्षेत्र के प्रभावित किसानों को रोजगार दें. कलेक्टर रानू साहू का भी कहना है कि हर बार इस बात को लेकर बीएसपी प्रबंधन और माइंस को बोला जाता है, लेकिन उनके द्वारा अब तक कोई पहल नहीं की जा रही है।

■ न्यूज गैलरी

सिकोसा के अक्षय राजपूत ने छत्तीसगढ़ में 18 रैंक लाकर डीएसपी का पद हासिल किया

बालोद। छत्तीसगढ़ पीएससी द्वारा जारी किए गए रिजल्ट के बाद बालोद जिले के ग्राम सिकोसा के अक्षय राजपूत ने पूरे छत्तीसगढ़ में 18 रैंक लाकर

डीएसपी का पद हासिल किया है जहां इस बात को लेकर गांव में खुशी का माहौल देखा जा रहा है छोटे से गांव में रहने वाले अक्षय राजपूत के पिता कुलेश्वर राजपूत किसान हैं वहीं माता चंद्रकांता राजपूत गांव में ही शिक्षक है गांव में प्रारंभिक शिक्षा के बाद अक्षय ने दुर्ग से मेकेनिकल इंजीनियरिंग करने के बाद सिविल सर्विस की पढ़ाई चालू कर दी 3 साल प्रयास के बाद अंततः अक्षय ने यह मुकाम हासिल किया है जहां अक्षय ने छत्तीसगढ़ में टॉप 20 में जगह बनाई और अपने गांव सहित बालोद जिले का नाम पूरे छत्तीसगढ़ में रोशन किया है शुरू से ही अक्षय होनहार छात्र रहे है जहा उनकी कड़ी परिश्रम के बाद इस मुकाम को हासिल कर पाए हैं

सरपंच प्रत्याशी के वाहन में उपद्रवी ने लगाई आग

कवर्धा। प्रत्याशी के वाहन में किसी अज्ञात व्यक्ति ने रात्रि के समय आग लगा दिया वही पंप को भी बंद कर दिया गया था। आग की तेज लपटो से वाहन जलकर खाक हो गई और इसकी षिकायत संबंधित थाने में दर्ज कराया गया है। अभी तक इस मामले में जांच जारी बताया जा रहा है फ्लिहाल प्रत्याषी इस घटना के बाद से सहमा हुआ है। पंचायतों में होने वाले सरपंच चुनाव में इन दिनों लोगों पर कुछ इस तरह हावी हो गया है कि ये उपद्रव का रूप ले लिया है. कुछ इसी प्रकार का मामला पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तमरुवा से सामने आया है. सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक, सरपंच प्रत्याशी (निवासी आश्रित ग्राम चूचरूंगपुर) के कार में अज्ञात लोगों ने आग लगा दिया. बताया जाता है कि वह मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे अपने कार से पंचायत तमरुवा आया था और अपने कार को पंचायत के सामने रखकर वह गांव में चुनावी प्रचार कर रहा था, लेकिन रात्रि 9 बजे करीब अज्ञात लोगों द्वारा उसके कार में आग लगा दी गई।

गोयल टीएमटी ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

पांडातराई। नगर पंचायत पांडातराई के गुप्ता धर्मशाला में षनिवार को गोयल टीएमटी के तरफ से जहां लोगो के लिए स्वास्थ्य चेकब का आयोजन किया गया था। जिसमे 200 से ज्यादा मरीजो को जांच उपरांत स्वास्थ्य से संबंधित सलाह प्रदान की गई वहीं सम्मान समारोह का भी आयोजन रखा गया जिसमे नगर पंचायत पांडातराई के अध्यक्ष फ्रिोज खान को सम्मानित किया गया।

विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ कवर्धा में संपन्न

कवर्धा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ आज को एस.पी.ऑफ्सि के सामने से सरोधा रोड कवर्धा में आयोजन सम्पन्न हुआ। आयोजन में डीएसपी बी.आर. मण्डावी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर मैराथन दौड़ को प्रारंभ किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुख्य अतिथि विपुल गुप्ता कवर्धा एवं डी.एस.पी. बी.आर. मण्डावी, जिला खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डेय द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

---

50 साल बाद भी मुफलिसी की जिंदगी जी रहे देवार जाति के लोग

■ पहली पीढ़ी तलाब किनारे तो तीसरी पीढ़ी सरकारी स्कूल में गुजार रहे जिंदगी

■ न शिक्षा न स्वास्थ्य न पेयजल की सुविधा मिला तो सिर्फ सरकारी शौचालय

■ जनप्रतिनिधियों ने हाथ जोड़ वोट तो लिए पर बसाहट हेतु कोई पहल नहीं की

■ लोग कह रहे-हमें भी अच्छी जिंदगी दें, मकान दें जमीन दें, हम भी इंसान

11 परिवार व बच्चे लेकिन नही मिल रहा पढ़ाई की सुविधा

हमारे सवांददाता ने जब इनके बसाहट में जाकर इनसे बात किया तो जानकारी मिली कि पहले बच्चों को स्कूल में भेजते थे पर अब कुछ समय से स्कूल को भी बन्द कर दिया गया है, जिसके कारण ये शिक्षा के अधिकार से भी वंचित कर दिए गए , सिर्फचावल भर मिल पा रहा है पटवारी आते है और जमीन देंने की बात कहते है पर कुछ नही मिलता।

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। बालोद जिले में ही नही वरन पूरे प्रदेश सहित अन्य स्थानों पर भी देवार जाती के लोग निवासरत है और अपनी जिंदगी गुजर बसर कर रहे है, लेकिन डौण्डीलोहारा नगर के मध्य में स्थित तलाब पार में रहने वाले देवार जाति के परिवार के लोग आजादी के इतने बरस बीत जाने के बाद भी लगभग 50 वर्षो से इस गंदी जगह पर जहां एक आम इंसान कुछ देर भी रुकना पसंद नही करता ,वही ये देवार जाति के लोग इतने वर्षो से नरक की जिंदगी गुजार रहे है ,न ही बच्चों को शिक्षा न बेहतर रहन सहन न मकान न जमीन आम जिंदगी के लिए वो सारी सुविधा जो आम इंसान को चाहिए वो इनके पहुंच से काफी दूर है। सरकार बदलती गई नेता बदलते गए जिमेदारी बदलती गई लेकिन इन सबके बावजुद इन देवार परिवार की स्थिति व हालात नही बदल सका वही गन्दगी,टूटे झोपड़ी और कीचड़ के बीच ये अपनी जिंदगी छोटे छोटे बच्चो के साथ बिता रहे है।

रसूखदार प्रभावशाली लोग कर रहे जमीन पर कब्जा

डौण्डीलोहारा नगर के तहसील से लगें कीमती जमीन पर पहाड़ी में पेड़ों को काटकर अधिकांश लोग जमीन व मकान होने के बावजूद अतिक्रमण कर कब्जा कर रहे है,लेकिन इन खानाबदोस कहलाने वाले देवार जाति के लिए इनके विकास के लिए किसी भी नेता ने काम नही किया है, जबकि इनको नगर के बाहर व्यवस्थित किया जा सकता है अच्छी जिंदगी दी जा सकती है।

दो कदम पास आई सरकार लेकिन बेहतर जिंदगी नही मिली :-नगर के बीच मे स्थित मैदान में इतने वर्षो में अविभाजित मध्यप्रदेश के समय की सरकार के मुखिया रहे मोतीलाल वोरा हो या दिग्विजय सिंह या नए बने छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री अजित जोगी व रमन सिंह हो सभी अपने आयोजनों में यहां तक पहुँचे व क्षेत्र विकास के लिए करोड़ो रूपये दिए पर दो कदम में निवास करने वाले देवार लोगो का भला आज तक नही हुआ, सरकारी बड़े आयोजनों में पर्दे से ढककर इनके बसाहट को छुपाकर जिला प्रशासन कार्यक्रम को सफल तो बताते रहे मगर देवार लोगो की जिंदगी में उजाला नही आ पाया।

शराब दुकान हेतु प्रशासन व प्रमुख नेता साथ आये: नगर में स्थित शराब दुकान को व्यवस्थित करने के लिए जिले के आला अधिकारी व ग्राम के नेतागण सामने आए व दुकान हेतु जमीन आबंटन के लिए पहल किया गया, लेकिन इस देवार जाति के बसाहट हेतु आज पर्यंत तक कोई काम नही हो पाया है।

जीवकोपार्जन हेतु सुअर पालन ही एकमात्र विकल्प : देवार जाति के अधिकांश लोग अपने परिवार के जीवन यापन के लिए सुअर पालन कर उनको मांस विक्रय हेतु उपयोग करते आ रहे है व कुछ समय से वो कबाड़ी के धंधे से भी अपने को जोड़ रहे है, शिक्षा की कमी व गरीबी से जूझ रहे इस जाति पर सरकार की कोई योजना बनी हो या इनको लाभ मिला हो ऐसा दिखाई नही दे रहा है।

स्वच्छ भारत के तहत शौचालय बना पर पीएम आवास योजना के लिए पात्र नहीं: सरकार के अजब गजब नियम कायदे व क्रियान्वयन से नगर के देवार जाति के बसाहटों में सरकारी शौचालय तो बना दिये गए ,मगर इनके लिए जब दूसरे योजना मसलन पीएम आवास बनाने की बात आती है तो प्रशासन जमीन की कमी बता अपना पल्ला झाड़ ले रहे है।

सरकार की पहल हो और योजना का मिले लाभ तो होगा परिवर्तन: स्थानीय प्रशासन के द्वारा अगर सही तरीके से नगर में रह रहे इन परिवार को योजना बनाकर नगर में ही अन्य जगह मकान बनाकर इनको बसाया जा सकता है, जिससे एक अच्छी शुरुआत इस जाति के विकास के लिए किया जा सके।

आवासीय विद्यालय बन्द फंड की कमी के चलते: जानकारी अनुसार इन बच्चो के लिए वर्ष 2012 से 2014 के बीच मे आवासीय विद्यालय की सुविधा प्रशासन के द्वारा दिया जा रहा था और विद्यालय में लगभग 15 बच्चे पढ़ाई करते थे लेकिन वो भी फंड की कमी के चलते बन्द पड़ा है।

> नगर में इस परिवार को अन्य दूसरी जगह व्यवस्थित करने की बातें लंबे समय से चल रहा है, इस और जिला प्रशासन का ध्यान दिलाया जाएगा और इनके लिए जमीन और मकान बन सके इनको सुविधा मिले इसके लिए आगे मंत्री महोदय को अवगत कराऊंगी।
>
> **श्रीमती लोकेश्वरी साहू,** नगर पंचायत अध्यक्ष डौण्डीलोहारा
>
> मामला नगर पंचायत से सम्बंधित है और इस मामले में आगे निकाय के अधिकारियों से चर्चा कर उनको नगर में ही कही पर अगर जगह उपलब्ध हो तो इनको व्यवस्थित कराया जा सकता है जिस पर आगे पहल की जाएगी।
>
> **ठाकुर रामसिंह,** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डीलोहारा

नवनिर्वाचित नपं अध्यक्ष सोरी ने प्रेसीडेंट-इन-कौंसिल का गठन कर बैठक आयोजित की

डौंडी। प्रेसीडेंट-इन-कौंसिल की प्रथम बैठक में विभिन्न एजेंडे पर सदस्यों और अधिकारियों से चर्चा की गई। नपाध्यक्ष सोमेश सोरी ने नगर में 26 जनवरी की तैयारी ,धोबिनाला मे स्टाप डेम, शिक्षा कर्मी संबधी समेत अन्य बिंदूओं पर निर्णय लिए गए।पीआइसी में इन्हें किया गया शामिल-

नपाध्यक्ष सोमेश सोरी ने प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए पीआईसी का गठन किया, जिसमें स्म्रति डेविड को लोक निर्माण विभाग, आवास एवं पर्यावरण, को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, सुनीता निषाद को विधि एवं सामान्य प्रशासन, डॉक्टर रूपेश नायक को शिक्षा एवं महिला बाल विकास, रेखा चौहान को राजस्व एवं बाजार, मातरम दास को नागरिक आपूर्ति, खाद्य, पूर्नवास तथा नियोजन विभाग की जिम्मेदारी देते हुए पांच साल की प्रभावी कार्य योजना बनाकर सुनियोजित तरीके से जन अपेक्षाओं को पूर्ण करते हुए शहर के चहुमुखी विकास की परिकल्पना को साकार रूप देने की मंशा जाहिर की।

शिकायतों का हो समय सीमा में निदानः नपाध्यक्ष सोमेश सोरी ने नगरपंचायत के सभी प्रमुख कर्मचारियों व अधिकारियों की बैठक ली और नगर के विकास एवं समस्या के निराकरण को प्राथमिकता पर जोर दिया। उन्होंने पीआइसी मेंबर एवं लोनिवि सभापति डेविड मैडम के सुझाव पर विद्युत, पेयजल, हैंडपंप, साफ-सफाई व अन्य अनिवार्य सेवाओं की शिकायतों के त्वरित व समय सीमा पर निराकरण हेतु शिकायत रजिस्टर बनाने और प्राथमिकता देकर पहल कराने के निर्देश सीएमओ कनहैया निर्मलकर को दिए।

अंडे की कैरेट में शराब रख पुलिस को देना चाह रहे थे फंडा, आरोपी गिरफ्तार

स.लोहारा। पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी,उप पुलिस अधीक्षक बी.आर.मण्डावी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी मुकेश यादव के द्वारा एंव थाना स्टाप लोहारा पुलिस द्वारा पंचायत चुनावी मद्देनजर देखते हुए एंव आदर्श आचार सहिता का पालन करते हुए क्षेत्र मे शांति व्यवस्था कायम करने चेक पोस्ट लगाकर उच्चधिकारी के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर चेकिंग पाइंट तेलीटोला थाना बार्डर पर लगाया गया था चेकिंग के दौरान रेगाखार तरफ से एक सफेद रंग पीकअप क्रमांक सीजी 07 सीए 2263 को रोकवाया गया जिसमे दो व्यक्ति सवार थे एक व्यक्ति गाडी को रोकवाते समय ही भाग गया पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पुछताछ करने पर अपना नाम सोनु देवागन पिता शत्रुहन देवागन उम्र 29 साल साकिन सिल्हाटी तथा भागने वाले व्यक्ति का नाम हीरा झारिया पिता देवलाल झारिया उम्र 35 साल साकिन सिल्हाटी का होना बताया।

जिला अस्पताल के अधीक्षक ने पत्रकारों के साथ किया दुर्व्यवहार

■ पत्रकारों ने कार्यवाही की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कवर्धा। जिला अस्पताल के अधीक्षक द्वारा कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया है,दरअसल इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को सूत्रों से यह सूचना प्राप्त हुआ कि जिला अस्पताल में लगाये गए फायर सेफ्टी एक्सपायर हो गया है,इसी खबर को कवरेज करने कुछ पत्रकार जिला अस्पताल पहुंचे और एक्सपायर फायर सेफ्टी का वीडियो बना ही रहे थे कि इसी दौरान जिला अस्पताल के अधीक्षक सुजाय मुखर्जी मौके पर पहुंचे और कवरेज के लिए मना करते हुए दुर्व्यवहार पूर्वक अपने केबिन में बुलाकर अपने स्टॉफ के कुछ डॉक्टरों के सामने बत्तमीजी पुर्वक बात किया और जिला अस्पताल में बिना परमिशन नही घुसने की हिदायत दिया,जिससे उक्त पत्रकारों के सम्मान

चिल्फी पुलिस की लगातार अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध कार्रवाही

चिल्फीघाटी। थाना चिल्फी पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मारूति सुजुकी एसएक्स 4 वाहन क्रमांक डीएल 1 वाय बी 7731 में अवैध रूप से धन अर्जित किये जाने हेतु हरियाणा से छत्तीसगढ़ अवैध महंगी शराब परिवहन किया जा रहा है। मुखबीर द्वारा उक्त सूचना के संबंध में थाना प्रभारी चिल्फी रमाकांत तिवारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्काल मुखबीर द्वारा प्राप्त सूचना की तस्दीकी करने हेतु चेंकिग पाईट लगाकर तस्दीकी करने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देश के पालन मे थाना प्रभारी चिल्फी द्वारा अपने अधिनस्थ बल के माध्यम से चिल्फी में चेंकिग पाईट लगाया जाकर उक्त क्षेत्र से गुजर रहे वाहनों की बारिकी से चेंकिग की जा रही थी, कि कुछ समय पश्चात् मुखबीर द्वारा दिये गये जानकारी अनुसार मण्डला रोड से आ रही सफेद रंग की मारूती सुजुकी एसएक्स 4 वाहन क्रमांक डीएल 1 वाय बी 7731 वाहन आई।

पंचायत चुनाव | मतदाताओ को रिझाने प्रत्याशी लगा रहे ऐडी-चोटी का जोर

चुनावी गीतों से गूंज रहा प्रत्याशियों का गुणगान, 28 तारीख व 03 को होना है मतदान

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिलें मे 2 चरणो मे होन वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर ग्रामीण इलाकों में राजनीति गरमाने लगी है। प्रारंभिक दौर के प्रचार में प्रत्याषियों ने दीवारो पर वाल पेंटिग, गली मोहल्ले एंव चैक चैराहो पर बैनर पोस्टर तथा होर्डिंग्स लगाना षुरू कर दिया है। डोर-टू-डोर जनसपंर्क को भी काफी महत्व दिया जा रहा है। सरपंच, जनपद सदस्य एंव जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याषियों द्वारा प्रचलित छत्तीसगढी गानो की सीडी तैयार कर रिक्षे और गाडी के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है। सुबह से देर रात तक प्रत्याषी चुनाव जीतने के लिए नए-नए समीकरण तैयार कर रहे है। इस बीच कई बार समीकरण प्रत्याषियों के पक्ष में तो कभी इनके विपक्ष में बन और बिगड रहे है। इसी कारण प्रत्याषी अपने समर्थको के साथ बैठक कर रायषुमारी कर दांव-पेंच के सारे गुर सीख रहे है। षाम होते ही गांव का माहौल बदला हुआ नजर आने लगा है। चैक-चैराहो और गली मोहल्ले में इन दिनों सिर्फ चुनावी चर्चा होने लगी है। कडाके की ठंड के बावजूद देर रात तक ग्रामीण इलाको मे लोगों की चहलकदमी देखने को मिल रही है।

पंचायत की सत्ता के लिए छिड़ा जंग अब परवान चढ़कर बोलने लगा है, समूचे ग्रामीण क्षेत्र में लोग चुनावी रंग में डूबे है। मतदाताओ को रिझाने के लिए पंच, सरपंच के साथ-साथ जनपद व जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशी पूरा जोर लगा रहे है। जिले में पहला चरण का चुनाव 28 जनवरी व दूसरा चरण 03 फरवरी को होगा।

सरपंच और पंच पदों को लेकर घमासान

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे प्रथम चरण का मतदान 28 जनवरी कवर्धा व सहसपुर लोहारा विकासखंड, द्वितीय बोड़ला व पंडरिया विकासखंड का 03 फरवरी को मतदान होगा। मतदान में गिनती के दिन बचे हुए है। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे ग्रामीण इलाको मे चुनावी माहौल पूरे षबाब पर पहुंचने लगा है चुनाव जीतने के लिए प्रत्याषी तरह-तहर के उपाय करने लगे है, जो प्रत्याषी चुनाव तो लड रहे है लेकिन खर्च मे थोडा बहुत कंजूसी कर रहे है । इनके समर्थक इन्हे छोडकर गायब रहने लगे है। छोटे-छोटे गांवो में सरपंच और पंच पदो को लेकर घमासान देखा जा रहा है।

न्यूज गैलरी

मध्य प्रदेश के पदक विजेताओं को मिलेगा नगद पुरस्कार

भोपाल (वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गुवाहाटी में तीसरे खेलो इंडिया युवा खेलों में राज्य के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताते हुए संबंधित खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। कमलनाथ ने ट्वीट के माध्यम से कहा कि गुवाहाटी में चल रहे खेलो इंडिया में प्रदेश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। उन्होंने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की ओर से इन खेलों के राज्य के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को एक लाख रुपए, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को 75 हजार रुपए और कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 50 हजार रुपयों की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इन खेलों में मध्यप्रदेश को अब तक 15 स्वर्ण, 11 रजत और 18 कांस्य पदक जीते हैं।

थाईलैंड मास्टर्स में भारतीय चुनौती समाप्त

बैंकाक (वार्ता)। पांचवीं सीड किदाम्बी श्रीकांत और सायना नेहवाल तथा समीर वर्मा और एच एस प्रणय की बुधवार को पहले दौर में हार के साथ थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती निराशाजनक ढंग से समाप्त हो गयी। भारतीय खिलाड़ियों का नए साल में मलेशिया मास्टर्स और इंडोनेशिया मास्टर्स में खराब प्रदर्शन का सिलसिला थाईलैंड मास्टर्स में भी बना रहा और इस टूर्नामेंट में सभी भारतीय खिलाड़ी पहले दौर में ही बाहर हो गए। पांचवीं सीड श्रीकांत को इंडोनेशिया के शेसर हिरेन रुसतावितो के हाथों 48 मिनट में 21-12, 14-21, 12-21 से हार का सामना पड़ा जबकि समीर वर्मा मलेशिया के ली जी जिया से 39 मिनट में 16-21, 15-21 से हार गए। प्रणय को मलेशिया के लियू डेरेन ने एक घंटे आठ मिनट में 21-17, 20-22, 21-19 से हराया।

दिल्ली की विदर्भ पर सनसनीखेज जीत

नई दिल्ली (वार्ता)। नीतीश राणा (नाबाद 105) के तूफानी शतक और ओपनरों कुणाल चंदेला (75) तथा हितेन दलाल (82) की बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों के दम पर दिल्ली ने गत चैंपियन विदर्भ को रणजी ट्रॉफी ए और बी ग्रुप मुकाबले में बुधवार को चौथे और अंतिम दिन छह विकेट से हराकर छह अंक हासिल कर लिए। दिल्ली को जीत के लिए 347 रन का बेहद मुश्किल लक्ष्य मिला था और उसने कल बिना कोई विकेट खोये 10 रन से आगे खेलना शुरू किया। किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि दिल्ली आखिरी दिन जीत के लिए जरूरी रन बना लेगी। लेकिन दिल्ली के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने इस सत्र में पहली बार अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन किया और दिल्ली ने यहां अरुण जेटली स्टेडियम में चार विकेट पर 348 रन बनाकर बेहतरीन जीत अपने नाम की।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार: पहले मोटरस्पोटर्स खिलाड़ी बने यश

बेंगलुरू के यश अराध्या प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार अवार्ड पाने वाले देश के पहले मोटरस्पोटर्स स्टार बन गए हैं। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने यश को बुधवार को यह पुरस्कार प्रदान किया।

नई दिल्ली (वार्ता)। 17 साल के यश नौ साल की उम्र से रेसिंग ट्रैक पर अपना जलवा दिखा रहे हैं। यश ने अपने खाते में अब तक 13 चैम्पियनशिप खिताब डाले हैं। यश के नाम 65 पोडियम फिनिश और 12 पुरस्कार हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है और इसके तहत हर क्षेत्र के उन छात्रों को सम्मानित किया जाता है जो 18 साल की उम्र में अपने-अपने फील्ड में शानदार उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं। यश के अलावा 49 अन्य प्रतिभाशाली छात्रों को यह पुरस्कार दिया गया।

यश को अवार्ड भारतीय मोटर स्पोर्ट्स के लिए नई उपलब्धि: संजय शर्मा

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में मोटर स्पोर्ट्स को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लाने में प्रमुख भूमिका निभा रहे जेके टायर के मोटर स्पोटर्स प्रमुख संजय शर्मा ने कहा है कि बेंगलुरू के यश अराध्या को प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार अवार्ड भारतीय मोटरस्पोटर्स के लिए नई उपलब्धि है।

संजय शर्मा ने बुधवार को कहा, ÷भारतीय मोटर स्पोटर्स नई ऊंचाइयों का लुत्फ ले रहा है। पहले गौरव गिल अर्जुन पुरस्कार पाने वाले पहले मोटर स्पोटर्स चालक बने और अब यश को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बार पुरस्कार अवार्ड से नवाजा गया है। यह भारतीय मोटर स्पोटर्स के लिए नई उपलब्धि है। यह हम सबके लिए गर्व का पल है। यह देखना अच्छा लगता है कि वर्षों की मेहनत इस तरह रंग लाती है। यश काफी प्रतिभाशाली चालक हैं और यह पुरस्कार आने वाले समय में उन्हें नई ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित करेगा। भारत में मोटरस्पोटर्स की सर्वोच्च संस्था-एफएमएससीआई के अध्यक्ष जे पृथ्वीराज ने कहा, ÷यश की उपलब्धि से हम सब रोमांचित हैं। हमें जो पहचान मिलनी चाहिए, उसमें काफी वक्त लगा लेकिन अब गौरव गिल और यश ने उपलब्धि हासिल करते हुए नई शुरुआत की है और हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में हमारे कई खिलाड़ियों को कई पुरस्कार मिलेंगे। साथ ही लोग इस खेल को गम्भीरता से लेंगे और इसे मुख्य धारा का खेल माना जाने लगेगा।

यूपी के खिलाफ ड्रा मैच में दिल्ली को तीन अंक

कानपुर (वार्ता)। मेजबान उत्तर प्रदेश और दिल्ली के बीच कूच बिहार ट्रॉफी का चार दिवसीय मुकाबला मंगलवार को यहां हार जीत के फैसले बगैर समाप्त हो गया। कमला क्लब मैदान पर उत्तर प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में बढत लेने के आधार पर दिल्ली को तीन अंक मिले जबकि मेजबान टीम को एक अंक पर संतोष करना पड़ा। यूपी ने पहली पारी में 143 रन बनाये थे जिसके जवाब में दिल्ली ने पहली पारी में 442 रन का स्कोर खड़ा किया था। पहली पारी में 299 रन से पिछड़ी यूपी ने दूसरी पारी में गजब की वापसी की और खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 490 रन बना लिये थे। खेल का निर्णय नहीं निकलता देख चायकाल से कुछ समय पहले दोनो कप्तानो की सहमति से अंपायरों ने मैच ड्रा होने की औपचारिक घोषणा की । यूपी की दूसरी पारी में यशोवर्धन सिंह ने 190 रनो की लाजवाब पारी खेली। इस दौरान उन्होने महज 173 गेंदो का सामना करते हुये 18 चौके और आठ जानदार छक्के जड़े वहीं दूसरे छोर पर आदित्य शर्मा (99) मात्र एक रन से शतक पूरा करने से चूक गये। इसके अलावा विजय यादव (84) और कृतज्ञ सिंह (61) ने भी टीम को संकट से उबारने में महती भूमिका अदा की। दिल्ली के कप्तान यश धुल ने हालांकि मेजबान टीम की पारी का अंत करने के लिये विकेटकीपर को छोड कर सभी दस खिलाडियों से गेंदबाजी करायी लेकिन आज का दिन उनका नहीं था।

कोलाज स्पोर्ट्स साहिबजादा क्रिकेट के फाइनल में

नई दिल्ली (वार्ता)। दीपक पुनिया (58), मनीष (38) और प्रगम शर्मा (35) की शानदार पारियों की बदौलत कोलाज स्पोर्ट्स क्लब ने विद्या जैन अकादमी को 7 विकेट से पराजित कर साहिबजादा अजीत सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट के फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया। दीपक पुनिया को स्पोर्ट्स सन मैन ऑफद मैच का पुरस्कार दिया गया। पहले खेलते हुए विद्या जैन अकादमी की टीम 170 रन बना कर आउट हो गई जिसमें निखिल खत्री ने 39 और प्रशांत ने 26 रनों की पारी खेली। कोलाज स्पोर्ट्स के लिए प्रदीप पराशर और अंकित चौधरी ने दो-दो विकेट लिए। जबाब में कोलाज स्पोर्ट्स ने 3 विकेट खोकर 175 रन बना लिए जिसमें दीपक पुनिया ने 58, मनीष ने 38 और प्रगम शर्मा ने 35 रनों का योगदान दिया।

पॉवर कंपनी की क्रिकेट स्पर्धा में 'चौके' ने चौंकाया

उत्पादन और वितरण कंपनी महिला क्रिकेट टीम के बीच फाइनल मैच आज

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय खेल मैदान में आयोजित सात दिवसीय गणतंत्र दिवस खेल समारोह में आज क्रिकेट के तीन मैच संपन्न हुए, जिनमें से दो मैचों में अंतिम बाल के चौके के साथ ईडी (आरआर) एवं सिटी सर्कल की टीम विजयी रही। वहीं महिलाओं की टीम से मीनाक्षी की नाबाद 54 रनों की बदौलत उत्पादन कंपनी की टीम विजयी रही। 23 जनवरी को महिला क्रिक्रेट का फाइनल मैच उत्पादन और वितरण कंपनी के बीच होगा। आज संपन्न हुए मैच में कामेंट्रेटर अरूण देवांगन और अम्पायर जेएस वालिया रहे। उक्त जानकारी पॉवर कंपनी के अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा ने दी। आगे उन्होंने बताया कि डगनिया स्थित मैदान में पहला मैच महिला वर्ग से उत्पादन और पारेषण कंपनी की टीम के बीच हुआ। जिसमें उत्पादन की टीम ने 12 ओवर में दो विकेट खोकर 85 रन बनाए। इसमें मीनाक्षी ने सर्वाधिक 54 रनों की भागीदारी दी। 85 रनों के लक्ष्य की पीछा करने में पारेषण कंपनी की टीम 12 ओवर में 71 रन ही बना सकी और 14 रनों से हार गई। दूसरा मैच पुरूष वर्ग से ईडी (आरआर) और होल्डिंग कंपनी की टीम के बीच खेला गया। होल्डिंग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 67 रन बनाए। ईडी (आरआर) की टीम ने 10 ओवर और तीन गेंदों में ही लक्ष्य को पूरा कर लिया। सुशील कुमार ने अंत में चौका मारकर स्कोर को 71 रन तक पहुंचाकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

शानदार पारियों से पृथ्वी शॉ और सैमसन ने मनाया वापसी का जश्न

लिंकन (वार्ता)। युवा खिलाड़ियों पृथ्वी शॉ (48) और संजू सैमसन (39) ने शानदार पारियां खेलते हुए भारतीय टीम में अपनी वापसी का जश्न धमाकेदार अंदाज में मनाया और साथ ही भारत ए को न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले गैर आधिकारिक वनडे में बुधवार को पांच विकेट से जीत दिला दी। न्यूजीलैंड ए ने 48.3 ओवर में 230 रन बनाये जबकि भारत ए ने 29.3 ओवर में ही पांच विकेट पर 231 रन बनाकर मैच जीत लिया। भारत ए ने इस तरह तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। पृथ्वी और सैमसन ने अपनी मैच विजयी पारियों से टीम इंडिया में अपनी वापसी का जश्न मनाया। ओपनर शिखर धवन कंधे की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 और तीन मैचों की वनडे सीरीज़ से बाहर हो जाने से इन दोनों सीरीज के लिए क्रमशः सैमसन और पृथ्वी को भारतीय टीमों में कल शामिल किया गया था। भारत और न्यूजीलैंड के बीच ट्वंटी 20 सीरीज़ 24 जनवरी से शुरू होगी। इसके बाद तीन वनडे मैचों की सीरीज़ पांच फरवरी से शुरू होगी।

युवा ओपनर पृथ्वी ने इस दौरे में न्यूजीलैंड एकादश के खिलाफ 50 ओवर के एकदिवसीय अभ्यास मैच में मात्र 100 गेंदों पर 150 रन की जबरदस्त पारी खेली थी थी और उस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए इस मैच में उन्होंने 35 गेंदों में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 48 रन बनाये जबकि सैमसन ने 21 गेंदों पर 39 रन में तीन चौके और दो छक्के जड़े।

मयंक अग्रवाल ने 29 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 29 रन, कप्तान शुभमन गिल ने 36 गेंदों में तीन चौके लगाकर 30 रन, सूर्यकुमार यादव ने 18 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 35 रन, विजय शंकर ने 25 गेंदों में एक चौके के सहारे नाबाद 20 रन और क्रुणाल पांड्या ने नाबाद 15 रन बनाये।

यूपी अंडर 23 महिला टीम की घोषणा

कानपुर (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश में 24 जनवरी से शुरू होने वाली अंडर-23 महिला एकदिवसीय ट्रॉफी के लिये उत्तर प्रदेश टीम की घोषणा कर दी गयी है जिसकी आगरा की राशि कनोजिया को बनाया गया है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीओओ) दीपक शर्मा ने बताया कि 15 सदस्यीय टीम की कमान आगरा की राशि कनोजिया के हाथों में दी गयी है। टीम के अन्य खिलाड़ियों में श्वेता वर्मा (उपकप्तान), अंजलि सिंह, एकता सिंह, मुस्कान मलिक, काजल तामता, शिल्पी यादव, आयुषि श्रीवास्तव, अंजू रानी प्रजापति, रेखा, आरजू सिंह, भावना राठौर, कीर्ति शर्मा, जूही पांडेय और हुमारिया रईस शामिल है। उन्होंने बताया कि पारूल चौधरी को टीम का कोच बनाया गया है।

ताई जु यिंग ने अश्मिता को हराकर किया विजयी आगाज

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ताई जु यिंग ने मंगलवार को स्टार स्पोटर्स प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) के पांचवें सत्र में बेंगलुरू रैप्टर्स के लिए अपना पहला मैच खेलते हुए असम की अश्मिता चाहिला को हराकर विजयी अगाज किया।

चेन्नई (वार्ता)। बेंगलुरू ने चीनी ताइपे की इस खिलाड़ी को अपने ट्रम्प मैच के लिए चुना था जिसे जीतते हुए यिंग ने बेंगलुरू को 3-1 से आगे कर दिया। गौरतलब है कि पीबीएल में ट्रम्प मैच जीतने वाली टीम को दो अंक मिलते हैं जबकि अपना ट्रम्प मैच हारने वाली टीम को एक अंक का नुकसान उठाना पड़ता है। यिंग के मैच से पहले दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। नार्थईस्ट ने ली योंग डाए और किम ना हो को उतारा। इस जोड़ी के सामने बेंगलुरू की पेंग सून चान और इओम ह्य वान की जोड़ी थी। बेंगलुरू की जोड़ी ने यह मैच 15-8, 15-11 से जीत 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। नार्थईस्ट के ली चेयुक यीयू ने अगले मैच में हालांकि अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। पुरुष एकल वर्ग में ली का सामना बेंगलुरू के बी. साई प्रणीत से था। ली ने बेहद आसानी से प्रणीत को 15-14,15-9 से हरा 1-1 से बराबरी हासिल कर ली। महिला एकल वर्ग में यिंग के सामने भारत की युवा खिलाड़ी अश्मिता थीं। यिंग ने यह मैच सीधे गेमों में 15-7, 15-5 से अपने नाम किया।

रणनीति | भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफचार मैच और ब्रिटेन के खिलाफएक मैच खेलेगी

ऊंची रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ अच्छी शुरुआत जरूरी: रानी

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी ने बुधवार को कहा कि न्यू जीलैंड और ब्रिटेन जैसी ऊंची रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ आगामी मैचों में अच्छा प्रदर्शन ओलिंपिक की बेहतर तैयारी साबित होगा। रानी ने इस सत्र के पहले दौरे के लिए ऑकलैंड रवाना होने से पहले यह बात कही।

बेंगलुरु। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी ने बुधवार को कहा कि न्यू जीलैंड और ब्रिटेन जैसी ऊंची रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ आगामी मैचों में अच्छा प्रदर्शन ओलिंपिक की बेहतर तैयारी साबित होगा। रानी ने इस सत्र के पहले दौरे के लिए ऑकलैंड रवाना होने से पहले यह बात कही। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ चार मैच और ब्रिटेन के खिलाफएक मैच खेलेगी।

रानी ने कहा , 'हम न्यू जीलैंड (रैंकिंग छह) और ब्रिटेन (रैंकिंग पांच) जैसी टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। इससे ओलंपिक की तैयारी मजबूत होगी। कठिन टीमों के खिलाफ अच्छी शुरुआत काफी मायने रखती है।' भारत को न्यू जीलैंड की डेवलपमेंट टीम से 25 जनवरी को खेलना है। इसके बाद 27 और 29 जनवरी को न्यू जीलैंड की राष्ट्रीय टीमों से और चार फरवरी को ब्रिटेन से खेलना है। रानी ने कहा कि विश्लेषण कोच यानेके शोपमैन के अनुभव का टीम को फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा , 'यह अद्भुत है कि वह हमारे शिविर से जुड़ी। उन्हें हमारी टीम के बारे में काफी कुछ पता है और उनके साथ काम करके मजा आ रहा है।'

ऑस्ट्रेलिया ने हॉकी इंडिया का आभार व्यक्त किया

मेलबर्न। हॉकी ऑस्ट्रेलिया ने ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग के पीड़ितों की मदद करने के लिए हॉकी इंडिया का आभार व्यक्त किया है। हॉकी ऑस्ट्रेलिया की अध्यक्ष मेलेनी वूसनाम ने हॉकी इंडिया के अध्यक्ष मोहम्मद मुश्ताक अहमद का मदद के लिए आभार व्यक्त किया। हॉकी इंडिया ने 'रेडक्रॉस बुशफायर अपील' में 25,000 डॉलर का दान दिया। इसके अलावा उसने हॉकी ऑस्ट्रेलिया को नीलामी के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीमों के हस्ताक्षर वाली दो शर्ट भी प्रदान की।

राजस्थान रॉयल्स ने एक्सपो 2020 दुबई से किया करार

जयपुर (वार्ता)। राजस्थान रॉयल्स क्रिकेट टीम ने इण्डियन प्रीमियर लीग के 13वें सीज़न के लिए एक्सपो 2020 दुबई के साथ प्रायोजन का ऐलान किया है। इस एक वर्षीय करार के तहत वर्ल्ड एक्सपो प्रिंसिपल स्पॉन्सर के रूप में राजस्थान रॉयल्स की जर्सी के फ्रंट पर दिखाई देगा। एक्सपो 2020 का आयोजन 20 अक्टूबर 2020 से 10 अप्रैल 2021 के बीच होगा। यह अपने 169 वर्षों के इतिहास में पहला वर्ल्ड एक्स्पो है, जिसका आयोजन मध्यपूर्व, अफ्रीका और दक्षिण एशिया क्षेत्र में किया जाना है। 173 दिनों की अवधि के दौरान इसमें 192 देशों के हिस्सा लेने और 25 मिलियन आगंतुकों के आने की उम्मीद है। रणजीत बरथाकुर, एक्ज़क्टिव चेयरमैन, राजस्थान रॉयल्स ने कहा, ÷एक्स्पो 2020 के साथ प्रिंसिपल स्पॉन्सर के रूप में इस ऐतिहासिक करार की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। वर्ल्ड एक्सपो सबसे प्रत्याशित और आधुनिक कार्यक्रमों में से एक है। अरब में आयोजित होने वाले इस सबसे बड़े कार्यक्रम के साथ जुड़ते हुए हमें गर्व का अनुभव हो रहा है। हमें उम्मीद है कि आईपीएल के 13वें सीज़न में यह एसोसिएशन बेहद सफल होगा।

न्यूज गैलरी

दपूमरे के जीएम 24 को वार्षिक निरीक्षण पर आयेंगे रायपुर

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जीएम गौतम बेनर्जी रायपुर रेल मंडल अंतर्गत स्टेशनों में यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं एवं अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण करने 24 जनवरी को रायपुर आयेंगे। श्री बेनर्जी के आगमन को देखते हुए रायपुर स्टेशन में मंडल प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी गई है। मंडल के सभी स्टेशनों को चकाचक किया जा रहा है। अपने दौरे के दौरान श्री बेनर्जी रायपुर रेलवे स्टेशन के अलावा मांढर, सिलयारी, भाटाभाठा सहित अन्य स्टेशनों का भी निरीक्षण करने जा सकते है। श्री बेनर्जी रेल मंडल के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे सकते है। रायपुर मंडल से पहले वे बिलासपुर रेल मंडल के दौरे पर रहेंगे।

महापौर ने प्रात: भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

रायपुर। नवनिर्वाचित महापौर एजाज ढेबर ने आज साइकिल से प्रातः भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का लिया जायजा। ज्ञातव्य है कि पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने भी महीने की तीन तारीख को साइकिल चलाकर रैली के माध्यम से जनसमस्याओं का जायजा लिया था। उसी तर्ज में ढेबर ने साइकिल से वार्डों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था को लेकर सफाई कर्मियों को निर्देशित किया।

प्रत्येक ग्रामीण परिवार को शुध्द पेय जल उपलब्ध कराने होगा घरेलू नल कनेक्शन

रायपुर। कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन के निर्देश पर जिला पंयायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज जल-जीवन मिशन के अंतर्गत गठित जिला जल और स्वच्छता मिशन समिति की बैठक कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में ली। उन्होंने कहा कि जल-जीवन मिशन अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को शुध्द पेय जल उपलब्ध कराने के लिए घरेलू नल कनेक्शन दिया जाना है। घरेलू नल कनेक्शन के साथ-साथ सार्वजनिक संस्थान जैसे ग्राम पंचायत भवन, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र, कल्याण केन्द्र आदि में भी नल कनेक्शन दिया जाना है। पानी की आपूर्ति के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण कर प्रत्येक ग्रामीण परिवार को पर्याप्त मात्रा में पानी नियमित रूप से उपलब्ध कराना है। बुनियादी ढांचे के विकास को 12 से 18 महीने में तीन चरणों में पूर्ण किया जाना है।

खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं रोकथाम के लिए दल गठित

रायपुर। भारतीय खाद्य संरक्षण एवं मानक अधिनियम अंतर्गत खाद्य पदार्थों का सर्वेलेंस के रूप में नमूना संकलित करने एवं उपभोक्ताओं और खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थों में मिलावट, पैकेजिंग एवं लेबलिंग के संबध में जनवरी 2020 में चलित प्रयोगशाला वाहन का जिलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ कार्यवाही करने हेतु दल गठित किया गया है। यह दल रायपुर, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी, रायपुर, दुर्ग, कबीरधाम, बेमेतरा, सिमगा (बलौदाबाजार) जिलों में भ्रमण और कार्यवाही करेंगे।

भिलाई ट्रिपल मर्डर केस, पति ही निकला हत्यारा

- तालपुरी कॉलोनी के घर से मंगलवार तड़के मिली थीं महिला, दो माह की बच्ची व एक पुरुष की लाश
- वारदात को अंजाम देकर फरार हुए आरोपी रवि शर्मा को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- दुर्ग पुलिस ने किया खुलासा

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। भिलाई की तालपुरी कॉलोनी में हुए ट्रिपल मर्डर की गुत्थी दुर्ग पुलिस ने सुलझा ली है। हत्याारा मृतका मंजू का पति रवि शर्मा ही निकला, जिसे दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की ओर से बुधवार को यह जानकारी दी गई।

गौरतलब है कि गौरतलब है कि मंगलवार तड़के 5:30 बजे पुलिस ने भिलाई की तालपुरी कॉलोनी स्थित एक घर से तीन शवों को बरामद किया था। इसमें एक शव महिला यानी आरोपी रवि शर्मा की पत्नी मंजू था। जबकि दो शवों में एक पुरुष व एक दो माह की बच्ची का शव शमिल था। दुर्ग एसएसपी अजय यादव ने बताया कि आरोपी रवि शर्मा वारदात को अंजाम देकर दुर्ग से निकलने वाली हमसफर एक्सप्रेस से ओडिशा के राउरकेला पहुंच गया था, उसे राउरकेला से भिलाई लाया गया। उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। गौरतलब है कि रवि ने मंजू व घर में मौजूद शख्स के हाथ पैर बांधकर उनके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया था और दोनों के शरीर को बर्तन रखने की जाली को गर्म कर जगह-जगह से जला दिया था। वहीं बच्ची की मौत के पीछे की वजह घर में फैले धुएं के कारण धम घुटना बताया जा रहा है।

खुद को मरा साबित करने के प्लान में निर्दोष को भी मार दिया

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक रवि ने मंगलवार को जिस शख्स को मौत के घाट उतारा उसका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं था। रवि पुलिस को गुमराह करने के लिए उस व्यक्ति को अपने घर ले गया था। यह व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है, जो शराब भट्ठी पर पड़ा रहता था। रवि उसे यह कहकर अपने घर ले गया था कि दोनों उसके घर में जाकर शराब पीएंगे। लेकिन घर ले जाने पर रवि ने उसकी भी हत्या कर दी। एसएसपी दुर्ग अजय यादव ने बताया कि रवि ने इस शख्स की हत्या इसलिए कि क्योंकि वह दुनिया की नजरों में खुद को मरा साबित करना चाहता था। इसलिए उसने मंजू व शख्स को जलाया भी। वह बताना चाहता था कि किसी ने लूट-पाट के इरादे से उसकी व पत्नी मंजू व बच्ची की हत्या कर तीनों के शवों को जला दिया।

पति- पत्नी के बीच होने लगा था विवाद

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, आरोपी रवि पत्नी से परेशान होकर उससे छुटकारा पाना चाहता था, इसीलिए उसने इस हत्याकांड को अंजाम दिया। दरअसल मंजू रवि की दूसरी पत्नी थी और उसे पता चल गया था कि रवि की पहले शादी हो चुकी है। इसके बाद से दोनों के बीच विवाद होने लगा था और यहीं से उसने पत्नी मंजू की हत्या की साजिश रचनी शुरू कर दी थी।

रवि शर्मा वारदात को अंजाम देने के बाद ओडिशा के राउरकेला पहुंच गया था। परिस्थितिजन्य साक्ष्यों से हमें उसके ट्रेन से ओडिशा की ओर भागने का शक हो गया था। इसलिए आरपीएएफ के साथ ही ओडिशा जीआरपी को अलर्ट कर दिया गया था। उन्हें रवि का हुलिया बताकर उसे पकड़ने के लिए कहा गया था। राउरकेला जीआरपी ने रवि के ट्रेन से उतरते ही उसे पकड़ लिया, जिसके बाद दुर्ग पुलिस उसे भिलाई लेकर आई। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

अजय यादव, एसएसपी दुर्ग

डॉक्टरों ने कंधों पर दवा लाद पार किया नाला, पहुंचे शिविर

- मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के लिए डॉक्टरों ने दिया गंभीरता का परिचय
- तीन किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचे नक्सल प्रभावित रेवाली गांव

नवप्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। प्रदेश के नक्सल प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना भी स्वास्थ्य अमले के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। ऐसे इलाकों में सेवाएं देने वाले डॉक्टरों को काफी जद्दोजहद करनी होती है। दंतेवाड़ा के कुआकोंडा विकासखंड का ही उदाहरण ले लीजिए। यहां के अरनपुर गांव में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के लिए डॉक्टरों को कंधों पर दवा की पेटियां उठाकर मलगेर नाला पार करना पड़ा। दरअसल समेली में स्थापित उपस्वास्थ्य केंद्र पोटाली के डॉक्टर अतीक अंसारी व उनका स्टाफ रेवाली गांव के लिए निकले थे। उन्हें बीच में पड़ने वाले मलगेर नाले को पार करना पड़ा। इस दौरान नाले में पानी का बहाव भी तेज था। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की इस टीम ने हार नहीं मानी और वे नाला पार कर तीन किलोमीटर पैदल चलकर रेवाली गांव पहुंचे। तब जाकर रेवाली में मलेरिया मुक्त बस्तर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हो सका।

65 मरीजों का हुआ इलाज

मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के तहत ग्राम रेवाली में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 65 मरीजों का इलाज किया गया। टीम का नेतृत्व सेक्टर प्रभारी डॉक्टर अतीक अहमद अंसारी द्वारा किया गया। साथ ही ग्रामीण मलेरिया स्वास्थ्य समिति का गठन किया गया, जिसमें गांव की मुखिया बैगा गुनिया को शामिल किया गया। गांव में मलेरिया से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग नीम के पत्ते का धुआं करना एवं गड्ढों को भरने का सुझाव दिया गया।

सीएम भूपेश ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें किया नमन

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया है। उन्होंने कहा है कि नेताजी स्वाधीनता संग्राम के अग्रणी तथा प्रमुख नेताओं में से हैं, जिन्होंने आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी। अंग्रेजों के खिलाफलड़ाई के लिए उन्होंने ''तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा'' जैसे फौलादी नारों से लोगों का आव्हान कर उन्हें जागृत किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आजाद हिंद फौज के गठन के माध्यम से उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्ष और अतुल्य योगदान के लिए नेताजी सदा याद किए जाएंगे।

राज्यपाल उईके करेंगी बहादुर बच्चों का सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य वीरता पुरस्कार के लिए चयनित बहादुर बच्चों को गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके इन बहादुर बच्चों का सम्मान करते हुए प्रशस्तिपत्र, मैडल के साथ ही नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान करेंगी।

सूत्रों ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित राज्य वीरता पुरस्कार जूरी समिति की बैठक में चार बहादुर बच्चों का चयन राज्य वीरता पुरस्कार 2019-20 के लिए किया गया। पुरस्कार के लिए चयनित बच्चों में कुमारी अंशिका साहु 7 वर्ष, पिता चंपालाल साहू वार्ड नंबर -2, नहर पारा संबलपुर जिला धमतरी, कुमारी अनन्या चौहान 13 वर्ष पिता आनंद सिंह चौहान बंजारी रोड रायपुर, राहुल पटेल 12 वर्ष पिता मंगलूराम पटेल, ग्राम चौबेबांधा तहसील राजिम जिला गरियाबंद, प्रमोद बारीक 15 साल पिता रोहित बारीक ग्राम भटली थाना सरिया जिला रायगढ़ शामिल हैं।

डिजिलॉकर और उमंग ऐप के संबंध में राज्य स्तरीय कार्यशाला आज से

रायपुर। राजधानी रायपुर के सिविल लाइंस स्थित नया विश्राम भवन कंवेंशन हाल में इंडिया एंटरप्राइज आर्किटेक्चर (IndEA) ढांचे, डिजिलॉकर और उमंग एप सम्बन्धी कार्यशाला में उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ राज्य भर से आने वाले 150 से अधिक अधिकारी भाग लेंगे। यह कार्यशाला 23 और 24 जनवरी को आयोजित की जा रही है। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फार्मेशन मंत्रालय के नेशनल ई-गवर्नेंस डिविजन द्वारा कार्यशाला में यह प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि केंद्र तथा राज्य सरकार, स्थानीय निकायों द्वारा संचालित नागरिक केन्द्रित जनउपयोगी शासकीय सेवाएं और प्रमाण पत्र उमंग के माध्यम से भारतीय नागरिकों को 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। उमंग सेवा मोबाइल एप्लिकेशन, वेब, आईवीआर और एसएमएस जैसे कई माध्यमों पर उपलब्ध कराई गई है। जिसका लाभ स्मार्टफोन, फीचर फोन, टैबलेट और डेस्कटॉप के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। कोई भी नागरिक आधार संख्या के आधार पर डिजीलॉकर खोल सकता है और नागरिक https://digilocker.gov.in पर जाकर डिजिलॉकर में अपना एकाउंट क्रियेट कर सकता है।

नक्सलियों ने ग्रामीण की गला रेतकर की हत्या

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के बांदे थाना के उलिया में नक्सलियों ने एक ग्रामीण को अगवाकर उसकी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी है। नक्सलियों ने ग्रामीण को पुलिस मित्र बताकर हत्या कर दी है। ग्रामीण की हत्या से ग्रामवासी आक्रोशित है। मृतक ग्रामीण का नाम रंजीत तिम्मा (24 वर्ष) है।

मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात 6 वर्दीधारी नक्सली रंजीत तिम्मा के घर आकर उसे उठा ले गए थे। उस पर पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए घर से कुछ ही दूरी पर गला रेतकर हत्या कर दी। नक्सलियों की भमरागड़ एरिया कमेटी ने हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए पर्चा भी फेंका है। जिसमें ग्रामीण को पुलिस का मित्र बताया है।

हालांकि नक्सल पर्चा कॉपी वाले पेपर पर लिखकर फेंका गया है, जिससे फर्जी नक्सल हत्या भी हो सकता है, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

एएसपी राजेन्द्र जायसवाल ने बताया कि उलिया गांव के रहने वाले रंजीत तिग्गा की नक्सलियों ने हत्या कर दी है। घटना की जानकारी मिलने पर बांदे पुलिस की टीम उलिया गांव के लिए रवाना हो गई है। एएसपी का कहना है कि मृतक रंजीत तिग्गा का पुलिस से कोई लेना देना नहीं था, निर्दोष ग्रामीण की हत्या कर नक्सली उसे पुलिस मित्र बता देते हैं।

मंत्री ताम्रध्वज ने आगामी बजट की तैयारियों के संबंध में ली बैठक

रायपुर। लोक निर्माण, गृह, जेल, धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज यहां रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजट की तैयारी के संबंध में विभाग-वार विस्तृत चर्चा की।

मंत्री सिंहदेव से सम्बद्ध विभागों के बजट प्रस्तावों पर की गई चर्चा

- मुख्यमंत्री निवास में सीएम बघेल की अध्यक्षता में हुई बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजट की तैयारियों के सिलसिले में आयोजित बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव से सम्बद्ध विभागों के बजट प्रस्तावों पर विभागीय मंत्री तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। बैठक में चिकित्सा शिक्षा और वाणिज्यिक कर (जी एस टी) विभागों के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। टी.एस. सिंहदेव की उपस्थिति में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव आर. पी. मण्डल, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अमिताभ जैन, अतिरिक्त मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव गौरव द्विवेदी, सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, सचिव वित्त सुसहला निगार, सचिव वाणिज्यिक कर (आबकारी एवं पंजीयन को छोड़कर) श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगले, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रबंध संचालक अभिजीत सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।